हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal samvad news

रांची, रविवार, 22 जून, 2025 वर्ष : 13 अंक : 374 मूल्य : 3 रुपए

www.koylanchalsamvad.com

चलती ट्रेन में सीट विवाद पर युवक की पीट-पीटकर हत्या...

लोकतंत्र को बचाने में मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण

दिल्ली में एक जुलाई से नया फ्यूल नियम लागू होगा

## पलामू में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की बहाली पर रोक, सीएम हेमंत सोरेन ने दिया आदेश

### नियुक्ति प्रक्रिया में विसंगतियों को लेकर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आवाज उठायी थी

**पलामू** : सीएम हेमंत सोरेन ने पलामू में फोर्थ ग्रेड की बहाली पर रोक लगा दी है. आज शनिवार को झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि नियमावली बनाकर ही बहाली की जाए, ताकि राज्य के अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सके. अभी की नियमावली से बहाली में यहां के युवाओं का विशेष लाभ नहीं मिल सकेगा. इसके बाद मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि तत्काल प्रभाव से पलामू जिले में होनेवाली चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया रोक दी जाए.



### तत्काल प्रभाव से रोकें फोर्थ ग्रेड नियुक्ति प्रक्रियाः सीएम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इससे संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि तत्काल प्रभाव से पलामू जिले में होने वाले चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया को रोका जाय. इस बीच सरकार यह तय करेगी कि ऐसी व्यवस्था तय की जाय, जिससे राज्य के प्रत्येक जिलों के स्थानीय युवाओं को चतुर्थवर्गीय पदों पर रोजगार का अवसर मिल सके.

### सीएम आवास पर जाकर मुख्यमंत्री को कराया अवगत

पलामू जिले में चतुर्थवर्गीय पदों पर होनेवाली नियुक्ति प्रक्रिया में विसंगतियों को लेकर झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आवाज उठायी थी. शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में मामला रखा था. शनिवार को झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्य सचिव अलका तिवारी से मोबाइल पर बात की थी. इसके बाद वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री के आवास पर जाकर उन्हें पूरे मामले की जानकारी दी कि एकमात्र चतुर्थश्रेणी का ही पद है, जिस पर झारखंड के विभिन्न जिलों के नौजवानों को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जा सकता है.

### फोर्थ ग्रेड में नियुक्ति की झारखंड में नहीं बनी है नियमावली

वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बताया कि झारखंड में चतुर्थवर्गीय पद पर नियुक्ति के लिए अभी कोई नियमावली नहीं बनी है. इन पदों पर जो भी नियुक्तियां की गयी हैं, वह बिहार सरकार द्वारा बनायी गयी नियमावली के आधार पर ही की जा रही है. बिहार की नियमावली से झारखंड राज्य के लोगों का भला नहीं होगा.आवश्यकता यह है कि चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति के लिए नियमावली बनाकर ही नियुक्ति की जानी चाहिए.

### कम से कम चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के पद पर मिले मौका

वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि इसके पहले पलामू जिले में चतुर्थवर्गीय पदों पर जो बहाली हुई थी, वह लिखित परीक्षा के आधार पर की गयी थी, लेकिन इस बार परीक्षा को आधार न बनाकर अंकों के आधार पर नियुक्ति के लिए शर्त निर्धारित की गयी है. पिछले दिनों लिखित परीक्षा के आधार पर चौकीदार पद पर नियुक्ति की गयी है. वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि यह सर्वविदित है कि प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में राज्य के युवक-युवतियों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है. इस दृष्टिकोण से भी यह उचित होगा कि कम से कम चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के पद पर जिले के लोगों को रोजगार मिले.

## संक्षिप्त खबरें

### दो पहिया वाहनों के लिए एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम होगा अनिवार्य

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार अगले साल जनवरी, 2026 से सभी नए निर्मित दो पहिया वाहनों के लिए एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) अनिवार्य बनाने की तैयारी कर रही है। इनमें स्कूटर, मोटरसाइकिल और बाइक शामिल होंगे। इसके अलावा, मंत्रालय एक नियम लागू करने की तैयारी कर रहा है जिसके तहत सभी टू-व्हीलर निर्माताओं और डीलरशिप को हर नए वाहन के साथ भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा प्रमाणित दो हेलमेट उपलब्ध कराने होंगे। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि ये पहल भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को कम करने में महत्वपूर्ण होंगी। एक खबर के अनुसार दो पहिया वाहन चालकों की सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में लगभग 44 फीसदी हिस्सेदारी है। इनमें से अधिकांश मौतें सिर की सुरक्षा के अभाव में लगने वाली गंभीर चोटों से जुड़ी हैं। परिवहन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, फिलहाल एबीएस केवल 125 सीसी से ऊपर की बाइक पर अनिवार्य है। यह देखते हुए कि इनमें से अधिकांश वाहन 70 किमी/घंटा से अधिक की गति से यात्रा कर सकते हैं, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि स्किडिंग और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम मौजूद हों। एबीएस को आपातकालीन ब्रेकिंग स्थितियों के दौरान व्हील लॉक-अप को रोकने के लिए डिजाइन किया गया है।





### आरबीआई ने गोल्ड लोन के नियमों में किया बदलाव

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में गोल्ड लोन के नियमों में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में बड़ा बदलाव किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अब 2.5 लाख से 5 लाख रुपये तक के गोल्ड लोन पर सोने की कीमत के 80 फीसदी तक ऋण दिया जा सकेगा, जबकि 5 लाख रुपये से अधिक के लोन के लिए यह सीमा घटाकर 75 फीसदी कर दी गई है। यह बदलाव 1 अप्रैल 2026 तक सभी संबंधित संस्थानों द्वारा लागू करना अनिवार्य होगा। गोल्ड लोन की राशि का निर्धारण सोने की शुद्धता और मार्केट कीमत के आधार पर होता है। आमतौर पर 22 कैरेट सोना गिरवी रखा जाता है। उदाहरण के तौर पर यदि 22 कैरेट सोने की प्रति ग्राम कीमत 9,000 रुपये हो, तो 10 ग्राम सोने की कुल कीमत 90,000 रुपये होगी। 75 फीसदी लोन-टू-वैल्यू के हिसाब से, आप लगभग 67,500 रुपये तक का गोल्ड लोन प्राप्त कर सकते हैं। यह राशि लोन लेने के समय सोने की मार्केट वैल्यू और शुद्धता के अनुसार थोड़ी बढ़ या घट सकती है। गोल्ड लोन लेने के लिए आप बैंक या नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) दोनों विकल्पों में से चुन सकते हैं। बैंक आमतौर पर कम ब्याज दर पर लोन देते हैं, लेकिन प्रक्रिया में थोड़ा अधिक समय लग सकता है। वहीं एनबीएफसी से गोल्ड लोन जल्दी अप्रूव हो जाता है लेकिन ब्याज दर थोड़ी ज्यादा होती है।

### रवनीत कौर बनीं सीसीआई की प्रमुख, केवल दूसरी महिला को मिला यह पद

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की चेयरपर्सन रवनीत कौर से अनौपचारिक माहौल में मिलना आसान नहीं होता। इस लंच को तय होने में कई हफ्ते लग गए। कौर एक सीनियर आईएएस अधिकारी हैं, जो 1988 बैच की पंजाब कैडर से हैं। इन दिनों वह सीसीआई में कई अहम मामलों में व्यस्त हैं — जिनमें बिग टेक कंपनियां, क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म और पारंपरिक कारोबार से जुड़े प्रतिस्पर्धा कानून के केस शामिल हैं।

**सीसीआई क्या है ?**: सीसीआई यानी कम्पीटिशन कमीशन ऑफ इंडिया एक ऐसा रेगुलेटरी बॉडी है, जिसका मकसद है बाजारों में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा बनाए रखना। इस संस्था ने हाल ही में 16 साल पूरे किए हैं, जबकि अमेरिका की फेडरल ट्रेड कमीशन 100 साल से ज्यादा पुरानी है। रवनीत कौर से मुलाकात के लिए एक शांत और उपयुक्त जगह की तलाश थी। दिल्ली के कई रेस्तरां देखने के बाद हमने इंडिया हैबिटैट सेंटर के को चुना। यह रेस्तरां सिर्फ आईएचसी के मेंबर्स और उनके गेस्ट्स के लिए खुला होता है। यह अपनी मेडिटेरेनियन डिशेज़, स्विमिंग पूल के किनारे का खूबसूरत लोकेशन और शांति भरे माहौल के लिए मशहूर है।

### हेमंत सोरेन की सौगात से खिले चेहरे

## रांची में 79 हजार से अधिक लाभुकों के खाते में आए 9.88 करोड़ रु.

**रांची**: राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (मंईयां सम्मान योजना) के तहत रांची जिले में लाभुकों को दूसरे चरण में अप्रैल माह की सम्मान राशि का भुगतान कर दिया गया है. दूसरे चरण में कुल 79 हजार 553 लाभुकों के बैंक खाते में 2500 रुपये की सम्मान राशि का भुगतान किया गया है. सभी लाभुकों के बीच आधार बेस्ड बैंक खाते में 9 करोड़ 88 लाख 82 हजार 500 की राशि का भुगतान किया गया है.

### दोनों चरणों में 104 करोड़ से अधिक का वितरण

इससे पहले 04 जून को रांची जिले में प्रथम चरण में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के 3 लाख 40 हजार 63 लाभुकों के खाते में 85 करोड़ 01 लाख 57 हजार 500 की राशि का आधार बेस्ड भुगतान किया गया था. दोनों चरणों में अब तक 4 लाख 19 हजार 616 लाभुकों के बीच 104 करोड़ 90 लाख 40 हजार की सम्मान राशि उनके खाते में हस्तांतरित कर दी गयी है.

रांची जिले में भौतिक सत्यापन का कार्य जारी है. जिनका भौतिक सत्यापन लंबित है, वो आंगनबाड़ी सेविका से संपर्क कर तथा सत्यापन प्रपत्र प्राप्त कर अपने भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं.


## झारखंडवासियों के इलाज में अब पैसा नहीं बनेगी बाधाः सीएम

**रांची**: सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि अबुआ सरकार में झारखंडवासियों के इलाज में अब पैसा नहीं बनेगी बाधा. हर पात्र परिवार को इलाज के लिए 15 लाख तक का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा. सीएम ने अपने संदेश में कहा है कि राज्य के सभी लाल, पीला और हरा राशन कार्डधारी इस योजना के अंतर्गत शामिल हैं. आप bis.jharkhand.gov.in पर जाकर घर बैठे अपना कार्ड बनवायें.

### नशाखोरी एक सामाजिक अभिशाप

राज्य सरकार ने अपने दूसरे संदेश में कहा है कि नशाखोरी एक सामाजिक अभिशाप है, जो व्यक्ति को हिंसक, परिवार की आर्थिक स्थिति को बर्बाद, शरीर को बीमारियों से ग्रसित और अंत में जीवन को अंधकार में धकेल देती है. इसलिए नशे से दूरी बनाएं और अपने परिवार, समाज और भविष्य को सुरक्षित करें. अधिक जानकारी के लिए 14446 पर संपर्क करें.

## पीएम मोदी ने विशाखापट्टनम में योग कियाः बोले- तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग पॉज बटन जैसा



**नई दिल्ली/विशाखापत्तनम**: दुनियाभर में शनिवार को 11वां योग दिवस मनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने विशाखापट्टनम में 3 लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिक के साथ योग किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि योग का मतलब होता है- जोड़ना। और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा है। मोदी ने कहा कि आज जब दुनिया में अशांति, तनाव और अस्थिरता बढ़ रही है, तो योग शांति की दिशा दिखाता है। यह पॉज बटन जैसा। पीएम के साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने भी योग किया। इस बार की योग की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। इंडियन काउंसिल फॉर कल्चर रिलेशन्स के मुताबिक, 191 देशों में 1,300 जगहों पर 2,000 से ज्यादा योग कार्यक्रम हुए।

**योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बना**: पीएम मोदी ने कहा- आज योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है। मुझे गर्व होता है जब मैं देखता हूं कि हमारे दिव्यांग साथी ब्रेल में योग शास्त्र पढ़ते हैं। वैज्ञानिक अंतरिक्ष में योग करते हैं।

**योग सभी का है, सभी के लिए है**: पीएम ने कहा कि अभी नेवी के जहाज में भी योगा कार्यक्रम चल रहा है। चाहे ओपेरा हाउस की सीढ़ियां हों, या एवरेस्ट की चोटियां, या समुंदर का विस्तार हो एक ही संदेश आता है कि योग सभी का है और सभी के लिए है।

### झारखंड राजभवन में राज्यपाल ने किया योगाभ्यास, सीएम ने दी शुभकामनाएं...





**रांची**: 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' पर पूरा विश्व, योग के रंग से सराबोर है. भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने साल 2015 में 'योग' को मान्यता दी थी. तब से हर साल 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मनाया जाता है. 11 वर्षों के इस सफर में योग से जुड़ने वालों का कारवां बढ़ता जा रहा है. इस कड़ी में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने राजभवन के अधिकारियों और कर्मियों के साथ योगाभ्यास किया. वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट साझा कर योग दिवस की सबको शुभकामनाएं प्रेषित की हैं.

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री का संदेशः** राजभवन के बिरसा मंडप में राज्यपाल संतोष गंगवार ने सामूहिक योगाभ्यास किया. इसमें स्कूली बच्चों को भी आमंत्रित किया गया. राज्यपाल ने कहा कि योग भारत की ओर से सम्पूर्ण विश्व को दिया गया एक अनुपम उपहार है. यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के सामंजस्य का विज्ञान है. योग जीवन को संतुलित करने की कला है और इसके अभ्यास से हम स्वस्थ शरीर, शांत चित्त और ऊर्जावान जीवन की ओर अग्रसर होते हैं. राज्यपाल ने स्कूली बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि योग बच्चों और युवाओं के लिए केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि एकाग्रता, आत्मबल और अनुशासन का भी माध्यम है. इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कहा कि प्रकृति के साथ एकात्मता, संयम और सहजता, यही हमारी संस्कृति है और यही योग का वास्तविक स्वरूप भी है.

### राहुल ने मेक इन इंडिया को असेंबल्ड इन इंडिया कहा

## मैन्युफैक्चरिंग 10 साल में सबसे नीचे, बेरोजगारी सबसे ज्यादा, पीएम मोदी सिर्फ नारे उछाल रहे

**नई दिल्ली**: लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दो स्किल्ड युवाओं शिवम और सैफ से मुलाकात की। इसका वीडियो उन्होंने X पर शेयर किया। इसमें उन्होंने पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी 'मेक इन इंडिया' स्कीम पर सवाल उठाए। वीडियो पोस्ट करते हुए उन्होंने X पर लिखा- मेक इन इंडिया स्कीम से देश में प्रोडक्शन बढ़ाने का दावा किया गया था, लेकिन मैन्युफैक्चरिंग रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और बेरोजगारी सबसे ज्यादा है। 2014 से देश में मैन्युफैक्चरिंग 14% घटी है और चीन से इम्पोर्ट दोगुना हुआ है। उन्होंने लिखा- मोदी जी ने समाधान नहीं, नारे लगाने की कला में महारत हासिल की है। सच्चाई यह है कि हम असेंबल करते हैं, इम्पोर्ट करते हैं, लेकिन मैन्युफैक्चरिंग नहीं करते। इससे चीन को फायदा होता है। राहुल ने इलेक्ट्रॉनिक गैजेट



रिपेयर करने वाले दो युवाओं से नई दिल्ली के नेहरू प्लेस में मुलाकात का वीडियो शेयर किया था। वीडियो में राहुल दोनों से उनके काम के बारे में जानकारी लेते नजर आ रहे हैं। राहुल ने उनसे पूछा कि मोबाइल में लगने वाले कितने पार्ट भारत में बनते हैं और कितने चीन से आते हैं। इस पर उन्होंने कहा- सारा सामान चाइनीज है। अपनी पोस्ट में राहुल ने देश के इकोनॉमिक मॉडल की आलोचना करते हुए लिखा- पीएम मोदी के पास कोई नया आइडिया नहीं हैं।

## रांची-मुरी मार्ग पर यात्रियों से भरी सवारी गाड़ी पलटी, एक दर्जन घायल

रांची : झारखंड की राजधानी रांची में शनिवार 22 जून 2025 को सड़क दुर्घटना में एक दर्जन लोग घायल हो गये. रांची-मुरी मार्ग पर चमघाटी में शनिवार सुबह यात्रियों से खचाखच भरी एक सवारी गाड़ी पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. इसमें एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये. अजयगढ़ सिल्ली से रांची जा रहा सवारी वाहन चमघाटी में अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरा. घटना के बाद ग्रामीणों ने घायलों को






वाहनों से सीएचसी भेजा. इस दुर्घटना में गोड़ाडीह की शिवानी देवी (30), रीता देवी (40), अनिल महतो (45), लालचंद महतो (40), मलिका देवी (26), सुलोचना देवी (40), रोशना देवी (46), त्रिलोचन महतो (30), रीता देवी (40), लोवाडीह की अंजू देवी (30), अजयगढ़ का गोराई मुंडा (45), रवींद्र मुंडा (28) और निर्मला देवी (44) घायल हो गयीं.

## अहमदाबाद हादसा-एअर इंडिया के 3 अफसरों को हटाने का आदेशः डीजीसीए ने एयरलाइन से 10 दिन में रिपोर्ट मांगी; हादसे में 270 मौतें हुई थीं

**नई दिल्ली**: अहमदाबाद हादसे के बाद डीजीसीए ने शनिवार को एअर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया। इनमें डिविजिनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लॉनिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं। तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। डीजीसीए ने एअर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया।

उधर, एअर इंडिया ने कहा कि डीजीसीए के आदेश को लागू कर दिया गया है। कंपनी के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर अगले आदेश तक इंट्रीग्रेटेड ऑपरेशन्स कंट्रोल सेंटर की सीधी निगरानी करेंगे। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, आदेश 20 जून को दिया गया था, जो आज सामने आया। यह फैसला अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे के बाद लिया गया। लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था, जिससे यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे।



### तीनों अफसरों पर 3 आरोप

- नियमों के खिलाफ जाकर क्रू पेयरिंग करना।
- अनिवार्य उड़ान अनुभव और लाइसेंसिंग नियमों का उल्लंघन करना।
- शेड्यूलिंग प्रोटोकॉल का पालन नहीं करना।

डीजीसीए ने यह निर्देश भी दिए

- एअर इंडिया इन अधिकारियों को क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़ी सभी जिम्मेदारियों से तत्काल हटाए। इन अधिकारियों के खिलाफ इंटर डिसिप्लिनरी एक्शन तुरंत शुरू करे। 10 दिन में डीजीसीए को रिपोर्ट दे।
- इन अधिकारियों को जब तक सुधारात्मक प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक नॉन-ऑपरेशनल पदों पर ट्रांसफर किया जाए और इन्हें किसी भी फ्लाइट सेफ्टी या क्रू अनुपालन जुड़ी पोस्ट पर काम करने की परमिशन न दी जाए।
- भविष्य में क्रू शेड्यूलिंग, लाइसेंसिंग या फ्लाइट समय से जुड़े किसी भी नियम का उल्लंघन पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिसमें जुर्माना, लाइसेंस निलंबन या ऑपरेटर परमिशन कैंसिल करना शामिल हो सकता है।

### 10 दिन से लगातार कैंसिल हो रहीं एअर इंडिया की फ्लाइट्स

एयर इंडिया की फ्लीट में 33 बोइंग 787-8/9 विमान हैं। हालांकि पिछले 10 दिन से लगातार इसकी फ्लाइट्स कैंसिल हो रही हैं। 12 से 17 जून के बीच एअर इंडिया ने बोइंग 787 की फ्लाइट्स को मिलाकर 69 उड़ानें रद्द कीं। 18 जून को 3 और 19 जून को 4 फ्लाइट्स कैंसिल की गईं। 20 जून को 8 फ्लाइट्स कैंसिल हुईं। कुल मिलाकर 20 जून तक 9 दिन में 84 फ्लाइट्स रद्द हुईं। 19 जून को ही वियतनाम जा रहे एअर इंडिया के AI388 (एयरबस ए320 नियो विमान) को बीच रास्ते से दिल्ली बुलाया गया। प्लेन में तकनीकी खामी का पता चला था। इसके अलावा, दिल्ली से पुणे जा रही एक फ्लाइट से पक्षी टकरा गया था, जिसके चलते विमान की रिटर्न जर्नी कैंसिल कर दी गई थी।

## इजराइल ने ईरानी सेना के 3 कमांडरों को माराः इस्फहान न्यूक्लियर साइट पर भी हमला

**तेहरान/तेल अवीव**: इजराइल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज 9वां दिन है। इजराइली सेना ने शनिवार को ईरानी सेना के 3 कमांडरों को मारने का दावा किया है। इनमें ड्रोन यूनिट, IRGC कुद्स फोर्स और IRGC के फिलिस्तीनी मामलों से जुड़े अधिकारी शामिल हैं। इजराइल ने ईरानी शहरों- खोरमाबाद , कोम, इस्फहान पर भी मिसाइलें दागीं। इसमें 5 लोगों की मौत और 4 घायल हो गए। वहीं, ईरान ने शनिवार सुबह इजराइल में तेल अवीव समेत दूसरे शहरों पर मिसाइल हमले किए। हालांकि, इनमें कोई हताहत नहीं हुआ। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वे इजराइल को जंग रोकने के लिए नहीं कहेंगे। फिलहाल इजराइल जंग में आगे है। इस वजह से उसे रोकना मुश्किल है।

इजराइल ने 13 जून की सुबह ईरान पर सबसे पहले हमला किया था। बीते 8 दिनों में ईरान में अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। इजराइल में 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं।

**इजराइल ने इस्फहान न्यूक्लियर साइट पर हमला किया**

इजराइल ने शनिवार सुबह ईरान के इस्फहान न्यूक्लियर साइट पर हमला किया है। यह दावा ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स न्यूज ने किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल के हमले के बाद किसी लीक की सूचना नहीं है। आईडीएफ के प्रवक्ता इफी डफरिन ने बताया कि इस्फहान में परमाणु साइट पर यह दूसरी बार हमला किया गया है। इस बार न्यूक्लियर साइट के एक सेंट्रीफ्यूज पर बमबारी की गई है। इजराइल इससे पहले भी कई बार ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बना चुका है। इजराइल ने 19 जून को ईरान के अराक और खोंडब न्यूक्लियर साइट को निशाना बनाया था।

**ईरान में रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के 4 जवान मारे गए**

ईरान में एक ट्रेनिंग सेंटर पर इजराइली हमले में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के चार लड़ाके मारे गए है। ईरान की आईएसएनए न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इजराइल ने तबरीज में आईआरजीसी के एक ट्रेनिंग सेंटर पर हमला किया था। इसमें तीन जवान घायल भी हो गए है। इजराइल के हमले में एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट की मौत हो गई है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, साइंटिस्ट और उनकी पत्नी की मौत दो दिन पहले तेहरान में एक अपार्टमेंट पर ड्रोन हमले में हुई थी। साइंटिस्ट की पहचान इसार तबातबाई-कमशेह के तौर पर की गई है।

# संक्षिप्त खबरें

## लीला गुरुकुल तुर्कबाद में मनाया गया योग दिवस



**बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तुर्कबाद चौक स्थित लीला गुरुकुल में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया।निदेशक जितेन्द्र प्रसाद ने छात्र छात्राओं को योग के महत्व के बारे में जानकारी दी।उन्होंने योग को निरंतरता, मानसिक तनाव से राहत, स्वास्थ्य सुधार और आत्मविश्वास का एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में बताया।शिक्षक कुमार सौरभ पांडेय ने योग के लाभों की व्याख्या किया।अजय कुमार चौधरी ने योग के माध्यम से स्वस्थ, सुखी और सक्रिय जीवन का महत्व बताया।उन्होंने योग के माध्यम से हमारे दिमाग, शरीर और आत्मा को संतुलित रखने की महत्त्वपूर्णता पर जोर दिया. कार्यक्रम में शिक्षिका अंशु पांडे, पूजा कुमारी, विद्या चौधरी, मनीषा चौधरी, कुमकुम बर्नवाल, प्रेम सागर, अजय चौधरी, शशि कुमार समेत सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सनराइज मॉडल पब्लिक स्कूल में मना योग दिवस



**बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तुर्कबाद चौक स्थित सनराइज मॉडल पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया।निदेशक सुरेश नायक के नेतृत्व में सभी बच्चे और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यालय प्रांगण में योगाभ्यास किया। शिक्षक एसलाल चौधरी ने सभी के साथ योगासन स्थिति में ओम ध्वनि का उच्चारण कर विधिवत तरीके से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत किया. मौके पर अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम, शीर्षासन, चक्रासन, सूर्य नमस्कार जैसे विभिन्न आसन में योग किया. शिक्षक चंद्रदेव प्रसाद में योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग करें, निरोग रहे का मूल मंत्र बताया।कार्यक्रम में प्रवीण मोदी, चंद्रदेव प्रसाद, पिंटू साव, मुकेश साव, अर्जुन कुमार, अमित राय, बसंत मोदी, निकिता कुमारी ,खुशबू देवी, गौरा देवी, रिंकू देवी समेत अन्य लोग शामिल थे।

## जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में मना योग दिवस



**बड़कागांव (हज़ारीबाग)।** बड़कागांव प्रखंड में संचालित जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के सभागार भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लखन महतो एवं वरिष्ट शिक्षिका विमला कुमारी के नेतृत्व में किया गया। योग शिक्षक अमित सिंह ने छात्राओं को अनेक प्रकार के योग का अभ्यास कराया। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों ने योग का अभ्यास किया। योगाभ्यास में सूर्य नमस्कार, कपालभाति,वज्रासन, ताड़ासन, उष्ट्रासन, भुजागासन ,अर्ध चक्रासन, शीतल प्राणायाम, मकरासन एवं अन्य प्रकार के योग का अभ्यास कराया गया। वहीं प्रधानाध्यापक राम लखन महतो ने कहा कि योग करने से लोग निरोग रहते हैं इसलिए सभी व्यक्ति को प्रत्येक दिन योग करना चाहिए। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लखन महतो वरिष्ठ शिक्षिका विमला कुमारी योग शिक्षक अमित सिंह सहायक शिक्षक अशोक कुमार ,अख्तर हुसैन ,शोभा कुमारी, कुलदीप कुमार साहू ,शंकर महतो ,शंकर राणा ,कुमारी मीना वर्मा, जितेंद्र कुमार ,प्रमिला देवी, अर्जुन सिंह एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रखंड मुख्यालय परिसर में योग दिवस का आयोजन



**बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।** बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।योगा कार्यक्रम में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग,अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा,जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण एक साथ भाग लेकर सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया. योग शिक्षक महेंद्र प्रसाद के द्वारा सूर्य नमस्कार, कपालभाति,अनुलोम-विलोम समेत कई आसनों का अभ्यास कराया. विधायक अमित यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में भारत ने योग को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई है।आज पूरी दुनिया योग के रंग में रंगी है योग केवल स्वास्थ्य का नहीं,अनुशासन और समरसता का भी प्रतीक है तथा यह हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को विश्व तक पहुंचाने का माध्यम बना है।इस अवसर पर केदार साव, रीतलाल प्रसाद, बिंदु सोनी, संजय गुप्ता, दिलीप कुमार दास, गुलजार अली, बलदेव यादव, राजकुमार यादव, उमेश प्रसाद समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## बड़कागांव अंचल कार्यालय में मनाया गया योग दिवस



**बड़कागांव(हज़ारीबाग)।** प्रखंड के अंचल कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग का आयोजन किया गया। अंचल कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अंचला अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि योगासन और प्राणायाम का निरंतर अभ्यास से मानव शरीर और बौद्धिक स्वास्थ्य हमेशा स्वस्थ रहता है, और योग अभ्यास को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचल अधिकारी मनोज कुमार, हीरो महतो,अरुण पासवान, अनंत कुशवाहा, रवि कुमार,चाणक्य कुमार, अलका कुमारी ,रवि कुमार, कृष्ण कुमार रामकुमार, गोपाल कुमार ,अजीत कुमार विकास कुमार, शामिल थे।

# विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्रों में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस, कई लोगो ने किया योगाभ्यास

## पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने भी योग किया



**संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्रों में अंतराष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को मनाया गया। लोगो ने अलग-अलग जगहों पर योगभ्यास किया। योग कार्यक्रम का आयोजन कई राजनीतिक कार्यालय,प्रसाशनिक कार्यालय,लालगढ़ ,बघमनवा,सिगसिगी,तोलरा,गुरहा कला सहित कई पंचायत सचिवालय,सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में किया गया। मदर व्यू एकेडमी में बच्चों ने भी योग किया। सभी जगहों पर बतौर प्रशिक्षक लोगो को योगाभ्यास कराया। इधर नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज में झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने भी योग किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा की योग करने से शरीर निरोग रहता है। योग असंभव कार्य को भी संभव बनाता है। योग करने से मन को शांति मिलती है। उन्होंने लोगो को प्रतिदिन योगा करने के लिये प्रेरित किया। कहा कि योग करने वाले लोगो के चेहरे पर हमेशा मुस्कान छाई रहती है। योग करने वाले किसी भी उम्र के व्यक्ति को दवा की जरूरत नही पड़ती है। योग हर उम्र में लोगो को स्वस्थ्य रखता है। प्रशिक्षकों ने लोगो को सूर्य नमस्कार,आलोम - विलोम,कपाल भारती,त्रिकोण आसन सहित कई आसन के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया। कहा कि प्रतिदिन नियमित योग करने से सभी निरोग रहेंगे। योग से सिर्फ शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक स्थिति भी ताकतवर होती है। वही अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ• राजेंद्र कुमार,डॉ• अरविंद कुमार,डॉ• रोहित रजक,डॉ• शशिकांत सुमन,बैम मृगेंद्र कुमार सिंह व बीपीएम पंकज कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। मौके पर बघमनवा पंचायत के मुखिया मंजू देवी,किरण देवी,धर्मेंद्र चौधरी,मनीष कुमार,पिंटू चौधरी,भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## एनटीपीसी ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एकजुटता और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए मनाया



**बड़कागांव (हज़ारीबाग)।** एनएमएल की पकरी बरवाडीह और चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजनाओं ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एकजुटता और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए मनाया। यह आयोजन सिकरी टाउनशिप स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मनोरंजन केंद्र और हजारीबाग स्थित डीवीसी बैडमिंटन कोर्ट में किया गया, जिसमें दोनों परियोजनाओं के कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

दोनों स्थानों पर प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों के कुशल मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विविध योग आसनों का अभ्यास किया। इस वर्ष की थीम "योग एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए" को अपनाते हुए, कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि व्यक्ति का स्वास्थ्य और पृथ्वी का स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। यह थीम सतत जीवनशैली को अपनाने में योग की भूमिका को रेखांकित करती है। इस अवसर की गरिमा को बढ़ाया सुब्रत कुमार दाश, प्रमुख - परियोजना (पकरी बरवाडीह, पीबी-एनडब्ल्यू सीएमपी) और पवन कुमार रावत, महाप्रबंधक – कोयला प्रेषण एवं बिलिंग (चट्टी बरियातू) ने, जिनके साथ विभागाध्यक्षगण भी उपस्थित रहे।एनएमएल की ये दोनों परियोजनाएं अपने कर्मचारियों की भलाई और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर बनाए हुए हैं और ऐसे आयोजनों से वे कर्मचारियों में एक नई उत्साह का संचार करते हैं।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में योग कार्यक्रम आयोजित



**कोयलांचल संवाद संवाददाता, चतरा :** जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर जिले भर से छात्र-छात्राएँ, आमजन, प्रशासनिक अधिकारी, स्वयंसेवी संगठन एवं योग प्रशिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह शामिल हुए। उनके साथ माननीय विधायक, चतरा विधानसभा क्षेत्र जनार्दन पासवान एवं उपायुक्त कीर्तिश्री जी भी उपस्थित रहीं। इन सभी गणमान्य अतिथियों ने मंच साझा किया और स्वयं योगाभ्यास में सक्रिय सहभागिता दी। कार्यक्रम में प्रातः 6:00 बजे सामूहिक योगाभ्यास की शुरुआत, योग प्रशिक्षकों द्वारा निर्देशित विविध योगासन, "योग से निरोग" विषय पर संबोधन, आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य परामर्श एवं प्रदर्शनी, बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों की विशेष भागीदारी रही।

## अनियंत्रित होकर बोलेरो पलटा चार घायल, तीन गंभीर



**को. सं. संवाददाता, गिद्धौर(चतरा):** थाना क्षेत्र के बायं मोड़ के समीप एक अनियंत्रित बोलेरो वाहन शनिवार शाम को पलट गया।जिससे बोलेरो वाहन में बैठे चार लोग जख्मी हो गए। घायलों में तीन हालत गंभीर है। गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही गिद्धौर थाना से सहायक अवर निरीक्षक रंजय कुमार सिंह दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।वहीं क्षतिग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में लिया। बताया जता है की बोलेरो वाहन हजारीबाग की ओर से चतरा की ओर जा रही थी इसी क्रम में बायं मोड़ के समीप एक मारुति वैन से ओवर ट्रेक करने लगा जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया। और विपरित दिशा में वन विभाग द्वारा कटे गये ट्रेंच में पलट गया।

## 29 जून को होगा सांसद तीर्थ दर्शन योजना का शुभारंभ

## सांसद मनीष जायसवाल की है अनूठी पहल, बुज़ुर्गों के सम्मान में कराएंगे चार धाम की यात्रा




**हज़ारीबाग।** हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल सरकार की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन और क्षेत्र के विकास के साथ अपनी लिक से हटकर सोचने और जनहित में व्यक्तिगत स्तर पर योजनाओं के संचालन के लिए अलग पहचान रखते हैं। इस बार उन्होंने एक अनोखी पहल करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्गों के सम्मान में उन्हें उत्तर प्रदेश के चार धाम की यात्रा कराने का सकारात्मक निर्णय किया है और इसके लिए उन्होंने प्रेस-वार्ता कर बीते दिनों वैधानिक रूप से घोषणा भी कर दी है। सांसद मनीष जायसवाल ने इस योजना को सांसद तीर्थ दर्शन नाम दिया है। जिसके तहत उत्तरप्रदेश के प्रसिद्ध वाराणसी, प्रयागराज (संगम), विंध्याचल और अयोध्या दर्शन कराया जाएगा। उन्होंने इसके लिए बजाते एक वातानुकूलित बस की व्यवस्था की है जिसमें एक बार में कुल 65 लोग आराम से यात्रा कर सकेंगे। सांसद मनीष जायसवाल की इस महत्ती योजना का विधिवत् शुभारंभ आगामी 29 जून 2025 को हजारीबाग के प्रसिद्ध तीर्थस्थल नृसिंह स्थान से प्रथम जत्थे के रवानगी के साथ होगा और इसकी तैयारी भी उन्होंने पुरजोर तरीके से शुरू कर दी है। एक और जहां हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों को विभिन्न माध्यमों से निमंत्रण प्रेषित किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर खुद सांसद मनीष जायसवाल भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और संगठन के दायित्वों पदाधिकारी से मिलकर उन्हें निमंत्रण पत्र भेंट कर रहे हैं और इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह भी कर रहे हैं ।

## निरोग रहने व तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए योग को दिनचर्या में शामिल करें: प्रधान जिला जज



**जमशेदपुर ।** व्यवहार न्यायालय के लोक अदालत हॉल में विश्व योग दिवस पर 21 जून को आयोजित योगा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय अरविंद कुमार पांडेय ने सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं एवं योग को दैनिक जीवन में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि मन और आत्मा को भी संतुलित करता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने योग को विश्व पटल पर प्रतिष्ठा दिलाई है, और यह अब एक वैश्विक स्वास्थ्य समाधान के रूप में स्वीकार किया जा चुका है। योग निरोग रहने व तनावमुक्त जीवन जीने का सबसे प्रभावी साधन है। उन्होंने योगा कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों से आग्रह किया कि वे स्वस्थ, अनुशासित एवं संतुलित जीवन हेतु योग को अपनाएं। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षकों द्वारा योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायामों का अभ्यास कराया गया एवं योग से संबंधित उपयोगी जानकारी भी दी गई। उक्त कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव धर्मेन्द्र कुमार के सफल नेतृत्व में संपन्न की गई । योगा कार्यक्रम में प्रधान जिला जज के साथ व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायायिक पदाधिकारियों सहित कोर्ट व डालसा के स्टाप एवं पीएलवी शामिल थे ।

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ" (एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग) है, जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के मध्य गहरे संबंध को दर्शाती है। यह थीम योग के पारंपरिक ज्ञान को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़ते हुए वैश्विक एकता, शांति और करुणा का संदेश देती है।

वहीं डालसा सचिव धर्मेन्द्र कुमार ने कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय पोटका में भी शिरकत कर बच्चियों के साथ योग दिवस मनाया और विश्व योग दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला।

## मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी का पुनर्गठन, आजम सिद्दीकी चौथी बार बने सदर

**संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नगर परिषद के दर्जी मुहल्ला में शनिवार को मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी की एक बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता व संचालन इस्माइल खलीफा ने किया। बैठक में मुहर्रम पर्व को धूमधाम से मनाने व मुहर्रम जुलूस को इसबार भव्य रूप से निकालने का निर्णय लिया गया। मुहर्रम जुलूस के सफल आयोजन व संचालन हेतु मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से चौथी बार मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी का सदर आजम सिद्दीकी को बनाया गया। जबकि जावेद खलीफा को सेकेट्री,आशिफ सिद्दकी को खजांची,इस्लाम खलीफा को नाइफ सदर व मुन्ना हवारी को नाइफ सेकेट्री का पदभार सौंपा गया। वहीं 12 लोगो को मेंबर में रखा गया है। बैठक में कई लोग मौजूद थे।

## डुमरी विधायक जयराम महतो बड़कागांव में कार्यकर्ता सम्मेलन को करेंगे सबोधित



**बड़कागांव(हज़ारीबाग)।** हजारीबाग पथ के 13 माइल के पास एनटीपीसी में कट ऑफ डेट में संशोधन एवं अन्य मांगों को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरना में जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो बड़कागांव में शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी जेएलकेएम के जिला प्रवक्ता हजारीबाग - ईश्वर कुमार महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि धरना स्थल में ग्रामीणों को संबोधित करने के बाद बड़कागांव गुरुदयाल महतो बालिका उच्च विद्यालय के सभागार भवन में पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ कार्यकर्ता सम्मेलन और सदस्यता ग्रहण को करेंगें सम्बोधित दुसरे दलों को छोड़कर कई लोग जेएलकेएम पार्टी का थामेंगे दामन।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची**

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0 / राँची–06 / 2025–26 दिनांक :– 21.06.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | बरियातु पथ से जिमखाना क्लब तक भाया मेडिका हॉस्पिटल (कुल लम्बाई–1.00 कि0मी0) पथ के IRQP / मजबूतीकरण कार्य वर्ष 2025–26. |
| 2. | प्राक्कलि राशि (रू0 लाख में) | रू0 142.55478 लाख (रूपये एक करोड़ बयालीस लाख पचपन हजार चार सौ अठहत्तर) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 2.86 लाख (रूपये दो लाख छयासी हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 (तीन) महीना |
| 5. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 23.06.2025 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय | 14.07.2025 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने तिथि / समय | 15.07.2025 12.30 बजे |
| 8. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल राँची, मोहराबादी, राँची–834008. |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए UCAN निबंघन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तें के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

PR 355682 Road Construction Dept
Road Division Ranchi (25-26)_D

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगदा आश्रम में क्रियायोग का परिचय



**रांचीः** विश्वभर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर, योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया (वाईएसएस) के रांची आश्रम ने इस दिन 'क्रियायोग ध्यानः एक परिचय' विषय पर आधारित एक विशेष निर्देशित ध्यान सत्र का आयोजन किया। यह सत्र वाईएसएस के एक वरिष्ठ संन्यासी स्वामी चैतन्यानन्द गिरि द्वारा संचालित किया गया। वाईएसएस के संस्थापक और विश्व के सबसे प्रशंसित आध्यात्मिक श्रेष्ठ ग्रंथों में से एक, 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानन्द के भक्तों समेत अन्य लोगों ने सत्र में अपनी रुचि दिखाई और सैकड़ों कि संख्या मे भाग लिया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को विश्व स्तर पर मनाया जाता है, और इस वर्ष भी इसे वैश्विक स्वास्थ्य और शांति को बढ़ावा देने के लिए दुनिया भर में मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र ने 2014 में वैश्विक शांति, स्वास्थ्य और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए योग को मान्यता दी और इस दिवस को अपनाया था।

उपस्थित लोगों को 'क्रियायोग' से परिचित कराते हुए, स्वामी चैतन्यानन्द ने समझाया कि क्रियायोग केवल मन को शांत ही नहीं करता है — यह सर्वोच्च आध्यात्मिक उपलब्धि की दिशा में हमारी प्रगति को तेज करने का एक पवित्र मार्ग है। शनिवार शाम को आश्रम के शांत और सुखदायक परिसर में 'श्रोताओं' को संबोधित करते हुए, स्वामीजी ने 'क्रियायोग' का परिचय देते हुए कहा, "योगानन्दजी ने इसे ईश्वर-साक्षात्कार की सबसे तीव्र और सबसे सीधे मार्गों में से एक बताया था, और इसका अभ्यास साधक को गहन आंतरिक शांति, श्वास एवं मन की निश्चलता, और आनंदमय दिव्य अनुभूति का अनुभव करने में सक्षम बनाता है।" उन्होंने कहा, "क्रिया योग आत्मा के विकास की गति को तीव्र करता है।" परमहंस योगानन्द ने कहा था, "क्रिया का [एक] आधा मिनट [का अभ्यास] प्राकृतिक आध्यात्मिक विकास के एक वर्ष के बराबर होता है।" योगानन्दजी के ये शब्द स्वयं 'क्रिया योग' की शक्ति को स्पष्ट करते हैं।

यद्यपि कोई भी 'क्रिया योग' का अभ्यास कर सकता है, इसे एक गुरु के मार्गदर्शन में ही सीखना चाहिए। योगानन्दजी ने क्रिया योग दीक्षा की तैयारी के लिए साधकों को विभिन्न प्रविधियों में मार्गदर्शन करने हेतु 'योगदा सत्संग पाठमाला—एक व्यापक गृह-अध्ययन पाठ्यक्रम' (Home Study Series)—तैयार की है।

स्वामीजी ने विस्तार से बताया कि कैसे 'क्रिया योग' मेरुदण्ड और मस्तिष्क में वैज्ञानिक ढंग से प्राण शक्ति को पुनः प्रेषित करके तनाव को दूर करने में मदद करता है, जिससे भावनात्मक कष्टों से और तनाव से भी मुक्ति मिलती है।

प्रवचन के बाद स्वामीजी ने निर्देशित ध्यान का सत्र आयोजित किया। संगठन के देशव्यापी आश्रमों, केंद्रों और मंडलियों में वाईएसएस यूट्यूब चैनल पर सैकड़ों अन्य भक्त भी कार्यक्रम के सीधे प्रसारण में शामिल हुए।

# बाबूलाल मरांडी ने कहा- फिट इंडिया व स्वस्थ इंडिया बनाने में योग का होगा बहुत बड़ा योगदान

**रांची** : रांची के चुटिया मंडल में योगाभ्यास के बाद नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि योग भारत की सांस्कृतिक विरासत है. इसे नरेंद्र मोदी के प्रयासों ने विश्व पटल पर प्रतिष्ठापित किया है. भारत ने कोरोना काल में भी इस मंत्र को सार्थक किया. कोरोना के टीके विश्व के अनेक देशों में भारत ने भेजे. उन्होंने कहा कि फिट इंडिया ,स्वस्थ इंडिया बनाने में योग का बहुत बड़ा योगदान होगा. उन्होंने लोगों को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया. भारतीय संस्कृति विश्व बंधुत्व का भाव रखती है. इस वर्ष का थीम ही है एक विश्व ,एक स्वास्थ्य.यह सर्वे भवन्तु निरामया पर ही आधारित है.

### योग हमारी विरासत और परंपरा है: कर्मवीर

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि योग साधना है,योग विज्ञान है,योग हमारी विरासत है,परंपरा है. कहा कि आज दुनियां भर में योग की स्वीकृति भारत की सनातन संस्कृति परंपरा की स्वीकृति है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से नियमित योगाभ्यास से जुड़ने का आह्वान किया. कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि योग एक ऐसी विधा है जो केवल तन को ही निरोगी और स्वस्थ नहीं बनाती बल्कि चारों पुरुषार्थ धर्म अर्थ काम मोक्ष को सिद्ध करने में सहायक सिद्ध होती है.

### योग दिवस पर इन नेताओ ने किया योगाभ्यास

प्रदेश भाजपा ने शनिवार को मंडल स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा,रघुवर दास, चंपाई सोरेन, सांसद दीपक प्रकाश, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह सहित प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायकगण सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने योगाभ्यास कर योग की महत्ता पर प्रकाश डाला.





## 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



**संवाददाता रांची**: श्रीराम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, रांची में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उल्लासपूर्ण वातावरण में महाविद्यालय के मल्टीपरपज़ हॉल में मनाया गया। इस वर्ष की थीम "योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ" को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बी.एड. एवं डी.एल.एड. के समस्त प्रशिक्षु छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव श्री विकास सिन्हा के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुआ।उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक लचीलापन नहीं, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, सकारात्मकता और संतुलन का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि नियमित योगाभ्यास उन्हें न केवल एक अच्छा विद्यार्थी, बल्कि एक स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक भी बना सकता है। प्राचार्य डॉ. आनंद मोय ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को योग को जीवनशैली में अपनाने की प्रेरणा दी तथा इसे मानसिक संतुलन और तनावमुक्त जीवन का आधार बताया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के डीन डॉ. सुरजीत सिंह ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कहा कि महाविद्यालय भविष्य में इस प्रकार के और भी आयोजनों द्वारा विद्यार्थियों में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाता रहेगा।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की महिला इकाई ने योग का आयोजन किया



**संवाददाता रांची**: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की झारखण्ड महिला इकाई की ओर से योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बी. एस. पी. हाई स्कूल धुर्वा में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकान्त सहाय बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला इकाई की अध्यक्ष नीतू सिन्हा, महामंत्री उमा सिन्हा, शिखा प्रिय समेत सभी सदस्य मौजूद थे।

## रिम्स में मनाया गया योग दिवस, डॉक्टर-छात्रों ने मिलकर किया योग



रांचीः रिम्स में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही जोश और उत्साह के साथ मनाया गया. इस मौके पर रिम्स कैंपस में सामूहिक योग कार्यक्रम रखा गया, जिसमें डॉक्टरों, स्टाफ और छात्रों ने मिलकर योग किया. कार्यक्रम में रिम्स के डायरेक्टर डॉ. राजकुमार, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. हीरेन्द्र बिरुआ, एडिशनल मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. शैलेश त्रिपाठी, डिप्टी एमएस डॉ. राजीव रंजन, समेत कई डॉक्टर और छात्र शामिल हुए.

## राधा कृष्ण मंदिर परिसर में दिव्यांग प्रभुजनों ने किया योगाभ्यास, मिला स्वस्थ जीवन का संदेश



**संवाददाता रांची**: श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सद्गुरु अपना घर आश्रम के 50 से भी अधिक निराश्रित दिव्यांग प्रभुजनों एवं सेवादारों ने भाग लिया। इस पुनीत कार्य का संचालन मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे जी द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन में सभी को विभिन्न प्राणायामों एवं योगासन का अभ्यास कराया। इस अवसर पर अरविंद पांडे ने उपस्थित निराश्रित जनों को योग के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास मानसिक एवं शारीरिक दोनों ही स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए योग न केवल शरीर को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक शांति एवं आत्मबल में भी वृद्धि करता है। कार्यक्रम के दौरान अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति जैसे प्राणायामों के साथ-साथ ताड़ासन, वज्रासन, और सरल ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया गया।

## अंबा प्रसाद ने योग दिवस के अवसर पर स्वस्थ जीवन, श्रेष्ठ जीवन" का संदेश दिया



**संवाददाता रांची**: अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव, पश्चिम बंगाल कांग्रेस कमेटी की सह प्रभारी पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समस्त देशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने स्वस्थ जीवन, श्रेष्ठ जीवन" का संदेश दिया। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने योग दिवस के अवसर पर अपने साथी रेणुका सिंह के साथ नियमित योग अभ्यास के पल साझा करते हुए समस्त देशवासियों को अपने दिन की शुरुआत योग से करने के लिए प्रेरित की है।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया



**संवाददाता रांची**: सरला बिरला पब्लिक स्कूल 11वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम पर बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। इस योगाभ्यास का उद्देश्य प्रतिभागियों को योग के लाभों और विशेषताओं से परिचित कराना था। यह प्रयास सभी को अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। जब योग को कहानी कहने की कला से जोड़ा जाता है, तो यह मूल्यों और भावनाओं को अभिव्यक्त करने का एक प्रभावी माध्यम बन जाता है। इसी भावना के तहत विद्यालय परिसर में एक योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य और रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह आत्मा और चेतना को जाग्रत करने की एक साधना है: तुषार दुबे



**संवाददाता रांची**: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची महानगर द्वारा शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गंगा प्रसाद बुधिया सरस्वती शिशु मंदिर, न्यू एरिया मोरहाबादी परिसर में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए योगाभ्यास किया और देश की इस अमूल्य सांस्कृतिक विरासत को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थी परिषद रांची महानगर के मंत्री तुषार दुबे द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह आत्मा और चेतना को जाग्रत करने की एक साधना है। यह भारतीय संस्कृति की धरोहर है, जो आज पूरे विश्व में स्वास्थ्य और संतुलन का मार्ग प्रशस्त कर रही है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी छात्रों को संबोधित किया और योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक शांति और एकाग्रता में भी वृद्धि होती है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हरिनाथ साहू ने योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का दिए संदेश



**संवाददाता रांची**: रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी हरिनाथ साहू ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग अभ्यास किये। उन्होंने सभी देशवासियों को योग दिवस की शुभकामना के साथ प्रतिदिन योग के माध्यम से स्वस्थ्य जीवन का संदेश देते हुए कहा आज के बदलते दौर में भाग दौड़ और अनियमित खान पान की वजह से कई असाध्य बीमारियों की चपेट में लोग आते जा रहा है, इसके बावजूद भी यदि हम प्रातः कालीन योग अभ्यास नियमित रूप से करें तो शरीर में ऐसा कोई बीमारी नहीं है जिसे योग के माध्यम से ठीक नहीं किया जा सकता है। डॉक्टर के पास मोटा खर्च से बचने के लिए जरूरी है प्रत्येक दिन कम से कम एक घंटा अपने जीवन में योग अभ्यास को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। आज योग के माध्यम से सिर्फ देश ही नहीं बल्कि पूरा विश्व में भारतीय योग के महत्व का डंका बज रहा है।

## बच्चों के बीच योगासन एवं पाठ्य,खेलकूद एवं खाद्य सामग्री वितरण कर मनाई गई स्व. चंद्रमोहन मिश्रा जी की पुण्यतिथि



**संवाददाता रांची**: लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर के वरीय पदाधिकारी एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच के संरक्षक अमित कुमार मिश्रा ने मुक बधिर विद्यालय हरमू हाउसिंग कॉलोनी के बच्चों के बीच योगाभ्यास कर, पाठ्य,खेलकूद सामग्री एवं टॉफी,बिस्किट्स आदि वितरण कर अपने दादा स्व.चंद्रमोहन मिश्रा जी का 26 वीं पुण्यतिथि मनाई.इसके पूर्व स्व. चंद्रमोहन मिश्रा जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए बसंत कुमार मिश्रा ने कहा वे सामाजिक एवं धार्मिक प्रवृति के थे साथ ही वे बच्चों एवं क्षेत्र के लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। रजनीश मिश्रा ने कहा वे कठिन परिश्रम करके व्यवसाय जगत में एक मुकाम हासिल किया था एवं समाज के विभिन्न वर्गो के साथ मिलजुलकर सामाजिक कार्यक्रम मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे वहीं अमित कुमार मिश्रा ने योगक्रिया के विभिन्न पहलुओं प्रायाणाम, सूर्य नमस्कार आदि के जीवन में महत्व को बतलाया और बच्चों संग योगासन किया। शिव किशोर शर्मा द्वारा उपस्थित लोगों को अंतराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम की समापन हुई। छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,कांति मिश्रा,रजनीश मिश्रा,सुमित मिश्रा,आकाश देव,नीति मिश्रा, निशांत चंद्रायन आदि मौजूद थे।

# नगड़ी मौजा में खेतीयोग्य खतियानी जमीन का रिम्स-2 निर्माण के लिये अधिग्रहण अनुचित : बंधु तिर्की

**संवाददाता रांची** : पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि नगड़ी मौजा में खेती कर अपना जीवन-यापन कर रहे रैयतों एवं ग्रामीणों की जमीन का रिम्स-2 के लिये अधिग्रहण वैसी नकारात्मक और विकास विरोधी कार्रवाई है जिसे हर हाल में रद्द किया जाना चाहिये. राजधानी के मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाक़ात के दौरान श्री तिर्की ने उनसे अपील की कि वे नगड़ी में किये जा रहे रिम्स-टू के निर्माण की योजना को अविलंब रद्द करने के लिये सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करें क्योंकि यह उन ग्रामीणों के जीवन-यापन से सीधे-सीधे जुड़ा मामला है जो सरकार की ओर बहुत भरोसे के साथ देख रहे हैं.
श्री तिर्की ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में काम कर रही इंडिया गठबंधन की सरकार ने आम लोगों के हित में वैसे अनेक कदम उठाये हैं जिससे एक ओर लोगों को तुरंत फायदा मिला है वहीं दूसरी ओर दूरगामी स्तर पर भी झारखण्ड के विकास और लोगों की आर्थिक उन्नति के दरवाजे खुले हैं. श्री तिर्की ने कहा कि कभी आईआईएम तो कभी ट्रिपल आईटी या फिर राष्ट्रीय उच्च पथ के चौड़ीकरण के लिये ग्रामीणों की खेती योग्य जमीन का अधिग्रहण करने के अनेक प्रयास किये गये लेकिन ग्रामीणों के प्रबल विरोध और उनकी न्यायोचित मांगों के बाद वे योजनायें तो रद्द हो गयी लेकिन अब जिस प्रकार से रिम्स-टू के निर्माण के लिये ज़मीन अधिग्रहण की साज़िशें रची जा रही है वह पूरी तरीके से लोकप्रिय सरकार की आम ग्रामीणों एवं कृषकों के प्रति संवेदनशील भावना के खिलाफ है. श्री तिर्की ने कहा कि आनुपातिक रूप से नगड़ी अंचल में आबादी अनुपात में खेती योग्य जमीन पर्याप्त नहीं है साथ ही महत्वपूर्ण बात यह भी है कि वहाँ के अधिकांश लोग जीवन-यापन के लिये खेती-किसानी के ऊपर ही निर्भर हैं और वहाँ की ज़मीनी स्थिति को न केवल स्वयं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बल्कि स्वयं गुरुजी शिबू सोरेन भी बखूबी जानते हैं साथ ही लोगों की आवश्यकताओं को भी वे अच्छी तरीके से समझते हैं. श्री तिर्की ने श्री सोरेन से कहा कि पिछले 17 मई को रिम्स-2 के लिये सरकारी अमीन द्वारा ज़मीन की मापी होता देख रैयतों एवं ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली जबकि 1956-57 से लेकर 2012 तक सरकार द्वारा इस ज़मीन की मालगुजारी रसीद रैयतों के नाम पर जारी की जाती रही है. मुख्यमंत्री से हुई भेंट के दौरान श्री तिर्की ने उनसे अपील की कि पेसा नियमावली को अविलंब अंतिम स्वरूप देकर पेसा कानून को लागू किया जाये क्योंकि यह ग्रामीणों की आवश्यकताओं एवं आकांक्षाओं से गहराई से जुड़ा मामला है. साथ-साथ, जल, जंगल, जमीन के साथ झारखण्ड के प्राकृतिक एवं मानव संसाधनों से सम्बंधित बहुत अधिक संवेदनशील मुद्दा है. श्री तिर्की ने कहा कि पेसा कानून लागू होने से विस्थापन, पलायन व ज़मीन लूट पर नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी. श्री तिर्की ने मुख्यमंत्री से टाना भगत समुदाय की निराशाजनक आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार करने के लिये प्रभावी कदम उठाने की भी अपील की.
तिर्की ने कहा कि अनुसूचित जनजाति श्रेणी में आनेवाले टाना भगत समुदाय के सदस्य रांची, सिमडेगा, लोहरदगा, गुमला, खूँटी, चतरा, लातेहार सहित झारखण्ड के अन्य जिलों में रहते हैं और ये महात्मा गांधी के अनुयायी होने के साथ-साथ अहिंसा में परम विश्वास रखते हैं. वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि सत्याग्रह आंदोलन के साथ ही ब्रिटिश सरकार और जमींदारी प्रथा के विरुद्ध भी उनके द्वारा किये गये आंदोलन इतिहास में अपना स्थान रखते हैं लेकिन टाना भगत समुदाय और प्रदेश के टाना भगत बहुल क्षेत्रों का अपेक्षित विकास अबतक नहीं हुआ है. तिर्की ने मुख्यमंत्री से 28 अप्रैल 2017 को गठित टाना भगत विकास प्राधिकार की चर्चा की और कहा कि अबतक यह प्राधिकार अपने उद्देश्यों में असफल रहा है और जिम्मेदारियों का आशिक निर्वहन भी नहीं कर पाया है. श्री तिर्की ने कहा कि टाना भगत विकास प्राधिकार के तहत ही राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव अथवा सचिव की अध्यक्षता में एक कार्यकारिणी समिति के गठन के साथ ही जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्यकारी एजेंसी के गठन का भी प्रावधान था और इसका उद्देश्य टाना भगतों के लक्षित आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण के साथ ही इस समुदाय के सर्वांगीण विकास हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर कार्यान्वित करना और लाभुकों का चयन करना था. श्री तिर्की ने मुख्यमंत्री से अपील की कि ज़मीनी स्तर पर प्राधिकार को प्रभावी बनाने एवं टाना भगतों के विकास के लिये वे सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करें.



नगड़ी में जमीन अधिग्रहण के खिलाफ और टाना भगत विकास प्राधिकार एवं पेसा नियमावली पर प्रभावी कदम उठाने के लिये बंधु तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की अपील.

## रांची में एमबीबीएस एब्रॉड एक्सपो 2025 का भव्य आयोजन, सैकड़ों छात्रों ने पाया भविष्य का मार्ग




**संवाददाता रांची**: पूर्वी भारत के सबसे बड़े एमबीबीएस एब्रॉड एक्सपो 2025 का भव्य आयोजन आज रांची स्थित होटल लैंडमार्क, लालपुर में प्राइम एडुटेक के द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक शामिल हुए और उन्होंने विदेशों में मेडिकल शिक्षा के अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जॉर्जिया, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान, नॉर्थ अमेरिका, नेपाल और भारत के प्रतिष्ठित मेडिकल विश्वविद्यालयों के विदेशी प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में शिरकत की और विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय मेडिकल शिक्षा, पाठ्यक्रम, फीस संरचना और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में छात्रों ने स्पॉट एडमिशन भी लिया, जिन्हें फ्री एयर टिकट की सुविधा प्रदान की गई। प्राइम एडुटेक पिछले 15 वर्षों से बिहार और झारखंड के छात्रों को विदेशों में मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में मार्गदर्शन देता आ रहा है। संस्था से जुड़े हजारों छात्र आज विभिन्न देशों से एमबीबीएस कर रहे हैं और कई छात्र अपनी पढ़ाई पूरी कर बिहार-झारखंड सहित देशभर के सरकारी व निजी अस्पतालों में डॉक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्राइम एडुटेक के निदेशक नूतन मंडल एवं प्रबंध निदेशक डॉ सदानंद मंडल जी ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी संस्था ऐसे आयोजनों के माध्यम से पूर्वी भारत के छात्रों के सपनों को साकार करने का कार्य करती रहेगी। इस विशेष अवसर पर प्राइम एडुटेक के प्रबंध निदेशक डॉ. सदानंद मंडल के साथ विदेशों से आए अतिथियों की उपस्थिति प्रमुखता से बनी रही : डॉ. वेनरा सागिंडिक एवं डॉ. ज़रेमा मुसाएवा – किर्गिज़स्तान, डॉ. केतेवानी – जॉर्जिया, डॉ. शेरबादलोवा – ताजिकिस्तान, डॉ. ओशीवा – उत्तर अमेरिका.

## संक्षिप्त खबरें...

### आजसू का स्थापना दिवस समारोह आज खेलगांव में, शहीदों को होगा समर्पित

**संवाददाता रांची**: आजसू पार्टी अपना स्थापना दिवस आज 'बलिदान दिवस' के रूप में मना रही है। केंद्रीय स्तर पर मुख्य समारोह खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया है। समारोह की तैयारी पूरी हो चुकी है। समारोह को केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो, मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, डोमन सिंह मुंडा, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता, हरेलाल महतो, श्रीमती यशोदा देवी, जिप अध्यक्ष श्रीमती निर्मला भगत, संजय मेहता समेत कई नेता संबोधित करेंगे। समारोह में झारखंड के 24 जिलों एवं 264 प्रखंडों से कार्यकर्ता भाग लेने पहुंचेंगे। सभी जिलों तथा प्रखंडों में व्यापक तैयारी की गई है।स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम, मेदिनीपुर से कार्यकर्ताओं की एक टोली बादल महतो के नेतृत्व में खेलगांव पहुंच चुकी है, जिन्हें वहीं ठहराने की व्यवस्था की गई है। पलामू से भी कार्यकर्ताओं का एक जत्था पहुंच चुका है। उत्तरी छोटानागपुर में जहां सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो तथा लंबोदर महतो तैयारी में लगे हैं, वहीं दक्षिणी छोटानागपुर में डॉ देवशरण भगत, राजेंद्र मेहता, श्रीमती निर्मला भगत आदि ने सभी जिलों में बैठक की। कोल्हान में प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, हरेलाल महतो, दामु बानरा, संथाल परगना में जोनाथन टुडू एवं प्रवीण प्रभाकर और पलामू में हसन अंसारी ने कार्यकर्ताओं को लामबंद किया। समारोह की तैयारी को लेकर रांची महानगर के कार्यकर्ताओं ने पूरे शहर तथा खेलगांव को पार्टी के झंडा और बैनर से सजाया है तथा वरिष्ठ नेताओं के कट आउट चौराहों पर लगाए गए हैं।

### झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ का संरक्षक कमलाकांत झा को श्रद्धांजलि दी गई




**संवाददाता रांची**: झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ का संरक्षक कमलाकांत झा का देहांत 13 जून 2025 को हो गया है और आज झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र पांडे प्रदेश कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह प्रदेश सलाहकार मंत्री आनंद वर्मा रांची जिला ऑटो चालक यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन यादव महासचिव सुनील कुमार एवं चालकों के उपस्थिति में आज 2 मिनट का मौन रखते हुए महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया है कि दिनांक 24 जून 2025 को M 27 बारियातू हाउसिंग कॉलोनी में ब्राह्मण भोज का कार्यक्रम रखा गया है और दिनांक 29 जून 2025 को मोराबादी मैदान में होने वाली ऑटो चालक मालिक ई रिक्शा चालक मालिकों की बैठक में ही स्वर्गीय कमलाकांत झा जी का श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का कार्यक्रम किया जाएगा आज के सभा में उपस्थित सभी ने भगवान बजरंगबली से मनोकामना की है कि उनके आत्मा को शांति प्रदान करें ।

### 2500 श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया



**संवाददाता रांची** : शनिवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर परिसर में श्रद्धा, सेवा और समर्पण की अनोखी मिसाल पेश की गई। इस पुनीत अवसर पर खिचड़ी का वितरण किया गया, जिसमें लगभग 2500 श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। यह कार्यक्रम न केवल प्रसाद वितरण का आयोजन है, बल्कि यह एक सामाजिक सौहार्द, सहयोग और मानवता की सेवा का प्रतीक बन चुका है। यह सेवा कार्यक्रम विगत 6 वर्षों से लगातार चल रहा है, जिसमें प्रत्येक शनिवार भिन्न-भिन्न प्रकार के व्यंजनों का प्रसाद वितरण किया जाता है। यह आयोजन समाज के उन मूल्यों को जीवंत करता है जहाँ "सेवा ही धर्म है" को कर्म में बदलकर निभाया जाता है।श्रद्धानंद रोड के स्थानीय दुकानदारों और समाजसेवियों का भी इस पुनीत कार्य में निरंतर सहयोग प्राप्त होता है, जिनके प्रति हम सादर धन्यवाद और आभार प्रकट करते हैं। इस आयोजन में निम्नलिखित सदस्यों का विशेष योगदान रहता है किशोर साहू, शंकर दुबे, विशाल कृष्णा, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह, राजू चौरसिया, आकाश रजक, राहुल रजक, करण सिंह, मोहित रजक, आशीष रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, सौरभ रजक, संजय तिवारी, नमन भारतीय, पीयूष वर्मा, यश वर्मा, आयुष वर्मा, अभिषेक रजक, हर्ष रजक, प्रिंस राजा, लकी रजक, अंकुश वर्मा, बबलू वर्मा एवं संस्था के अन्य सभी समर्पित सदस्यगण। यह जानकारी श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य प्रवक्ता श्री नमन भारतीय द्वारा साझा की गई।

### हेल्थ चेकआप कैंप रविवार को

**संवाददाता रांची**: लायंस क्लब ऑफ राँची, ग्रेटर एवम् पारस हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को हेल्थ चेकअप कैम्प लगाया जायेगा। हरमू मैदान में आयोजित होने वाले इस कैंप का समय सुबह 7 बजे से लेकर 9 बजे तक रहेगा। इस कैंप में जांच के साथ साथ चिकित्सीय परामर्श भी दिया जायेगा।

### आर टी सी कॉलेज दड़दाग के प्रोफेसर अनिल कुमार का हार्ट अटैक से मौत

**ओरमांझी(मोहसीन)**:राम टहल चौधरी कॉलेज दड़दाग के कंप्यूटर टीचर अनिल कुमार 50वर्षीय का आकस्मिक निधन शनिवार को हृदय गति रुकने से हो गई।वह इंटरनेशनल योग दिवस के अवसर पर आरटीसी महाविद्यालय में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल होने गये थे।जहाँ से योग कार्यक्रम की समाप्ति के बाद वह अपने घर हिंदी विषय के शिक्षक कैलाश ठाकुर के साथ लौट रहे थे,कॉलेज से लगभग 500 फिट पहुंचे होंगे की उनके सीने में जोरदार दर्द उठ जाने के बाद वह घबराहट से तिल मिलाने लगे,और वहीं पर वह गिर गए,जिन्हें आनन फानन में ब्लॉक चौक स्थित आरबी सिंह के निजी क्लीनिक में इलाज के लिए पहुंचाया गया,जहां पर उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए मेदांता अस्पताल इरबा पहुंचाया गया.जहां पर डॉक्टरों की टीम ने उन्हें जांचो उपरांत मृत घोषित कर दिया,मेदांता पहुंचने से पहले अनिल कुमार दम तोड़ चुके थे,अनिल कुमार की मौत की खबर से पूरा क्षेत्र सदमे में डूब गया, वही कॉलेज के निदेशक डॉक्टर पारस नाथ महतो ने बताया कि अनिल कुमार की आकस्मिक निधन कॉलेज परिवार के लिए बड़ी छति है, अनिल जी का इस तरह अचानक दुनिया से चले जाना बड़ा सदमा का छन है.अनिल कुमार की मौत की खबर सुनकर कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाएं मेदांता पहुंचे,और संवेदना व्यक्त किया,इस अवसर पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी,कॉलेज के प्राचार्य डॉ.भीम महतो,बीबी नीरज,रणधीर कुमार चौधरी,पंसस शशि मिश्रा,श्याम किशोर महतो,सुनील नायक,डॉ.रामजीत महतो, प्रो.योगेन्द्रठाकुर,प्रो.एकबाल अंसारी,प्रो.इमरान अंसारी,प्रो.रामकुमार महतो,प्रो.गफ्फार अंसारी,अनिल कुमार, मीनू कुमारी,रेणु चौधरी,कृष्ण कुमार, विजय महतो,मेजर रणजीत कुमार सिंह, कैलाश ठाकुर,प्रेमनाथ मुंडा,मंजुमा नाजी,अलका तिर्की,सरोज कुमारी,मीना कुमारी,लक्ष्मण महतो सहित कॉलेज के शिक्षक- शिक्षिकाएं एव छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



# संक्षिप्त खबरें

## विधानसभा की लोक लेखा समिति ने हजारीबाग जिले का किया दौरा



**हज़ारीबाग।** झारखंड विधानसभा की लोक लेखा समिति ने शनिवार को हजारीबाग जिला का दौरा किया। समिति के सभापति एवं बरही विधायक श्री मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में समिति ने परिसदन भवन में वित्तीय संबंधी मामलों की जानकारी अद्यतन प्रतिवेदन के साथ ली। समिति के सदस्य चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव, मनोहरपुर विधायक जगत मांझी, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी तथा बरकट्टा विधायक अमित कुमार यादव एवं बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी उपस्थित थे।परिसदन में आयोजित बैठक में समिति ने जिले के समस्त वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय आर्थिक प्रबंधन, सरकारी खर्चों की पारदर्शिता, लेखा परीक्षण, वित्तीय दस्तावेजों के मूल्यांकन सहित विभिन्न वित्तीय पहलुओं पर गहन चर्चा कर जानकारी ली। समिति ने विभागीय अधिकारियों से अद्यतन जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर बल दिया।

## मतदान केन्द्रों का जिओ फेंसिंग को लेकर प्रशिक्षण



**बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।** बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय सभागार में मतदान केन्द्रों का जिओ फेंसिंग को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग ने किया। मौके पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता बरही अजय भगत, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा मौजूद थे।कार्यक्रम में उपस्थित बीएलओ को सभी मतदान केन्द्रों का नजरीए नक्शा तैयार करने, कीमैप तैयार करने एवं टर्निंग प्वाइंट के कोर्डिनेट का संग्रह करने के साथ साथ जिओ फेंसिंग को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, अंचल अमीन अजमल अंसारी, पंचायत सेवक नागेश्वर यादव, कैलाश प्रसाद कुशवाहा, प्रेमलता कुमारी, मोहन दास समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

## आरडी पब्लिक स्कूल में मनाया गया योग दिवस



**बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोषमा स्थित आरडी पब्लिक स्कूल में अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया। विद्यालय परिसर में योग शिक्षक महेन्द्र प्रसाद के द्वारा योगाभ्यास करवाया गया।योगा में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षको ने भाग लिया। योगा शिक्षक महेंद्र प्रसाद के द्वारा योग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि योग करें निरोग रहे। योगा करना हमलोगों के लिए कितना लाभप्रद है इसकी विस्तृत रूप से जानकारी दिया।प्रधानाध्यापिका मोनू देवी ने बच्चों को विश्व योगा दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए योगा दिवस की महत्व के बारे में जानकारी दी।मौक़े पर शिक्षक अजय प्रसाद, मनोहर प्रसाद, सदफ खान, सुभाष यादव, तनवीर आलम, इमरान अंसारी, स्वाति कुमारी, शबनम खातून ,शाबाना खातून, तरन्नुम प्रवीण, मुनमुन देवी समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## हाथी ने दरवाजा तोड़ घर में रखा अनाज खाया



**बरकट्ठा ( हज़ारीबाग )।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गैड़ा पंचायत के ग्राम शांतिनगर मोहल्ला में हाथी ने काफी नुकसान पहुंचाया है। शनिवार की सुबह चार बजे के करीब झुंड से बिछड़ा दो हाथी महुआटांड की ओर से शांति नगर में प्रवेश किया।हाथी ने रामवृक्ष राम के घर का दरवाजा तोड़ दिया तथा घर में रखा अनाज खा गया।मनोज पंडित का केला बगान में लगे पौधों को नष्ट कर दिया जबकि किशोर पंडित के चार दिवारी को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया।उत्पात मचाने के बाद दोनों हाथी डुमरियाटांड़ होते हुए छहरयामो जंगल की ओर चला गया। हाथी के गांव में घुसने से ग्रामीण काफी भयभीत हैं की फिर से यहां हाथी आकर नुकसान ना पहुंचाएं। उपमुखिया चंद्रदीप पांडेय ने वन विभाग के अधिकारियों से हाथी को सुरक्षित जंगल की ओर निकालने तथा नुकसान को लेकर मुआवजा देने की मांग किया है।

## विकास सेवा निकेतन विकास में मना योग दिवस




**ओरमांझी(मोहसीन):** विकास सेवा निकेतन द्वारा संचालित विकास ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन नेवरी विकास में शनिवार को इंटरनेशनल योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौके पर संस्था के राधा चरण सिंह ने बताया कि हम अपने नियमित जीवन शैली में योग को शामिल कर बेहतर स्वस्थ्य और निरोग जीवन जी सकते हैं।आज लोग तरह-तरह की दवाइयां खाकर स्वस्थ रह रहे हैं, हमें दवाइयां से बचकर योग पर ध्यान देने की जरूरत है। योग से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, जो व्यक्ति अपने जीवन में योग को अपनाते हैं वह निरोग रहता है, हम सभी इस इंटरनेशनल योग दिवस के अवसर पर शपथ लेने की आवश्यकता है कि खुद और अपने परिवार संग समाज को योग के लिए प्रेरित करें और स्वस्थ समाज का निर्माण करें। मौके पर संस्थान के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# सीसीएल ने पिपरवार सहित सभी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का किया आयोजन

## सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने किया योगाभ्यास

**रांची :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने अपने सभी एरिया में भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसी श्रृंखला में पिपरवार एरिया के मैदान नंबर-4 में एक विशाल योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार, पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार, सीसीएल हैडक्वाटर के अधिकारी, कर्मचारीगण, श्रमिक संघ के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में महिला कर्मी, ग्रामीण, हितधारक और हजारों की संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए।




इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में पिपरवार जीएम श्री संजीव कुमार का अहम योगदान रहा।

इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह मानसिक संतुलन और आंतरिक ऊर्जा को भी जागृत करता है। सीसीएल अपने कर्मचारियों और समुदायों के समग्र विकास के लिए निरंतर इस प्रकार के आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा।

प्रसिद्ध योग गुरु गिरिन गोविंद ने सभी प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया और योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री गिरिन गोविंद वर्तमान में श्री श्री योग के अंतर्राष्ट्रीय निदेशक हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे योग जीवन में संतुलन और शांति लाता है।

इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीम : "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आज 11वाँ वर्ष बड़े गर्व और उत्साह के साथ पूरे देश में मनाया जा रहा है। भारत की प्राचीन योग परंपरा पूरे विश्व को एकता, शांति और स्वास्थ्य का संदेश देने का माध्यम है।

यह आयोजन सीसीएल के सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वास्थ्य के प्रति सजग दृष्टिकोण और कर्मचारियों व समुदाय के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों का प्रतीक है। योग दिवस जैसे आयोजनों से सीसीएल कार्यस्थलों पर सकारात्मक ऊर्जा और जीवनशैली में संतुलन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## चतरा में प्रस्तावित नये जेल व प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का उपायुक्त ने स्थल का निरीक्षण किया

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, चतराः** जिला मुख्यालय में प्रस्तावित नये कारा (जेल) एवं मेडिकल कॉलेज निर्माण को लेकर चतरा उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने आज सदर प्रखंड अंतर्गत चंगेर एवं पावो गांव स्थित चिन्हित भूमि का स्थल निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूमि की स्थिति, भौगोलिक उपयुक्तता, अभिगम मार्ग, आसपास की आबादी, सरकारी मद की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अंचलाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए यथा चिन्हित भूमि के स्वामित्व, अतिक्रमण रहित स्थिति एवं रकबा की पुष्टि शीघ्र की जाए। तकनीकी मानकों के अनुरूप स्थल की उपयुक्तता का आकलन किया जाए। प्रस्तावित स्थल तक सुलभ मार्ग, जल निकासी एवं विद्युत आपूर्ति की संभावनाओं की रिपोर्ट तैयार की जाए। यदि भूमि उपयुक्त पाई जाती है, तो प्रस्ताव संबंधित विभाग को अग्रसारित किया जाएगा। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि "जेल जैसी संरचनाओं का निर्माण सुरक्षा, अधोसंरचना एवं प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार किया जाना अति महत्वपूर्ण है। निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रस्तावित स्थल दीर्घकालिक उपयोग के लिए उपयुक्त हो। उल्लेखनीय है कि वर्तमान जेल परिसर की सीमा एवं संरचना सीमित हो जाने के कारण नये जेल की आवश्यकता को देखते हुए सरकार गंभीर है। जिसे लेकर प्रशासन गंभीरता से कार्रवाई कर रहा है।

## ओरमांझी के राम टहल चौधरी कॉलेज में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**ओरमांझी(मोहसीन):** आरटीसी कॉलेज दड़दाग के योग सभाकक्ष में शनिवार को विश्व योग दिवस के मौके पर योग शिविर का आयोजन किया गया। योग गुरू डॉ. पारस नाथ महतो ने योग के गूढ़ रहस्यों के बारे में लोगों को अवगत कराया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि रांची के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने कहा कि हम अपने नियमित जीवन शैली में योग को शामिल कर बेहतर स्वस्थ्य और निरोग जीवन जी सकते हैं। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ.भीम महतो,बीबी नीरज,पूर्व कार्कारी प्रमुख जय गोविंद साहु,रणधीर कुमार चौधरी,पंसस शशि मिश्रा,श्याम किशोर महतो,सुनील नायक,डॉ. रामजीत महतो, प्रो. योगेन्द्रठाकुर,प्रो.एकबाल अंसारी,प्रो.इमरानअंसारी,प्रो. रामकुमार महतो,प्रो.गफ्फार अंसारी,अनिल कुमार, मीनू





कुमारी,रेणु चौधरी,कृष्ण कुमार, विजय महतो,मेजर रणजीत कुमार सिंह, कैलाश ठाकुर, प्रेमनाथ मुंडा,मंजुमा नाजी,अलका तिर्की,सरोज कुमारी,मीना कुमारी,लक्ष्मण महतो सहित कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं एव छात्र-छात्राएं शिविर में भाग लिया।

## बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम लगाकर दिया हरियाली का संदेश

**ओरमांझी(मोहसीन):** ओरमांझी प्रखंड स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला,ओरमांझी परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम के तहत विद्यालय के प्रधानाध्यापक विमलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बच्चों एवं शिक्षकों ने अपने-अपने मां के नाम आम कटहल जामुन इमली कुसुम,शीशम नीम आदि कई दर्जनों पौधे लगाए।पौधारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के सहायक शिक्षक सतीश बड़ाईक,दिनेश कुमार कच्छप, कुमारी किरण माला,आशा कुमारी, मुस्तफा अंसारी, निर्मला कुजूर,अनुपा शैल बाला कुजूर संगीता कुमारी सुचित्रा कुमारी प्रभा देवी डीकेश कुमार शर्मा सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं शामिल थे।



## आदिवासी कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक

### छात्रवृति योजना हेतु छात्रों का करें शीघ्र चयनः चमरा लिंडा

**रांचीः** आदिवासी कार्य मंत्री चमरा लिंडा ने आज विभागीय सचिव, आदिवासी कल्याण आयुक्त एवं आदिवासी सहकारी विकास निगम के प्रबंध निदेशक के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय योजनाओं के बेहतर संचालन एवं लाभार्थियों तक समय पर लाभ पहुंचाने को लेकर कई अहम निर्देश जारी किए गए।



मंत्री लिंडा ने शिक्षा क्षेत्र पर विशेष जोर देते हुए अनुसूचित जनजाति के मेधावी छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उत्कृष्ट कोचिंग संस्थानों में प्रशिक्षण की सुविधा सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कोचिंग से युवाओं को मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी।

बैठक में मरंड. गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्र-छात्राओं के शीघ्र चयन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा गया। इस योजना के अंतर्गत विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले आदिवासी विद्यार्थियों को सहायता प्रदान की जाती है।

इसके साथ ही राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी साइकिल योजना को तेज़ी से लागू करते हुए सभी जिलों में शीघ्र साइकिल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

मंत्री ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के प्रयासों को तेज करने की बात कही।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी मंत्री लिंडा ने 16 ग्रामीण कल्याण अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन एवं संचालन के लिए त्वरित कदम उठाने का निर्देश दिया ताकि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं की समयबद्ध समीक्षा कर उन पर क्रियान्वयन की गति बढ़ाई जाए ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## चौपारण प्रखंड में विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**कोयलांचल संवाद संवाददाता , चौपारण(हजारीबाग):** पूरे प्रखंड में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ योग कार्यक्रम में भाग लिया। योग के अनुरूप मौसम भी सुहावना रहा। सभी ने प्रकृति का आभार व्यक्त किया। और मौसम के अनुकूल योग कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही शानदार रहा। मुख्य रूप से उत्क्रमित मध्य विद्यालय मानगढ़, मध्य विद्यालय सिंहपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय दैहर, उच्च प्लस टू विद्यालय दनुआ, मध्य विद्यालय चौपारण,के बी एस एस प्लस टू चौपारण, उच्च विद्यालय इंगुनियां, उच्च विद्यालय बसरिया, मध्य विद्यालय सेलहारा, राजकीय बुनियाद विद्यालय ठुठी, सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल बहेरा आश्रम, अमोली अपूर्वा उच्च विद्यालय मानगढ़ ,इन विद्यालयों में योग कार्यक्रम का शानदार प्रदर्शन किया गया। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के नेतृत्व में थाना परिसर में योग दिवस के अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों ने योग का बेहतर योगाभ्यास किया। योग एक परिवर्तनकारी अभ्यास है।जो मन और शरीर के सामंजस्य,विचार और क्रिया के बीच संतुलन,संयम, और मन





की एकता का प्रतिनिधित्व करता है। यह शरीर, मन, और आत्मा को एकीकृत करता है।

स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है । जो हमारे व्यस्त जीवन में शांति लाता है। परिवर्तन करने की इच्छा शक्ति ही है जिसका हम इस विशेष दिन पर योग को अंतरराष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाते है। जिसे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कहते है। उक्त बातें आज विश्व योग दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने कहा है कि 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। उस समय से पूरे दुनिया में लाखों लोग योग के अभ्यास में एकजुट होकर हर साल विशेष कर इस दिन को विश्व योग दिवस मनाते है, योग करते हैं। योग वैश्विक उत्सव एकता और सद्भाव को बढ़ावा देता है।

सीमाओं और संस्कृतियों से परे होकर हमें शांति और कल्याण की दुनियां के करीब लाता है। इस वर्ष 11 वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। यह एक ऐसा उत्सव है जो सभी की भागीदारी का स्वागत करता है,और समय , आस्था को महत्व देता है। इस दिवस का लक्ष्य होगा कि योग को एक व्यापक अभियान में बदलाव लाना है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस लावालौंग में कई स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किया गया

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, लावालौंग (चतरा):** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। लावालौंग प्रखण्ड के अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय के प्रांगण में बीडीओ विपिन कुमार भारती, बीपीओ राजेश कुमार पासवान, जेई सिकन्दर कुमार तथा विद्यालय प्रभारी प्राचार्य अवधेश कुमार, शिक्षक बनवारी कुमार के नेतृत्व में बच्चों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही साथ कोलकोले पंचायत सचिवालय में मुखिया राजेश साहू और



रोजगार सेवक विवेक सिंह के नेतृत्व में सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। वहीं हेडुम पंचायत के पोटम गांव में अमृत सरोवर पर मुखिया संतोष राम, पंचायत सचिव रामानुजन संतोष, तथा रोजगार सेवक मनोरंजन कुमार की देखरेख में ग्रामीणों ने योगाभ्यास किया।

## भद्रकाली महाविद्यालय में योग दिवस का हुआ आयोजन

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, इटखोरी (चतरा):** प्रखंड के एकमात्र विख्यात उच्च शिक्षण संस्थान भद्रकाली महाविद्यालय में एनएसएस इकाई एक एवं दो के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की। इस अवसर पर झारखंड के विख्यात योगगुरु संन्यासी शंकर चंद्रवंशी ने छात्र छात्राओं और महाविद्यालय के शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मियों को विभिन्न प्रकार के योगासन जैसे सूर्य नमस्कार,हलाससन ,भुजंगासन,पवनमुक्तासन,मयूरासन,शवासन,मत्स्यासन,सहित कई अन्य आसन करवाए साथ ही उनसे होनेवाले फायदों के बारे में भी विस्तार से



जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अनुलोम विलोम, कपालभाति,भ्रस्तिका जैसे प्राणायाम भी करवाये। प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने कहा कि भारत ने योग को पूरी दुनिया में पहुंचाया। योग के द्वारा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और क्रियाशील रखा जा सकता है।

# झारखंड राय विश्वविद्यालय में चरित्र निर्माण पर तीन दिवसीय कार्यशाला हुआ प्रारंभ

**रांची :** झारखंड राय विश्वविद्यालय रांची में शनिवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला " चरित्र निर्माण एवं चरित्र का सम्पूर्ण विकास " प्रारंभ हुआ। कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर गणेश वंदना के साथ किया गया। दीप प्रज्जवलन शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ ० अतुल भाई कोठारी, झारखंड राय विश्वविद्यालय की कुलाधिपति प्रो ० ( डॉ ० ) सविता सेंगर, स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय , सागर के कुलाधिपति डॉ० अजय कुमार तिवारी, प्रो ० (डॉ ०) पीयूष रंजन कुलपति झारखंड राय विश्वविद्यालय, डॉ० मनोहर भंडारी , प्रो ० (डॉ ०) विजय कुमार सिंह डीन सरला बिरला विश्वविद्यालय , अमर कांत झा क्षेत्रीय संयोजक न्यास ने सामूहिक रूप से किया।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र का स्वागत भाषण करते कुलाधिपति प्रो ० ( डॉ ० ) सविता सेंगर ने कहा की चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास विषय पर आयोजित यह कार्यशाला भारतीय ज्ञान परंपरा एवं भारतीय दृष्टिकोण को समझने का प्रयास है। विश्वविद्यालय ने अप्रैल महीने में परिसर




में कौटिल्य ज्ञान केंद्र भी स्थापित किया है। यह केंद्र भारतीय ज्ञान परंपरा और भारतीय दृष्टिकोण को व्यक्त करने का केंद्र है। कार्यशाला के आयोजन के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए कुलाधिपति ने कहा की व्यक्तित्व का अर्थ बहरी सुंदरता नहीं है जब हम भारतीय ज्ञान परंपरा और पंच कोश की बात करते हैं तो भारतीय दृष्टिकोण को उसमें शामिल करना होगा। न्यास के इस विषय पर बनाये गए पाठ्यक्रम को भी विश्वविद्यालय ने अपनाया है। चरित्र निर्माण एवं चरित्र का सम्पूर्ण विकास पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का उद्देश्य है विद्यार्थियों में समाज एवं राष्ट्र के प्रति सकारात्मक सोच का भाव पैदा करना । यह भाव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में नजर आना चाहिए की वह समाज , राष्ट्र, स्वयं के लिए कितना सोचते है। कुलाधिपति प्रो ० सेंगर ने कहा कार्यशाला में अगले दो दिनों तक इसी विषय पर चर्चा होगी।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता शिक्षाविद एवं न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ० अतुल भाई कोठारी ने अपना संबोधन पंचकोश की अवधारणा के साथ प्रारम्भ किया। उन्होंने विस्तार पूर्वक अन्नमय कोश, प्राणमय कोश , मनोमया कोश , विज्ञानमय कोश एवं आनंदमय कोश की चर्चा की। उन्होंने कहा की पंचकोश, भारतीय दर्शन में मानव शरीर की पांच परतों या आवरणों को दर्शाता है,ये कोश शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक स्तरों पर मानव अस्तित्व को समझने में मदद करते हैं। पंचकोशों के अंदर ही हमारी तीनों प्रकार की चेतना यानि चेतन, अवचेतन और अचेतन विचरण करती है। ये पांच कोश एक-दूसरे से बहुत ही गहरे रूप में जुड़ी हुई हैं और अध्यात्म में जब लोग जैसे-जैसे गहराई में उतरते हैं, वह एक-एक करके सभी कोशों के प्रति जागरूक होते जाते हैं।पंचकोशों की अवधारणा मानव अस्तित्व को समझने और आत्म-साक्षात्कार की ओर बढ़ने के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक है। डॉ० कोठारी ने अपने संबोधन के दौरान मंत्र , योग विद्या एवं आचरण और व्यवहार पर भी विस्तार पूर्वक बातें रखी।

कार्यशाला का दूसरा एवं तीसरा सत्र अन्नमय कोश एवं प्राणमय कोश विषय पर केन्द्रित था जिसके मुख्य वक्ता डॉ० मनोहर भंडारी थे। डॉ० भंडारी चिकित्सक के साथ हिंदी भाषा उत्थान के लिए भी कई महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। उन्होंने अन्नमय कोश एवं प्राणमय कोश पर विस्तार से अपनी बातें रखते हुए बताया की शरीर, भोजन (अन्न) से पोषित होता है। यह कोश मानव शरीर का भौतिक रूप है जो भोजन से पोषित होता है और अन्य कोशों के साथ मिलकर मानव अस्तित्व का निर्माण करता है। चिकित्सा पद्धतियों की पहुच स्थूल शरीर तक है जबकी कितने ही रोग ऐसे हैं जो अन्नमय कोश की विकृति के कारण उत्पन्न होते हैं और जिसे चिकित्सक ठीक करने मे प्रायः असमर्थ हो जाते हैं। प्राणमय कोश की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा की प्राणमय कोश, शरीर का दूसरा आवरण या परत है, जो ऊर्जा से संबंधित है। इसे जीवन शक्ति से बना हुआ माना जाता है, और यह भौतिक शरीर में मौजूद होता है, जो पूरे जीव में व्याप्त है। उन्होंने अपने लम्बे चिकित्सीय अनुभव के साथ पंच कोश को जोड़ते हुए विस्तार पूर्वक कई बातें बताई।

कार्यशाला के प्रथम दिन के चौथे सत्र को स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय , सागर के कुलाधिपति डॉ० अजय कुमार तिवारी ने संबोधित किया। उन्होंने मनो मया कोश पर अपनी बातें रखी इस दौरान उन्होंने मनो मया कोश में मन की अवधारणा पर भारतीय दर्शन और चिंतकों के विचारों से अवगत कराने का कार्य किया। कार्यशाला के मूल विषय चरित्र निर्माण एवं चरित्र का सम्पूर्ण विकास पर भी उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारी दी।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. ई–निविदा संख्या : 03-GSU-DHN-2025-26.
2. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति इकाई), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल के अंतर्गत बरवाडीह डिपो में माल ढुलाई रखरखाव सुविधाओं में सुधार। 12 (महीने)।
3. कार्य की लगभग लागत (रूपये में) : ₹12,68,56,259.03, 4. ब्याने की राशि (रूपये में) : ब्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागु। 5. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 14.07.2025 को 15.:00 बजे तक। 6. वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।

नोट :– (i) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले बेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/0463/डीएचएन/जीएस/टी/25–26/40

## संक्षिप्त खबरें...

### भतीजे संग चाची फरार, मंदिर में रचाई शादी



जमुई. जमुई में एक महिला ने पति की मौजूदगी में भतीजे से मंदिर में दूसरी शादी कर ली। महिला की पहली शादी 2021 में विशाल दुबे से हुई थी। वह एक बेटी की मां भी है, जो अब 4 साल की है। महिला पटना के राजीव नगर की रहने वाली है। शादी के दो साल बाद आयुषी की नजदीकियां रिश्ते में भतीजा लगने वाले पड़ोसी सचिन दुबे से बढ़ गईं। दोनों की मुलाकात सोशल मीडिया के जरिए हुई थी और धीरे-धीरे यह रिश्ता प्रेम में बदल गया। 15 जून को आयुषी अपने पति और बेटी को छोड़कर सचिन के साथ घर से फरार हो गई। इसके बाद विशाल दुबे ने टाउन थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच के दौरान दोनों प्रेमी सामने आए। इसके बाद गांव के शिव मंदिर में शुक्रवार को ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनों ने विवाह कर लिया। आयुषी ने पहले पति पर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। उसने कोर्ट में तलाक की अर्जी भी दी है। साथ ही उसने अपनी बेटी को भी पहले पति के हवाले कर दिया है। सचिन दुबे ने कहा, 'हम दोनों 2 साल से एक-दूसरे से प्यार करते हैं। अब हमारे रिश्ते को नाम मिल गया है। मैं आयुषी को जीवनभर खुश रखूंगा।' पहले पति विशाल दुबे ने कहा, 'अगर आयुषी की खुशी इसी में है तो मैं उसे रोकूंगा नहीं, लेकिन मुझ पर लगाए गए प्रताड़ना के आरोप झूठे हैं। उल्टा वह मेरी मां और बेटी से दुर्व्यवहार करती थी। अब से उसकी जिम्मेदारी सचिन की है।"

### उपेंद्र कुशवाहा को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी देने वाला गिरफ्तार, पार्टी में कर चुका है काम

पटना. राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी देने वाला पकड़ा गया है। पटना पुलिस ने शनिवार को उसे गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम राकेश कुमार है। वह मूलरूप से सीवान जिले का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि वह पूर्व में कुशवाहा की पार्टी से जुड़ा हुआ था। उनके हालिया एक बयान से खफा था, इसलिए लॉरेंस के नाम पर उन्हें धमकी दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा को बीते गुरुवार को अपने फोन पर जान से मारने की धमकी मिली थी। उन्होंने खुद सोशल मीडिया पोस्ट करके यह जानकारी दी थी। कुशवाहा ने कहा था कि उन्हें दो अलग-अलग नंबर से लगातार 7 धमकी भरे कॉल आए। साथ ही एक अन्य नंबर से मैसेज आया था। उन्होंने बताया कि धमकी देने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा होने का दावा किया था। साथ ही उसने कहा कि अगर वह (कुशवाहा) किसी एक खास राजनीतिक दल पर बोलते रहे तो उन्हें अंजाम भुगतना पड़ेगा। आरोपी ने उन्हें 10 दिन में खत्म करने की धमकी दी थी।

### ट्रक की ठोकर से एक भाई की मौत, दूसरा घायल

समस्तीपुर. समस्तीपुर के रोसरा मुख्य पथ पर अंगार घाट थाना क्षेत्र के राजेश्वर चौक के पास ट्रक की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई। जबकि, दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर चौथ टाड़ा गांव निवासी स्वर्गीय रंजीत राय का बेटा प्रियांशु कुमार (18) के रूप में की गई है। जबकि, जख्मी उमेश राय का बेटा गोलू कुमार है। घटना की सूचना के बाद पहुंची अंगार घाट थाने की पुलिस ने मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। घटना के संबंध में मृतक के मामा मिथिलेश राय ने बताया कि उनके भाई को बच्चा हुआ था। जिस कारण शुक्रवार रात छठी के भोज का आयोजन था। भोज खाने के लिए उनका भांजा प्रियांशु डढिया गांव आया था। सुबह वह अपने ममेरे भाई के साथ मोटरसाइकिल से पेट्रोल लाने के लिए गांव के ही पेट्रोल पंप की ओर जा रहा था।
रोसरा की ओर से आ रही एक ट्रक ने बाइक में ठोकर मार दी। इस घटना में प्रियांशु की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, गोलू कुमार जख्मी हो गया। जिसका उपचार चल रहा है। इस घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी अंगार घाट थाने की पुलिस को दी गई। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अंगार घाट थाना अध्यक्ष शिव ज्योति कुमारी ने बताया कि अज्ञात ट्रक की ठोकर से बाइक चालक की मौत हुई है। शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटना को लेकर अज्ञात ट्रक और चालक पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

### गंगा में गिरी स्कॉर्पियो:एक शव के साथ मिली थी गाड़ी; दूसरी बॉडी 15 घंटे बाद 5 किमी दूर बरामद हुई

बक्सर. बक्सर में शुक्रवार रात 9 बजे एक स्कॉर्पियो वीर कुंवर सिंह ब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए गंगा नदी में गिर गई। हादसे के वक्त गाड़ी की रफ्तार 100 से ज्यादा थी। बेकाबू होकर गाड़ी पहले तो डिवाइडर पर चढ़ी, फिर नीचे गिर पड़ी। हादसे के बाद रेस्क्यू टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया, करीब 4 घंटे बाद स्कॉर्पियो मिली, जिसे दो क्रेन की मदद से बाहर निकाल गया। गाड़ी से एक शख्स की लाश भी बरामद हुई है। दूसरा शव 15 घंटे बाद घटना स्थल से 15 किलोमीटर दूर बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि 'स्कॉर्पियो दुर्घटना मामले में दूसरा शव भी बरामद कर लिया गया है। अब सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया है। स्कॉर्पियो में दो लोगों के होने की बात सामने आई थी।' हादसे के बाद DM विद्यानंद सिंह और SP शुभम आर्य भी मौके पर पहुंचे थे। SDRF और स्थानीय गोताखोरों ने देर रात 4 घंटे सर्च ऑपरेशन चला। फिर आज यानी शनिवार सुबह भी सर्च ऑपरेशन चलाया गया, जिसमें दूसरे युवक की लाश मिली।

### पटना, जहानाबाद समेत 6 जिलों में तेज बारिश: बेगूसराय में आकाशीय बिजली गिरने से 2 की मौत

पटना. बिहार में मानसून का असर सभी जिलों में देखने को मिल रहा है। शनिवार को पटना, जहानाबाद, बक्सर, समस्तीपुर, रक्सौल, दरभंगा में तेज बारिश हुई। वहीं, सीवान, नालंदा और शेखपुरा में भारी बारिश की चेतावनी है। बेगूसराय में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने आज पूरे प्रदेश में बारिश की संभावना जताई है। इनमें 15 जिलों में ऑरेंज और 23 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, अगले 3 से 4 दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। उत्तरी-पूर्वी के साथ दक्षिण बिहार में भारी बारिश का अलर्ट है। वेदर एक्सपर्ट के अनुसार, इस दौरान तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे आम लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, राज्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून की सक्रियता तेज हो गई है। मानसून की रफ्तार और नमी वाले पछुआ हवाओं के प्रभाव से कई इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। आने वाले दिनों में इसका असर और तेज हो सकता है। साथ ही 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है।

### सोशल मीडिया पर धार्मिक पोस्ट करने वाला छात्र गिरफ्तार:साइबर सेल ने की कार्रवाई

छपरा. सारण के डोरीगंज थाना क्षेत्र से एक छात्र को धार्मिक भावना भड़काने वाले सोशल मीडिया पोस्ट के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक की पहचान धीरज कुमार (25), पिता द्वारिका राम, ग्राम मुसेपुर, थाना डोरीगंज के रूप में की गई है। धीरज पर आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर एक धर्म विशेष को टारगेट करते हुए आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया। यह मामला तब सामने आया जब सोशल मीडिया पर पोस्ट किया वीडियो तेजी से वायरल हुआ और स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत कल पुलिस से की। वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कुमार आशीष ने बताया कि जैसे ही मामला पुलिस के संज्ञान में आया, साइबर सेल और जिला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जांच शुरू की। जांच में पता चला कि यह वीडियो धीरज कुमार की सोशल मीडिया आईडी से पोस्ट किया गया था। इस मामले में अवतारनगर थाना में कांड संख्या 173/25, दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 196(2) और 197(2) BNS के साथ-साथ IT एक्ट की धारा 67(C) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धीरज कुमार को आज उसके घर से गिरफ्तार कर लिया और उसके द्वारा की गई आपत्तिजनक पोस्ट को सोशल मीडिया से डिलीट भी करवा दिया गया है।

# बिहार के लिए ऐतिहासिक दिन; वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन 400 से 1100 रु. बढ़ा

पटना. चुनावी साल में नीतीश सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन की राशि 400 से बढ़ाकर 1100 रुपए कर दी है। शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने अपने एक पोस्ट पर लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है, कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को अब हर महीने 400 रुपये की जगह 1100 रुपये पेंशन मिलेगी। सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने की 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। सीएम ने कहा कि इससे 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को काफी मदद मिलेगी। वृद्धजन



समाज का अनमोल हिस्सा हैं और उनका सम्मानजनक जीवन-यापन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयत्नशील रहेगी। इस फैसले पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बिहार के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री ने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और दिव्यांग पेंशन को 400 से बढ़ाकर 1100 रुपए करने का काम किया है। इसलिए मैं मुख्यमंत्री को धन्यवाद देता हूं। वहीं दूसरे डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने भी सरकार के इस फैसले को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि जो पहले 400 रुपए मिलती थी, अब 1100 मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसकी घोषणा कर दी है। महिला संवाद के दौरान लोगों द्वारा की गई मांग को पूरा करने का काम सरकार ने किया है। उन्होने कहा कि लोगों की मांग थी, कम से कम एक हजार रुपए पेंशन दिया जाए लेकिन सरकार ने लोगों की मांग से बढ़कर 1100 रुपए हर महीने पेंशन के तौर पर विधवाओ, वृद्ध जनों और दिव्यांग जनों को देने का फैसला लिया है। हर पंचायत में विवाह भवन बनाने का फैसला भी लिया है। इसके साथ ही सरकार ने कई अन्य बड़े फैसले भी लिए हैं,जो बिहार के लोगों के लिए गौरवान्वित होने का दिन है।

### जीविका कर्मियों का मानदेय दोगुना, दीदियों का लोन 3 परसेंट सस्ता

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक के बाद एक ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। अब सरकार ने जीविका योजना से जुड़ी महिलाओं और अन्य कर्मियों के लिए बड़ा ऐलान किया है। सरकार ने जीविका कर्मियों का मानदेय बढ़ाकर दो गुना कर दिया गया है। साथ ही जीविका दीदियों को अब पहले से सस्ती दर पर बैंक से लोन दिया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार शाम को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि जीविका स्वयं सहायता समूहों को 3 लाख रुपये से ज्यादा के लोन पर 10 की जगह 7 प्रतिशत की ब्याज देना होगा। सीएम नीतीश ने इससे कुछ ही घंटे पहले बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांगों के पेंशन में बढ़ोतरी की थी। सीएम नीतीश कुमार ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि सस्ता लोन मिलने से जीविका दीदियों की आमदनी बढ़ेगी और उनके जीवन स्तर में और सुधार होगा। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों से जुड़े विभिन्न प्रकार के प्रशासनिक, प्रशिक्षण एवं अन्य कार्यों के लिए 1.40 लाख कर्मचारी कार्यरत हैं। राज्य सरकार ने जीविका से जुड़े सभी कर्मियों के मानदेय में दोगुने की वृद्धि का फैसला लिया है। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा। सीएम नीतीश ने कहा कि महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए साल 2006 में हमारी सरकार ने विश्व बैंक से कर्ज लेकर जीविका परियोजना की शुरुआत की थी। अब तक राज्य की लगभग 1.40 करोड़ जीविका दीदियां स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन चुकी हैं।

# दोनों डिप्टी सीएम समेत कई मंत्रियों ने किया योग, मंगल पांडेय बोले- योग स्वस्थ रखता है

पटना. आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में योग दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तमाम नेता और अधिकारी पहुंचे हैं। वे योग के जरिए संदेश दे रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि योग दिवस की शुरुआत पीएम मोदी ने करवाया था। उनके सहयोग की वजह से ही यह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तौर पर तब्दील हो गया। उन्होंने कहा कि योग करने से मन प्रसन्न रहता है। सेहत अच्छी रहती है। पाटलिपुत्र खेल परिसर में इसका आयोजन किया गया है।

### 'एक विश्व एक स्वास्थ्य' है थीम

मंगल पांडेय ने यह भी कहा कि आज 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है। इसका थीम है कि 'एक विश्व एक स्वास्थ्य' के लिए योग। हम स्वस्थ रहे इसके लिए योग करना बेहद जरूरी है। इससे मन पर नियंत्रण रहता है मस्तिष्क पर भी नियंत्रित रहता है।



यह पुरानी पद्धति है, जिसको अब दुनिया ने स्वीकार कर लिया है। पूरे बिहार में आज स्वास्थ्य विभाग की ओर से योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि 'आज पूरी दुनिया में योग दिवस के अवसर पर सभी जगह युवा के महत्व और योग को अपने जीवन में कैसे उतारे, इसका संदेश दिया जा रहा है। योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, योग हमें नया जीवन भी देता है। जो इंसान सच में दुनिया में स्वस्थ रहकर कुछ करना चाहता है तो उसको जोग जरूर करना चाहिए। वैसे भी बिहार में भी दो तरह का योग चल रहा है एक जो योग ओरिजिनल देख रहे हैं और एक योग राजनीतिक योग चल रहा है। इसमें लोग शरीर से योग कम करते हैं। योग दिवस पर जो रहो रहा है, यह ओरिजिनल योग है।' कार्यक्रम में दोनों डिप्टी सीएम, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन समेत कई वरीष्ठ नेता और अधिकारी मौजूद रहे।

### ट्रेनर की ओर से करवाया गया योगाभ्यास

योग समारोह में बड़ी संख्या में छात्र, NCC कैडेट्स, स्वयंसेवक संगठन, सुरक्षा बल और आम नागरिक ने हिस्सा लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाना और जीवनशैली में इसके महत्व को बताना था। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, इसके बाद ट्रेनर द्वारा योग के लाभों को बताया गया।

### दरभंगा में नदियों को स्वच्छ रखने का सकंल्प

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार सुबह दरभंगा के ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय परिसर में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्रालय की ओर से योग शिविर का आयोजन हुआ। सुबह से ही शहर के कई हिस्सों में अलग-अलग समूहों में लोग योग करते नजर आए। विश्वविद्यालय परिसर में हुए सरकारी आयोजन में योग गुरु के नेतृत्व में करीब एक घंटे तक योग कराया गया। इस दौरान अलग-अलग योगासन कराए गए। हर आसन के फायदे के बारे में भी लोगों को बताए गए। कार्यक्रम का समापन 'करें योग, रहें निरोग' मंत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता को लेकर लोगों को शपथ दिलाई गई। इसमें नदी, नाले और जलाशयों को कचरा मुक्त रखने और गंदगी नहीं फैलाने का संकल्प लिया गया। यह चुनावी साल है, इसलिए लोकतंत्र को मजबूत करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया। मंत्री संजय सरावगी ने वहां सेल्फी लेकर इसकी शुरुआत की।

## रंगे हाथ धराया चोर, भीड़ ने जमकर की पिटाई; सीवान में लोगों से छोड़ने की लगाता रहा गुहार

सीवान. सीवान के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव में गुरुवार की रात चोरी के इरादे से घर में घुसे एक युवक को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। हैरानी की बात यह रही कि इस पूरी घटना का वीडियो गांव के ही किसी युवक ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को विशुनपुर गांव निवासी विजय पटेल के घर में रात को तीन युवक चोरी की नीयत से घुसे थे। घर के लोगों की सतर्कता से समय रहते शोर मचाया गया, जिसके बाद गांव वाले इकट्ठा हो गए और तीनों चोरों को घेर लिया। हालांकि, मौका मिलते ही दो युवक भागने में सफल हो गए, जबकि एक को भीड़ ने दबोच लिया। इसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने पकड़े गए युवक की सरेआम पिटाई शुरू कर दी। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि बारी-बारी से युवक को पीट रहे हैं और उससे उसके साथियों के नाम पूछ रहे हैं। लेकिन युवक अपनी जुबान नहीं खोलता। जिसके बाद किसी ग्रामीण ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन तब तक वीडियो वायरल हो चुका था। भगवानपुर हाट थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि घटना दो-तीन दिन पुरानी है और उस समय वे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में व्यस्त थे। उन्होंने आगे कहा कि डायल 112 को मौके पर भेजा गया था, जहां से इसे 'प्रेम प्रसंग में पकड़े जाने का मामला' बताया गया। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अब तक किसी भी पक्ष से कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस के इस बयान से ग्रामीणों में और भी ज्यादा आक्रोश है। एक तरफ जहां खुलेआम चोरी की वारदात और भीड़ की हिंसा का वीडियो सामने आया है, वहीं दूसरी ओर पुलिस इसे प्रेम प्रसंग का मामला बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश करती नजर आ रही है।

### तेजप्रताप-ऐश्वर्या तलाक केस में 4 जुलाई को होगी सुनवाई

पटना. लालू यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव और ऐश्वर्या राय के तलाक मामले में 4 जुलाई को सुनवाई होगी। पटना सिविल कोर्ट में शनिवार को सुनवाई की नई तारीख दी गई है।
22 दिन पहले सिविल कोर्ट में तलाक मामले की सुनवाई हुई थी। तब तेजप्रताप के वकील जगन्नाथ सिंह ने बताया था कि 'ऐश्वर्या राय के वकील ने 4 सप्ताह का समय मांगा है, लेकिन हमने कहा कि 2 सप्ताह से अधिक का समय नहीं दिया जाए, इस पर जज ने अगली सुनवाई की तिथि 21 जून निर्धारित की थी।'

## पटना में फिर हत्या से हड़कंप, एक्स आर्मी भतीजे ने अपने ही चाचा को गोली मारी; आरोपी फरार

पटना. बिहार की राजधानी पटना में दिन दहाड़े एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। घटना कंकड़बाग थाना इलाके की है। व्यक्ति की हत्या उसके एक भतीजे ने ही कर दी। जानकारी के मुताबिक आरोपी एक्स आर्मी मैन है और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की छानबीन की जा रही है। दिन के उजाले में हुई कांड से हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक कंकरबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत टीपीएस कॉलेज के पास आरोपी भतीजा ने आपसी विवाद में चाचा को गोली मार दी। आनन फानन में घायल को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। इस बीच आरोपी भतीजा फरार हो चुका था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मृतक की पहचान 60 वर्षीय सूरज यादव के रूप में की गयी है। सूरज यादव को उनके भतीजे सत्येंद्र यादव उर्फ झुनझुन यादव ने मुंह और सिर में गोली मार दी और फरार हो गया।मृतक की बेटी ने बताया कि झुनझुन इससे पहले उसकी मां पर भी होमला कर चुका था। केस करने पर उसे जेल भेजा गया था। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होना चाहिए। बताता कि शनिवार को दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और सत्येन्द्र ने सूरज यादव को गोली मार दी।

## होटल में नाबालिग से रेप, इलाज के दौरान मौत:कंप्यूटर क्लास के बहाने गई थी होटल, हालत बिगड़ने पर खुद अस्पताल लेकर पहुंचे आरोपी

बेतिया. बेतिया में एक होटल में नाबालिग छात्रा (17) के साथ दुष्कर्म हुआ। छात्रा की तबीयत जब बिगड़ने लगी तो आरोपी खुद उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में 3 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। होटल के मालिक से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, '19 जून की दोपहर 1 बजे नाबालिग छात्रा कंप्यूटर क्लास जाने के बहाने घर से निकली थी। कम्प्यूटर क्लास न जाकर वह मैनाटांड़ बाजार से अपने पहचान के दो लड़कों के साथ नरकटियागंज स्थित एक होटल पहुंची थी।' 'होटल में कमरा बुक कर आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बनाया। इसी दौरान उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश हो गई।' 'घबराए दोनों युवक उसे नरकटियागंज के गुप्ता अस्पताल ले गए, जहां से उसे GMC बेतिया रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।'

### रेप मर्डर के बाद बेटी के कपड़े बदले

घर से निकलने के बाद जब बेटी देर शाम तक नहीं लौटी तो परिवार ने ढूंढना शुरू किया। इसी बीच एक आरोपी ने लड़की के परिजनों को फोन कर के कहा कि उसका एक्सीडेंट हो गया है। वो बेतिया के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। जब परिजन वहां पहुंचे, तो बेटी मरी हुई मिली।अस्पताल में छात्रा को नाइट ड्रेस में देख परिजनों का शक और गहरा गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि लड़की के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या की गई है। मामले को छिपाने के लिए उसे दूसरे कपड़ों में अस्पताल लाया गया है।

### एसपी बोले- लड़की नाबालिग, इसलिए रेप केस होगा

परिजनों ने फौरन मैनाटांड़ थाना में FIR दर्ज करवाई। जिसमें दुष्कर्म के कारण मौत की बात कही गई। पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुए होटल मैनेजर सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों ने पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया है। इनके पास से एक हीरो स्प्लेंडर बाइक भी बरामद की गई है। बेतिया SP शौर्य कुमार ने बताया, 'छात्रा के मोबाइल से मिली डिटेल से पता चला कि तीनों आरोपियों में से एक से उसकी लगातार बातचीत होती थी। नाबालिग छात्रा अपनी सहमति से दोस्तों के साथ होटल में गई थी।' 'इसके बाद उसका दुष्कर्म किया गया। सामूहिक दुष्कर्म की बात नहीं है। FSL रिपोर्ट और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट अभी नहीं मिली है।' 'मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। जब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलेगी, तब मैं आपको बता पाऊंगा कि यह रेप है या नहीं।'

## जिस कॉलेज में किरानी थे उसके मालिक कैसे बने : प्रशांत किशोर

वैशाली. जन सुराज से संयोजक प्रशांत किशोर ने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने पूछा है कि जिस मेडिकल कॉलेज में क्लर्क थे उसके मालिक कैसे बन गए जबकि वह एक अल्पसंख्यक संस्थान है। यह बताने की चुनौती दी है कि पिछले 25 सालों में किन किन नेताओं के बच्चों ने उनके कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई की। उन्होने नीतीश सरकार के मंत्री अशोक चौधरी और मंगल पांडे पर भी निशाना साधा। शनिवार को प्रशांत किशोर वैशाली पहुंचे। प्रेस को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि दिलीप जायसवाल को फेसबुक पेज और फेसबुक ग्रुप में अंतर पता नहीं है। बीजेपी के नाम पर फेक अकाउंट वाले आरोप पर कहा कि देश के सबसे बड़े साइबर एक्सपर्ट से जांच करवा कर कार्रवाई करें। राज्य और केंद्र में उनकी ही सरकार है। इसी



दौरान पीके ने कहा कि दिलीप जायसवाल का पोल खोलने की तैयारी कर चुके हैं।

### कितने नेताओं के रिश्तेदारों ने एमबीबीएस की डिग्री ली

उन्होंने कहा कि दिलीप जायसवाल यह भी बताएं कि वे सिखों के जिस अल्पसंख्यक कॉलेज में क्लर्क हुआ करते थे, उसके मालिक कैसे बन गए। यह भी जानकारी साझा करें कि पिछले 20-25 वर्षों में उस मेडिकल कॉलेज से कितने नेताओं के बच्चों और रिश्तेदारों ने एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की है। अगर वे यह जानकारी साझा नहीं करते हैं तो जन सुराज जल्द ही प्रेस के माध्यम से इसकी पूरी जानकारी साझा करेगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि मुझे डरा नहीं सकते। वे अल्पसंख्यक कॉलेज के मैनेमेंट कमेटी में कैसे जगह बनाई। अपनी बहू को कैसे कॉलेज का इनचार्ज बना दिया। कहा कि 50 से ज्यादा अलग अलग दल के नेताओं ने उनके कॉलेज से मेडिकल की डिग्री दिलवाई है। पीके ने अशोक चौधरी पर भी हमला किया। कहा कि अशोक चौधरी ने दल बदल से ऊपर का तरीका निकाला। सभी दलों में एक एक आदमी को सेट कर दिया। पिताजी कांग्रेस में थे, खुद जदयू में, बेटी लोजपा आर में और दामाद बीजीपी आरएसएस कोटे से हैं।

## एनएच पर 25 फीट गहरे गड्ढे में पलटी बस: बेगूसराय में 15 यात्री घायल, 3 की हालत गंभीर



बेगूसराय. बेगूसराय में एनएच-28 पर तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर 25 फीट गहरे गड्ढे में पलट गई। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए। आनन-फानन में सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछवाड़ा लाया गया। जहां से 3 लोगों को डॉक्टरों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना सूरो मुरली टोल के पास की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, 'दलसिंहसराय से पैसेंजर को लेकर बस बेगूसराय आ रही थी। करीब 30 लोग सवार थे। फतेहा रेल ओवरब्रिज से आगे बढ़ते ही लाइन होटल के पास गड्ढे में पलट गई। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। यात्रियों को बस से बाहर निकाला। तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। सभी को सीएचसी में एडमिट कराया गया। ज्यादातर लोग गंगा स्नान करने के लिए झमटिया घाट जा रहे थे।' घायलों में रीता देवी (35), अभिषेक कुमार (12), मनोज कुमार पासवान (42), गोविंद मिश्रा (35), कंचन कुमारी (27), मो. सोहेल (42), जीवछ देवी (65), अंकिता (12), संतोष महतो (42), कोमल कुमारी (22), महेश्वर पासवान (55), रूपेश कुमार (10), प्रमिला देवी (70), रानी देवी (35), आरएन सिंह (85) और मंजू देवी (45) शामिल है।

## बिना लगेज पटना पहुंचीं एअर इंडिया की 2 फ्लाइट: एयरलाइन ने कहा- घर तक पहुंचाएंगे सारा सामान

पटना. शनिवार को पटना पहुंचीं एअर इंडिया की 2 फ्लाइट यात्रियों का लगेज लिए बिना ही लैंड हुईं। बेंगलुरु से पटना पहुंची फ्लाइट IX2936 कुछ यात्रियों का सामान लिए बिना पटना पहुंची। इसी तरह चेन्नई से पटना पहुंची फ्लाइट XI1634 के भी कुछ यात्रियों का लगेज छोड़ आई। इसके बाद से एयरपोर्ट पर यात्रियों का हंगामा शुरू हो गया। एअर इंडिया ने यात्रियों से कहा कि 'वजन ज्यादा हो गया था, इसलिए लगेज नहीं ला पाए।' यात्रियों से एअर इंडिया की तरफ से कहा गया कि 'पटना एयरपोर्ट का रनवे छोटा है और बारिश हो रही थी। इसलिए हैवी सामान नहीं आ



सका है। आज एअर इंडिया की कोई भी फ्लाइट पटना नहीं आ रही है, इसलिए कल सुबह 8 बजे तक सामान पहुंचने की बात कही गई है।' एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि 'इंटरनेशनल कनेक्टिंग फ्लाइट है। इसमें कभी-कभी ऐसी परेशानी आ जाती है। जो पैसेंजर पहले आते हैं उनका सामान बाद में आता है उनकी डिलीवरी घर तक की जाती है इसमें कोई परेशानी की बात नहीं है।' लगेज नहीं मिलने पर यात्री भड़क गए। एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा किया। एअर इंडिया ने कहा कि यात्रियों का सामान सीधे उनके घर पहुंचा दिया जाएगा। एअर इंडिया के ग्राउंड स्टाफ और सीआईएसएफ के जवानों ने यात्रियों को शांत कराया। कई ऐसे पैसेंजर भी थे, जिन्हें दूसरी फ्लाइट पकड़नी थी। लेकिन, लगेज नहीं आने के कारण उन्हें काफी परेशानी हुई।

### पैसेंजर को नहीं दी गई जानकारी

फ्लाइट में सवार विवेक शर्मा ने बताया- 8:30 बजे के करीब हमारी फ्लाइट बेंगलुरु से पटना लैंड हुई। अनाउंसमेंट के बाद अपना लगेज लेने गए तो सामान वहां नहीं पहुंचा था। एअर इंडिया की तरफ से कहा गया कि बारिश के कारण लगेज भारी हो गया है। इस कारण लगेज नहीं लाया गया है। इसकी जानकारी किसी भी पैसेंजर को नहीं दी गई थी। अभी भी कोई गारंटी नहीं दी गई है कि हमारा लगेज कब तक आएगा। सिर्फ एक रिसिप्ट दी गई है। कहा गया है कि आज या कल तक हमारे घर पहुंचा दिया जाएगा। हमने जब एयरपोर्ट अथॉरिटी से इसकी शिकायत की तो कहा गया है कि वो लोग चेक कर रहे हैं। आज-कल में हमारे घर लगेज पहुंचा दिया जाएगा। इसके लिए हमारी डिटेल भी लिखी गई है। कई पैसेंजर अब अपने घर जा रहे हैं, तो कई अभी भी लगेज का इंतजार कर रहे हैं।' चेन्नई से आए पैसेंजर शिवाजी ने कहा कि 'मेरी पुणे से कनेक्टिंग फ्लाइट थी। मैंने एक्स्ट्रा लगेज के लिए 3500 रुपए दिए हैं। लैंडिंग पर हमें कहा गया कि बेल्ट 3 पर हमारा लगेज आएगा।'

## लोकतंत्र को बचाने में मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण

बिहार और झारखंड विधानसभा के चुनाव इसी वर्ष होने जा रहे हैं। अगले साल असम, पश्चिम बंगाल, पांडिचेरी, तमिलनाडु और केरल के विधानसभा चुनाव हैं। भारत में लोकतंत्र बचाओ अभियान विपक्ष चला रहा है। लोकतंत्र को बचाए रखने में मतदाताओं का सजग होना जरूरी है। मतदाताओं को अधिकार और कर्तव्यों का ज्ञान होना जरूरी है। मतदाताओं की रुचि अपने अधिकारों और लोकतंत्र को बनाए रखने की नहीं होगी, तो सत्ता में बैठे हुए लोग बहुमत के आधार पर सत्ता में बने रहने के लिए जवाबदेही से बचते हैं। बहुमत के बल पर इस तरह के नियम और कानून बनाते हैं। जिसके कारण नागरिकों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अधिकार सीमित होते चले जाते हैं। नियम और कानून की आड़ में नागरिकों के मूल अधिकारों का हनन होने लगता है। सरकारों की ताकत बढ़ जाती है। मतदाता सरकारों पर निर्भर होकर रह जाते हैं। लोकतंत्र में चुनाव एक सेफ्टी वाल्व का काम करता है। जो लोगों की नाराजगी को चुनाव के दौरान सामने लाता है। सत्ता में यदि समय-समय पर परिवर्तन होते हैं, ऐसी स्थिति में सरकारें जनता के प्रति जवाबदेह होती हैं। लोकतंत्र के लिए सबसे पहले खतरा अधिनायकवाद है। जब भी कोई सरकार अधिनायकवादी और असहमति से बचने लगती है। नागरिकों के अधिकारों को तरह-तरह के कानून बनाकर नियंत्रित करने की कोशिश करती है। उसके कारण अधिनायकवाद बढ़ता चला जाता है। नागरिकों के अधिकार सीमित होते चले जाते हैं। हाल ही में जिस तरह से बुलडोजर न्याय चल रहा है और सांसदों और विधायकों के अधिकार सीमित होते चले जा रहे है। जिस तरह से आम आदमी के ऊपर टेक्स बढ़ाये जा रहे हैं। नागरिकों की स्वतंत्रता, मौलिक अधिकार और लोकतंत्र पर सबसे बड़ा खतरा महसूस किया जा रहा है। जब कोई भी सत्ता बार-बार लंबे समय तक बनी रहती है। उसमें वंशवाद और अधिनायकवद बढ़ता जाता है। जो आगे चलकर तानाशाही में बदल जाता है। इस स्थिति में जनता की सुनवाई नहीं होती है। जब सरकार बड़े बहुमत के साथ सत्ता में आती है। ऐसे समय पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र भी समाप्त हो जाता है। जिसके कारण लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं समाप्त होने लगती हैं। वर्तमान में जिस तरह से राजनीति में धर्म, जाति, राष्ट्रवाद, बेनामी संपत्ति, धनबल और बाहुबल बढ़ा है। वह लोकतंत्र के लिए सबसे खतरनाक स्थिति है। जब केंद्र एवं राज्यों में एक ही राजनीतिक दल की सरकारें लंबे समय तक रहती है। जैसा वर्तमान में कहा जा रहा है, डबल इंजन की सरकार को चुनें अन्यथा नुकसान होगा। जहां पर सिंगल इंजन की सरकार है। वहां पर केंद्र की सरकार उनके साथ भेदभाव करती है। जिसके कारण संघीय व्यवस्था और लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं डगमगाने लगी हैं। डॉक्टर अंबेडकर ने भी जब संविधान पर चर्चा हो रही थी। तब इस तरह की स्थिति पर चिंता व्यक्त की थी। केंद्र की सरकार राज्यों की शक्ति कम करने की कोशिश करती है। डबल इंजन की सरकार का जुमला अपने आप में लोकतंत्र और संघवाद के खिलाफ है। चुनाव के पूर्व सभी राजनीतिक दल अपने-अपने घोषणा पत्र लेकर जनता के पास जाते हैं। उसके आधार पर जनता के मत को प्राप्त करते हैं। बाद में राजनैतिक दल की गई घोषणाओं से पल्ला झाड़ लेते हैं। यह मतदाताओं के साथ धोखा है। धोखाधड़ी करके राजनैतिक दल चुनाव जीत जाते हैं। भारत में अभी इस तरह की धोखाधड़ी के आधार पर सरकारों को नियंत्रित करने का कोई प्रावधान नहीं है। जिसके कारण पिछले वर्षों में यह प्रवृत्ति बड़े पैमाने पर बढ़ी है चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को तरह-तरह के प्रलोभन दिए जाते हैं। चुनाव जीतने के बाद मतदाताओं के प्रति सरकार असंवेदनशील हो जाती है। लोकतंत्र को यदि बचाए रखना है, तो इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी मतदाताओं की है। भारत की एक तिहाई आबादी अभी भी गरीबी रेखा के नीचे है। बेरोजगारी और महंगाई से आम आदमी त्रस्त है। स्वास्थ्य और शिक्षा का ढांचा पिछले कुछ वर्षों में बड़ी तेजी के साथ कमजोर होने लगा है। भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है। राजनीतिक दलों और सरकार के उच्च पदों के लोग आम जनता की जरूरतों को समझने और हल करने के मामलों में संवेदनशील नहीं है। जिसके कारण एक अराजकता जैसा माहौल बनने लगा है। सत्ता में बैठे हुए लोगों की जिम्मेदारी तय नहीं हो रही है। लोकतंत्र को बनाए रखना इस समय की सबसे बड़ी चुनौती है। 1975 में इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था। वह संवैधानिक और कुछ समय के लिए था। सत्ता में बने रहने के लिए राजनैतिक दलों द्वारा सत्ता का दुरुपयोग किया जा रहा है। उसके कारण संवैधानिक प्रावधानो का पालन नहीं हो रहा है। मुकदमे बढ़ती चली जा रही है। आम आदमी मुकदमे लड़ नहीं सकता है। अपने अधिकारों के लिए लड़ना नागरिक भूलता जा रहा है। जिसके कारण लोकतंत्र इस समय अपने सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है। समय रहते मतदाताओं को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। राजनीतिक दलों और सामाजिक संस्थाओं को भी लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए जन जागरण करने आगे आना होगा। तभी जाकर संविधान और लोकतंत्र को सुरक्षित रख पाएंगे।

## दिलों को ही नहीं, विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ता है संगीत

संगीत हर इंसान के न सिर्फ शारीरिक, बल्कि भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। यह ईश्वर का मानव को अनमोल उपहार है। क्योंकि एक सुर, जो जोड़ता है दुनिया को बिना बोले, धुनों से रचता है मनुष्य मन की कहानी। संगीत न केवल शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम है बल्कि यह हमारी भावनाओं को जुबान देता है, यह तनाव कम करता एवं अनेक बीमारियों से मुक्ति भी देता है। संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देता है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने में संगीत सबसे असरदार माध्यम है। संगीत को दुनिया की सबसे आसान और बेहतरीन भाषा मानी जाती है। संगीत की इन्हीं विलक्षण एवं अद्भुत विशेषताओं के कारण ही 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 की थीम है 'सद्भाव के माध्यम से उपचार', जो संगीत की एकजुटता और उत्थान की क्षमता पर जोर देता है। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता, सद्भाव, सौहार्द तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है। संगीत दिवस को 'फेटे डी ला म्यूजिक' के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है 'संगीत उत्सव'। विश्व संगीत दिवस 110 देशों में भी मनाया जाता है जिनमें जर्मनी, इटली, मिस्र, सीरिया, मोरक्को, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, कांगो, कैमरून, मॉरीशस, फिजी, कोलम्बिया, चिली, नेपाल, और जापान आदि हैं। विश्व में सदा ही शांति बरकरार रखने के लिए ही फ्रांस में पहली बार 21 जून 1982 में प्रथम विश्व संगीत दिवस मनाया गया था, जिसका श्रेय तात्कालिक सांस्कृतिक मंत्री श्री जैक लो को जाता है। इससे पूर्व अमेरिका के एक संगीतकार योएल कोहेन ने वर्ष 1976 में इस दिवस को मनाने की बात की थी। इस त्यौहार के अलग-अलग देशों में अलग-अलग नाम हैं, उदाहरण के लिए फ्रांस में 'ला फेते डे ला म्यूजिक', यूके में 'मेक म्यूजिक डे', इटली में 'फेस्टा डेला म्यूजिका' या पोलैंड में 'स्विएटो मुजिकी'। भारत में संगीत जीवन का अभिन्न हिस्सा है, शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपुरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में सपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। ये संगीत का जादुई प्रभाव ही है कि नवजात शिशु भी झुनझुने की आवाज सुन किलकारी भरने लगता है। श्रीकृष्ण की बांसुरी की मीठी ध्वनि को सुन गोपियों का आकर्षित हो खिंचे चले आना-ये सारे किस्से संगीत की ही महिमा का बखान करते हैं।

विश्व संगीत दिवस पर सभी प्रकार के संगीत का जश्न मनाया जाता है, जिसमें फंक, जैज, रॉक, शास्त्रीय, लोक, टेक्नो, ब्लूज आदि शामिल हैं। भारतीय संगीत प्राचीन काल से भारत मे सुना और विकसित होता संगीत है। शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। ब्रह्माजी ने ज्ञान की देवी सरस्वती को संगीत की सीख दी। मां सरस्वती के कर-कमलों में वीणा की उपस्थिति संगीत की महानता की कहानी स्वयं ही कह जाती है। देवी सरस्वती ने नारदजी को, नारदजी ने महर्षि भरत को तथा महर्षि भरत ने नाट्यकला के माध्यम से जन सामान्य में संगीत को पहुंचाया। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखावनियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बावरा, कवि रहीम, संत रैदास संगीत को सदैव जीवित रखेंगे।

## बिहार में इस बार किसकी बहार

राधा रमण

> चुनावी लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने के लिए कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर भी अपनी जनसुराज पार्टी बनाकर मैदान में उतर चुके हैं। प्रशांत अपनी पार्टी में कई रिटायर्ड नौकरशाहों के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री और जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचन्द्र प्रसाद सिंह (आरसीपी सिंह) को जोड़ चुके हैं। बिहार के चर्चित यू-ट्यूबर मनीष कश्यप भी भाजपा के रास्ते अब प्रशांत के साथ हो लिये हैं। प्रशांत का दावा है कि उनकी पार्टी सभी 243 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी।

पांच साल बाद बिहार में विधानसभा चुनाव की रणभेरी फिर बजनेवाली है। हालांकि चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान तारीखों की घोषणा नहीं की है। बिहार विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 22 नवंबर 25 तक है। जाहिर है विधानसभा के चुनाव इससे पहले ही होंगे। पिछली बार 2020 में तीन चरणों में 28 अक्टूबर, 3 नवंबर और 7 नवंबर को बिहार विधानसभा के चुनाव कराये गए थे। सरकार का गठन 23 नवंबर को हुआ था। ऐसे में अटकलें हैं कि चुनाव आयोग 15 अगस्त के बाद कभी भी मतदान तारीखों की घोषणा कर सकता है। भले ही मतदान की तिथियों पर चुनाव आयोग खामोश है लेकिन बिहार के सियासी दलों ने अपने पत्ते खोलने प्रारंभ के दिए हैं। सीटों की दावेदारी पर राज्य के 3 बड़े दलों (राष्ट्रीय जनता दल, भारतीय जनता पार्टी और जनता दल – यूनाइटेड) ने अभी तक पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन उन्हें समर्थन देनेवाली पार्टियों के नेता मनमाफिक दावेदारी करने लगे हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगी और पिछली मौजूदा विधानसभा में महज 4 सीटोंवाली हिन्दुस्तान अवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी इस बार 40 सीटों पर दावा ठोंक रहे हैं तो बिना विधायक की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सर्वेसर्वा केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान राज्य की कुल 243 सीटों पर असर होने का दावा कर रहे हैं। एनडीए के एक और सहयोगी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा कहते हैं कि अगर उन्हें डुबोने की कोशिश की गई तो डुबोने वाले भी नहीं बचेंगे। उधर, मुख्यमंत्री नीतीश की पार्टी जदयू चुनाव में भाजपा के बराबर सीटों की दावेदारी पर पहले से अडिग है। जाहिर है एनडीए के सभी घटक दल अपनी ताकत बढ़ाने की फिराक में हैं।

सीटों के बंटवारे पर रार महागठबंधन में भी कम नहीं है। कांग्रेस पिछली बार की तरह इस बार भी 70 सीटों पर दावेदारी कर रही है। उधर, विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी विधानसभा की 60 सीट और उप मुख्यमंत्री पद की मांग कई दफा सार्वजनिक रूप से कर चुके हैं। इस बीच 'बदलो सरकार-बदलो बिहार' यात्रा निकाल चुके वामदलों के नेता 45 सीटों की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि पिछले चुनाव में उन्हें 29 सीटें मिली थीं जिनमें 16 सीटों पर जीत मिली थी, जबकि कांग्रेस 70 सीटों पर लड़कर महज 19 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। अगर इन दलों की मांग मान ली जाए तो क्या राष्ट्रीय जनता दल (राजद) महज 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी ? पिछली बार राजद 144 सीटों पर चुनाव लड़ी थी जिसमें 78 सीटों पर जीत मिली थी। इसके अलावा राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष और रामविलास पासवान के छोटे भाई पशुपति कुमार पारस भी महागठबंधन के बैनरतले चुनाव मैदान में उतरने की जुगत खोज रहे हैं। उनकी लालू यादव और तेजस्वी से मुलाकात भी हो चुकी है। उधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी 12 सीटों पर दावा किया है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य कहते हैं कि झारखंड में हमने राजद के एकमात्र विधायक को मंत्री बनाया क्योंकि हम गठबंधन के तहत चुनाव मैदान में थे। अब राजद और कांग्रेस को बड़ा दिल दिखाना चाहिए। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की भी इच्छा महागठबंधन के बैनरतले चुनाव में उतरने की है। उसके नेता तेजस्वी यादव और लालू यादव तक अपनी बात पहुंचा चुके हैं। हालांकि कांग्रेस उसे साथ लेने को राजी नहीं है। ऐसे में महागठबंधन में सीटों के बंटवारे में सिरफुटौव्वल तय है।

चुनावी लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने के लिए कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर भी अपनी जनसुराज पार्टी बनाकर मैदान में उतर चुके हैं। प्रशांत अपनी पार्टी में कई रिटायर्ड नौकरशाहों के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री और जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचन्द्र प्रसाद सिंह (आरसीपी सिंह) को जोड़ चुके हैं। बिहार के चर्चित यू-ट्यूबर मनीष कश्यप भी भाजपा के रास्ते अब प्रशांत के साथ हो लिये हैं। प्रशांत का दावा है कि उनकी पार्टी सभी 243 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। उधर, वोट बैंक बढ़ाने के लिए आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, तृणमूल कांग्रेस समेत तमाम दल किसी से तालमेल न हो पाने की स्थिति में अकेले मैदान में ताल ठोंकेंगे। ये दल भले ही चुनाव नहीं जीतें लेकिन दोनों गठबंधनों में किसी का खेल जरूर खराब करेंगे।

इस बीच, राजद ने वरिष्ठ समाजवादी नेता मंगनीलाल मंडल को बिहार राजद का अध्यक्ष बनाकर अति पिछड़ों में पैठ बनाने का बड़ा दांव चल दिया है। मंडल धानुक जाति से आते हैं। वह जदयू के रास्ते से राजद में आये हैं। उनका व्यक्तित्व निर्विवाद रहा है। वे लोकसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। देखना दिलचस्प होगा कि मंडल अपनी जाति का कितना वोट राजद को ट्रांसफर करा पाते हैं। बिहार की सियासत में जाति एक कटु सच्चाई है। वहां जाति के आधार पर न सिर्फ नेता हैं बल्कि जाति के आधार पर दल भी बने हैं। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव हों, चिराग पासवान हों या पशुपति पारस, मुकेश सहनी हों या जीतनराम मांझी, उपेन्द्र कुशवाहा हों या सम्राट चौधरी, नीतीश कुमार हों अथवा रामचन्द्र प्रसाद सिंह, सभी की राजनीति जातीयता की धुरी पर ही टिकी है। उधर, चुनाव से चार महीना पहले एनडीए ने राज्य में वर्षों से खाली पड़े आयोग-बोर्डों के पदों को भर दिया है। कुल 13 आयोगों में से 8 का अध्यक्ष जदयू ने अपने नेताओं को बनाया है। 4 आयोग के अध्यक्ष भाजपा के नेता बनाए गए हैं, जबकि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता और चिराग पासवान के बहनोई मृणाल पासवान को अनुसूचित जाति आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। जीतनराम मांझी के दामाद देवेन्द्र कुमार को इसी आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है। उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी के हिस्से में महज सदस्य का पद मिला है। ऐसा करके टिकट के दावेदारों की भीड़ पर नियंत्रण करने का प्रयास किया गया है। हालांकि राजनीति के जानकार चुनावी साल में वर्षों से खाली पड़े आयोग के पुनर्गठन पर सवाल कर रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि क्या एनडीए सरकार को वापसी में संशय लग रहा है जो आयोग- बोर्डों में खाली पदों को भरने में तत्परता दिखाई!

सियासी गुणा-गणित से इतर भाजपा पिछले एक साल से चुनाव प्रचार में पूरी तन्मयता से जुटी है। एक साल में प्रधानमंत्री सात बार बिहार का दौरा कर चुके हैं। इसमें पांच बार का दौरा तो जनवरी से जून तक हो चुका है। वह अपनी हर सभा में लालू-राबड़ी के शासनकाल पर हमला बोलते हैं और हजारों करोड़ की योजनाओं की घोषणा करते हैं।

## भगवान राम के विचार से देश है आत्मनिर्भर

संजय गोस्वामी

> कि अब हमें भी इसी से सबक लेते हुये से मोह-रावण का नाश कर, ही सही मायने में भगवान राम की सच्ची आराधना होगी तभी जीवन में असली शांति और भगवान श्री राम के प्रति अपार श्रद्धा होगी ।भगवान श्री राम एक शुद्ध विचार है जो मर्यादा के पालन की प्रेरणा देता है. अतः इसमें भगवान राम अवश्य ही उसे मदद ही नहीं बल्कि आशीर्वाद देंगें जो उनका नाम प्रेम से लिया है भगवान श्री राम को क़ोई मामूली देवता समझना भूल होगी सम्पूर्ण विश्व का निर्माता एक मात्र ईश्वर है जिसके नाम जपने से ही प्राणी के अंदर सद्बुद्धि आती है और अन्त में मनुष्य की अंतिम यात्रा में राम नाम की गूंज से उसके आत्मा को शांति मिलती है जो भी भगवान श्री राम का सही मायने में भक्त हुआ उसे उसके प्रकाश से दुनिया की हर चीज बेकार लगने लगी और अंततः वो इसके लिए अपना प्राण तक दे दिया।

भगवान राम के विचार से देश है आत्मनिर्भर है क्योंकि उन्होंने भारत के लोगों को जो संदेश दिया वही देश की शक्ति है और भारत माता के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है रामचरितमानस कोई कहानी की किताब नहीं है, अपने मानस में, मन में देखा गया राम चरित्र है। हमें भी मानस के पात्रों को व्यक्ति रूप में नहीं, अन्तःकरण की वृत्ति के रूप में देखना है। ध्यान दें, तुलसीदास जी विनय पत्रिका में लिखते हैं-

अपारे संसारे विषय विष पूरो जलनिधि
रचित मन दनुज मय रूप धारी

माने विषय वासना के जल से भरा यह संसार ही सागर है। इस संसार-सागर में, आपका मन ही मय दानव है, इसी के द्वारा रचित यह आपका शरीर ही लंका है। इस देह रूपी लंका का वास्तविक उत्तराधिकारी जीव रूपी विभीषण है। पर यह जीव रूपी विभीषण, मोह रूपी रावण, अहंकार रूपी कुम्भकरन, काम रूपी मेघनाद और वासना रूपी सूर्पनखा के वशीभूत है। जीव-विभीषण, भगवान का टूटा फूटा भजन तो करता है, पर अपनी आँखों से मोहादि के, सब प्रकार के अनाचार दुराचार पापाचार को देखता हुआ भी, मोह की सत्ता का विरोध नहीं करता।

जब जीव के करोड़ों जन्मों का किया हुआ पुण्य, फल देने को खड़ा होता है, तब उसके जीवन में हनुमान रूपी संत आते हैं, तब ही जीव रूपी विभीषण को साहस होता है और वह मोहादि को चुनौती देता है। वह मोह रूपी रावण की लात तो खाता है, पर अन्ततः गिरता पड़ता भगवान की शरण में जाता है। भगवान अंतःकरण में अवतरित होकर, उतर कर, मोहादि का नाश कर देते हैं। और शान्ति रूपी सीता, जो मोह के कारण, हृदय रूपी अशोक वाटिका में बन्दी पड़ी थी, बंधन से मुक्त हो जाती है। यही असली दशहरा है।बाहर लाख रावण जलाओ, जब तक भीतर मोह की सत्ता है, जब तक भक्ति मोह वाटिका में बन्दी पड़ी है, तब तक आपके जीवन में चैन कहाँ? कि अब हमें भी इसी से सबक लेते हुये से मोह-रावण का नाश कर, ही सही मायने में भगवान राम की सच्ची आराधना होगी तभी जीवन में असली शांति और भगवान श्री राम के प्रति अपार श्रद्धा होगी ।भगवान श्री राम एक शुद्ध विचार है जो मर्यादा के पालन की प्रेरणा देता है. अतः इसमें भगवान राम अवश्य ही उसे मदद ही नहीं बल्कि आशीर्वाद देंगें जो उनका नाम प्रेम से लिया है भगवान श्री राम को क़ोई मामूली देवता समझना भूल होगी सम्पूर्ण विश्व का निर्माता एक मात्र ईश्वर है जिसके नाम जपने से ही प्राणी के अंदर सद्बुद्धि आती है और अन्त में मनुष्य की अंतिम यात्रा में राम नाम की गूंज से उसके आत्मा को शांति मिलती है जो भी भगवान श्री राम का सही मायने में भक्त हुआ उसे उसके प्रकाश से दुनिया की हर चीज बेकार लगने लगी और अंततः वो इसके लिए अपना प्राण तक दे दिया और अमर हो गए जैसे गया गुरू अर्जुन देव, गुरू तेगवहादुर बंदा बहादुर गुरुगोविन्द सिंह के सारे बच्चे जो अमर हो गए और अन्य गुरु जो राम को ही अपना सबकुछ माना सब ज्योतिपुंज में समा गए अतः भगवान श्री राम की महिमा अपरम्पार है इसके नाम जपने मात्र से प्राणी हर बंधनों से मुक्त हो अमर हो जाता है भगवान राम सबसे बड़े पुत्र थे, इस अधिकार से उन्हें अध्योया की राजगद्दी सौंपी जानी थी। लेकिन माता कैकेयी के आदेश का पालन करते हुए उन्होंने राजपाट की जगह वनवास चुना। इससे मानव मात्र को यह शिक्षा लेनी चाहिए की माता-पिता की आज्ञा का पालन करना ही संतान का सबसे पहला धर्म है।

धैर्यशीलता का सबसे अच्छा उदाहरण आज के इस समय में मनुष्य में धैर्य की कमी पाई जाती है, जो व्यक्ति के लिए कई समस्याएं खड़ी कर देती है। ऐसे में राम जी का जीवन धैर्य का एक उत्तम उदाहरण है। जब माता कैकेयी ने राम जी को 14 वर्ष का वनवास का आदेश दिया तब राम जी ने इसे पूरे धैर्य के साथ स्वीकारा। वहीं, समुद्र पर सेतु तैयार करने के लिए तपस्या की। इसके साथ ही जब माता सीता को पुनः वन में जाना पड़ा तब श्री राम ने भी राजा होते हुए भी संन्यासी की तरह जीवन व्यतीत किया। एक आदर्श पुत्र होने के साथ-साथ राम जी एक आदर्श भाई का भी उत्तम उदाहरण हैं। आज के इस कलयुग में जब भाई, भाई का दुश्मन बन जाता है। ऐसे में वनवास के दौरान राम जी के भाई भरत उन्हें वापिस अयोध्या लेने आए तो उन्होंने माता-पिता की आज्ञा को ही सर्वोपरि रखा और राजपाट भरत को ही सौंप दिया।

मित्रता निभाने में भी राम जी सबसे आगे रहे हैं। केवट, सुग्रीव और विभीषण आदि उनके परम मित्र रहे और स्वयं इन सभी के संकट झेले। बिना कोई भेदभाव किए उन्होंने सभी के साथ अपनी दोस्ती निभाई।

मित्रता निभाने में भी राम जी सबसे आगे रहे हैं। केवट, सुग्रीव और विभीषण आदि उनके परम मित्र रहे और स्वयं इन सभी के संकट झेले। बिना कोई भेदभाव किए उन्होंने सभी के साथ अपनी दोस्ती निभाई।

इस लेख में निहित किसी भी जानकारी/सामग्री/गणना की सटीकता या विश्वसनीयता की गारंटी नहीं है। विभिन्न माध्यमों/ज्योतिषियों/पंचांग/प्रवचनों/मान्यताओं/धर्मग्रंथों से संग्रहित कर ये जानकारियां आप तक पहुंचाई गई हैं। हमारा उद्देश्य महज सूचना पहुंचाना है, इसके उपयोगकर्ता इसे महज सूचना समझकर ही लें। इसके अतिरिक्त, इसके किसी भी उपयोग की जिम्मेदारी स्वयं उपयोगकर्ता की ही रहेगी।आज हमारे देश की ताकत भगवान राम जी के आदर्श हैं उन्होंने शांति से जीना भी सिखाया, और नारी सम्मान के लिए युद्ध करना भी सिखाया, हमारा देश किसी भी अपने मामले में किसी दूसरे देश की दखलअंदाजी बिलकुल बर्दास्त नहीं करेगा क्योंकि ऐ देश 140 करोड़ लोगों का एक लोकतान्त्रिक देश है देश पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर है और आतंकवादी घटना बिल्कुल बर्दास्त नहीं करेगा क्योंकि ऐ बात प्रधानमंत्री मोदीजी ने जी -7 सम्मलेन पर कहा, इससे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चुपी साध ली और लंच पर बुलाया लेकिन श्री मोदीजी ने इसे अस्वीकार कर दिया क्योंकि ट्रम्प ने दोनों देशों को एक ही नजरिये से ट्रेड का बहाना बनाया था लेकिन पाकिस्तान के सेना प्रमुख मुनीफ लंच पर जाएं या ना जाएं लेकिन ऐ सिद्ध होता है अमेरिका पर भरोसा करना ठीक नहीं है भारत के वैज्ञानिक हमारे देश के नायक हैं जिन्होंने अमेरिका के दबाब में भी 1998 में परमाणु परीक्षण भी कर लिया और भारत परमाणु संपन्न देश है जो ना तो किसी से डरेगा ना ही किसी के लालच में पड़ेगा क्योंकि भगवान राम का आशीर्वाद है।

## कर्म से बना है वर्ण

मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे।

वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

### प्रतिभा और ज्ञान

एक संत को जंगल में एक नवजात शिशु मिला। वह उसे अपने घर जे आए। उन्होंने उसका नाम जीवक रखा। उन्होंने जीवक को अच्छी शिक्षा-दीक्षा प्रदान की। जब वह बड़ा हुआ तो उसने संत से पूछा, गुरुजी, मेरे माता-पिता कौन हैं? संत को जीवक के मुंह से यह सुनकर बड़ा आश्चर्य हुआ लेकिन उन्होंने उसे सच बताने का निश्चय किया और बोले, पुत्र, तुम मुझे घने जंगलों में मिले थे। मुझे नहीं मालूम कि तुम्हारे माता-पिता कौन हैं और कहां हैं? जीवक अत्यंत उदास होकर बोला, गुरुजी, अब आत्महीनता का भार लेकर मैं कहां जाऊं? इस पर संत उसे सांत्वना देते हुए बोले, पुत्र, इस बात से दुखी होने के बजाय तुम तक्षशिला जाओ और वहां विद्याध्ययन करके अपने ज्ञान के प्रकाश से संपूर्ण समाज को आलोकित करो। जीवक अध्ययन के लिए चल पड़ा। वहां पहुंचकर वहां के आचार्य को उसने अपने बारे में सब कुछ बता दिया। आचार्य ने उसकी स्पष्टवादिता से प्रभावित होकर उसे विश्वविद्यालय में प्रवेश दे दिया। जीवक वहां पर कठोर परिश्रम के साथ विद्या प्राप्त करने लगा। वहां उसने आयुर्वेदाचार्य की उपाधि प्राप्त की। संपूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के बाद एक दिन आचार्य जीवक से बोले, पुत्र, अब तुम मगध जाकर वहां के लोगों की सेवा करो। यह सुनकर जीवक परेशान हो गया। आचार्य उसे दुखी देखकर बोले, कौन सी बात तुम्हें टीस रही है? जीवक बोला, आचार्य, आप तो जानते ही हैं कि मेरा कोई कुल और गोत्र नहीं है। मैं जहां भी जाऊंगा, लोग मुझ पर उंगलियां उठाएंगे। क्या आप मुझे अपने पास ही नहीं रख सकते? उसकी बात सुनकर आचार्य बोले, वत्स। तुम्हारी प्रतिभा और ज्ञान ही तुम्हारा कुल-गोत्र है। इन्हीं से तुम्हें सम्मान मिलेगा। आचार्य की बातों ने जीवक को नई दिशा दिखाई और वह मगध आ गया। वहां उसने लगन और मेहनत से काम किया। कुछ ही समय में वह पूरे मगध में आयुर्वेदाचार्य के रूप में प्रसिद्ध हो गया।

# बच्चे का नाम रखते समय कुछ बातों का रखें ध्यान

*बच्चे का नाम रखते समय कुछ बातों का विशेष खयाल जरूर रखना चाहिए, जैसे नाम का अर्थ सकारात्मक हो नकारात्मक नहीं, नाम का बिगड़ा रूप नहीं होना चाहिए, नाम का उच्चारण शुद्ध रूप से होना चाहिए, नाम रखते समय भाषा का भी ध्यान रखना चाहिए आदि।*




इसका कारण यह है कि बच्चों के नाम का उनके व्यक्तित्व को प्रभावित करने की बात का अलग अलग लोगों द्वारा अलग ढंग से सोच और वर्णन किया जाता है। कुछ लोगों का मानना है कि बच्चे का नाम, उसके मानसिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं कुछ मनते हैं कि नाम और व्यक्तित्व के बीच किसी तरह के संबंध का विचार पूरी तरह से गलत और रूडिवादी सोच की उपज है।
शिशु के जन्म के साथ ही उसका नाम भी रख दिया जाता है। हर व्यक्ति उपने नाम से पहचाना जाता है। किसी भी बच्चे के जन्म के बाद उसका नाम रखना अपने आप में एक बड़ा कठिन काम होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बच्चे के नाम का प्रभाव उसके व्यक्तित्व पर भी पड़ता है।

## धर्म और नामकरण

हर धर्म में अपनी रिति के अनुसार बच्चे के जन्म के बाद उसका एक नाम रखा जाता है। बच्चे का नाम उसकी केवल पहचान के लिए ही नहीं रखा जाता है। मनोविज्ञान एवं अक्षर-विज्ञान के जानकारों का मानना है कि नाम का प्रभाव व्यक्ति के स्थूल-सूक्ष्म व्यक्तित्व पर भी गहराई से पड़ता है। इसलिए नाम सोच और समझकर तो रखा ही जाना चाहिए, इसके साथ नाम रोशन करने वाले गुणों के विकास के प्रति भी जागरूक रहना जरूरी होचा है। वहीं अंक ज्योंतिष कहता है कि जिस तरह मूलांक और भाग्यांतक व्याक्ति के जीवन को प्रभावित करते हैं, उसी प्रकार नाम का भी उन पर काफी असर होता है। अंकशास्त्री बताते हैं कि नाम के पहले अक्षर का प्रभाव खास तौर से व्येक्तित्व् और व्यावहार पर पड़ता है।

## नाम और व्यक्तित्व के बीच संबंध

हम सभी जानते हैं कि नाम पहचान के लिए रखा जाता है, लेकिन इसका एक इसका एक मनोवैज्ञानिक पहलू भी है। आप के बच्चे का नाम को सूक्ष्म तरीके से प्रभावित करता है। 2,000 ई.पू. में लोगों का भारी यकीन था कि नाम व्यक्तित्व को प्रभावित करता है। कुछ शोधकर्ताओं के अनुसार नाम और व्यक्ति के व्यक्तित्व के बीच एक असामान्य संबंध है। जबकि कुछ अध्ययनों से पता चला है कि जिन लोगों के नाम का पहला व आखिरी अक्षर समान होता है, वे समान व्यक्तित्व लक्षण वाले होते हैं।

## सकारात्मक सोच

हमारे द्वारा उपयोग किये जाने वाले हर शब्द का एक अर्थ होता है, और नामों के लिए भी ये बात कोई अपवाद नहीं हैं। कुछ लोगों का मानना है कि किसी व्यक्ति का नाम उसके व्यक्तित्व का निरूपित करता है। इस अवधारणा को सकारात्मक सोच की शक्ति के समान माना जाता है। जब हम किसी व्यक्ति का नाम पुकारते हैं तो हमें उसके नाम के अर्थ का भी आभास होता है। आप अंक ज्योतिष के अनुसार नाम का चयन कर सकते हैं। अंक ज्योतिष के अनुसार नाम रखा गया नाम, दोनों माता और पिता के नाम के संगत होता है और उन लोगों के बीच सामंजस्य की संभावना को बढ़ाने वाल माना जाता है, विशेष तौर पर बच्चे की बढ़ती उम्र में।

## पर्यावरणीय कारक

यद्यपि अपके बच्चे के नाम का उसके जीवन पर असर पड़ेगा, लेकिन आपको यह बात भी दिमाग में रखनी होगी कि अपका बच्चा जिस वातावरण में बड़ा होता है, वह उसके माता-पिता का होता है। और वे जिस तरह से उसका पालन-पौषण करेंगे, उसका व्यक्तित्व को भी वही रूप मिलेगा।

# बच्चों को इस प्रकार सिखाएं काम-काज

*घर में छोटे बच्चे हो तो घर व्यवस्थित रहेगा, इसकी कल्पना करना भी बेकार है क्योंकि बच्चे घर के सामान को खेल-खेल में बिखेर देते हैं। ऐसे में जरूरी है कि वीकेंड पर बच्चों से ही घर को व्यवस्थित करा लिया जाए, जिससे वे घर का रख-रखाव सीख जाएंगे और घर को व्यवस्थित रखने में आपकी मदद भी कर देंगे।*



## बच्चों को टास्क दें

कोई भी बच्चा एक दिन में पूरे घर की सफाई करना नहीं सीख सकता। वीकेंड पर बच्चों को छोटी-छोटी चीजें व्यवस्थित करना सिखाएं। इसके लिए उन्हें घर के किसी एक कोने को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी दे सकती हैं। आप उन्हें उनके वॉर्डरोब के सामान को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी दें परन्तु उन्हें यह जरूर बताएं कि पहले सारे कपड़े वॉर्डरोब से बाहर निकालें और फिर उन्हें दोबारा तह कर के वॉर्डरोब में लगाएं। उसके बाद कपड़े वॉर्डरोब में इस तरह रखें कि उन्हें इस्तेमाल करने के लिए निकालना आसान रहेगा।

## उनकी काम में मदद करें

यदि आपको लगे कि बच्चा अपना काम ठीक से नहीं कर पा रहा है तो बीच-बीच में उसकी मदद करें तथा काम को सही ढंग से करने का तरीका बताएं। उसे बचाएं कि शर्ट कैसे तह की जाती, मोजों को हमेशा जोड़ा बनाकर रखते हैं ताकि वे खोएं नहीं। यहीं नहीं कपड़े शैल्फ में कैसे रखे जाते हैं यह भी उन्हें करके बताएं। यदि आप उन्हें बुक शैल्फ अरेंज करने का काम दे रही है तो उन्हें बताएं कि बुक शैल्फ में सबसे पहले बड़ी किताबें सैट की जाती हैं, फिर उससे छोटी और सबसे आगे छोटे आकार की किताबें रखी जाती हैं।

## म्यूजिक लगाएं

बच्चा काम को एन्जॉय करते हुए सीख पाए, इसलिए उसकी पसंद का म्यूजिक लगा दें। बीच-बीच में छोटा-सा ब्रेक लेकर उसके साथ डांस करें। म्यूजिक के साथ काम करने में उसे मजा भी आएगा और आसानी से काम भी सीख जाएगा।

## खेल और ईनाम

नया काम सीखते समय बच्चा बोर न हो, इसलिए उसे खेल-खेल में काम सिखाने की कोशिश करें। आप पांच मिनट का अलार्म लगा दें और कहें कि यदि वह पांच मिनट में पांच जोड़े जूते अल्मारी में रख देगा तो उसे चॉकलेट मिलेगी। यदि बच्चा समय पर अपना टास्क पूरा कर ले तो उसके प्रयास की तारीफ करें और अपना प्रॉमिस भी निभाएं।

## सबके सामने तारीफ करें

जब बच्चा अपना काम पूरा कर ले तो उसकी मनपसंद चीज उसे ईनाम में दें या उसकी पसंदीदा डिश बना कर उसे खिलाएं। यही नहीं परिवार के अन्य सदस्यों के सामने भी उसकी तारीफ करें। इससे उसे न केवल अपना टास्क पूरा करने की खुशी मिलेगी, बल्कि आपका प्यार और आपका साथ उसमें नई ऊर्जा का संचार करेगा।

# बेहतर प्रदर्शन के लिए बच्चों को लालच देना ठीक नहीं



*अभिभावक कई बार बेहतर प्रदर्शन के लिए बच्चों को लालच देते हैं जो सही नहीं हैं। अगर आप भी अपने बच्चों को इस प्रकार की बातें कहते हैं कि अगर तुम समय पर अपनी पढ़ाई पूरी कर लोगे यह अच्छे नंबर लाओगे या फिर अपनी हॉबी क्लास में अच्छे से सीखोगे, तो तुम्हें तुम्हारा पसंदीदा खिलौना देंगे। कभी-कभार के लिए तो यह ठीक है, लेकिन जब यह रोज की आदत बन जाए, तो ऐसे में बच्चे के लिए अपने काम को सही तरीके से कर पाना कठिन होता है। काम की बजाय उसका पूरा ध्यान काम खत्म होने पर मिलने वाली चीजों में ही लगा रह जाता है, जिसकी वजह से वो अपना काम निपटाने वाले अंदाज में करता है। बच्चे में पनपती यह आदत धीरे-धीरे उसकी रचनात्मकता को भी कम कर सकती है।*

## जरुरत से ज्यादा अपेक्षाएं न रखें

अपने बच्चे को ऑलराउंडर बनाने के फेर में उस पर जरुरत से ज्यादा दबाव ना बनाएं। आपका बच्चा सारी चीजों में पारंगत हो जाए, इसकी अपेक्षा ना करें। यह जरूरी नहीं है कि आपका बच्चा पढ़ाई में अच्छा है, अच्छी ड्रॉईंग करता है, खेल में अच्छा है, तो वो अच्छा गाना भी गाएगा और डांस भी कर लेगा। अपने बच्चे को उतना ही करने दें, जितना वो सहजता से कर पाए। बहुत सारे के चक्कर में वो कोई भी काम ठीक से नहीं कर पाएगा।

## पसंदीदा काम करने दें

छोटे से बच्चे पर अपनी पसंद ना थोपें। उसे वो काम करने दें, जो करना उसे पसंद है। अगर वो डांस क्लास या वॉलीबॉल की क्लास में नहीं जाना चाहता है, तो उसके दोस्त ऐसा कर रहे हैं, यह सोचकर आप उसे भी ऐसा करने के लिए मजबूर ना करें। अगर उसका मन घर में बैठकर कलरिंग करने का है या फिर वह टीवी पर थोड़ी देर के लिए अपना पसंदीदा कार्टून देखना चाहता है, तो इसके लिए आप उसे मना ना करें। अगर आपके पास समय है, तो उसके साथ बैठकर वो काम करें, जिसमें उसे मजा आ रहा हो। उसे बातों-बातों में जिंदगी के बारे में अच्छी बातें बताएं।

## असफलता का भय न दिखायें

बच्चे में किसी भी काम को रचनात्मक तरीके से करने की भावना तभी आएगी, जब उसके अंदर हार का डर नहीं होगा। अभिभावक के तौर पर यह आपका दायित्व है कि अपने बच्चे के अंदर सफलता और असफलता को लेकर सही सोच विकसित करें। अपने बच्चे के अंदर असफलता से भी सीखने का भाव भरें।

अपने बच्चे को पूरा समय दें। भले ही आप कितनी भी व्यस्त क्यों ना हों, दिन का कुछ समय सिर्फ अपने बच्चे के लिए रखें। इस समय में आप उसके मन में उठने वाली जिज्ञासाओं को शांत करें। उसके छोटे-छोटे सवालों का धैर्यपूर्वक जवाब दें। उसे अच्छी कहानियां सुनाएं, इससे आपके बच्चे की रचनात्मकता बढ़ेगी।

अपने बच्चे से इस बात की उम्मीद न करें कि वो किसी भी काम को एक ही समय में पूरा कर लेगा। उसे काम पूरा करने के लिए वक्त दें। अपने बच्चे के किसी काम की अवहेलना न करें। तुमने तो सारा खराब कर दिया जैसी बातें भूलकर भी ना करें।

# पेंटिंग के क्षेत्र में भी हैं अवसर



*अगर आप पेंटिंग का शौक रखते हैं और आप को रंगों से खेलना अच्छा लगता है तो आप एक पेंटिंग को अपना पेश बना सकते हैं। अगर आप में कलात्मकता है तो आप इस क्षेत्र में बेहतरीन कॅरियर बना सकते हैं। आज एक पेंटर आर्ट गैलरीज से लेकर अखबर , मैगजीन, पोस्टर, फिल्म व टीवी इंडस्टी में काम कर सकता है। इसके अलावा अगर आप चाहें तो फ्रीलांस वर्क भी कर सकते हैं या फिर किसी फाइन आर्ट इंस्टीटयूट व कॉलेज में बच्चों को पढ़ा भी सकते हैं। अगर चाहें तो खुद का ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट भी खोल सकते हैं।*

बचपन में हम सभी ने अपने हाथों में ब्रश उठाकर पेंटिंग की है। पेंटिंग करना यकीनन हर किसी के मन को सुकून देता है, लेकिन जैसे-जैसे हम बड़े होते चले जाते हैं, वह शौक कहीं पीछे छूटने लगता है। काम की आपाधापी में ब्रश हाथों से कब दूर चला जाता है, पता ही नहीं चलता। लेकिन अगर आपको पेंटिंग करना बेहद पसंद है तो क्यों न अपने इसी शौक को आप अपना कॅरियर बना लें। तो चलिए जानते हैं इस क्षेत्र के बारे में-

## क्या होता है काम

एक पेंटर कई तरह के काम करता है। उसका काम घर से लेकर बाहर तक हो सकता है। वह सिर्फ छोटे स्केल पर कागज पर पेंटिंग नहीं करता और न की उसका काम सिर्फ कैनवास तक सीमित है, बल्कि वह घर को नया रुप देने के साथ ही किसी या अन्य बड़े प्रोजेक्ट्स पर भी अपना कलात्मकता दिखा समा है।

## स्किल्स

इस क्षेत्र में सफलता के लिए सबसे जरूरी है आपका कल्पनाशील होना। इसके अलावा आपको पेंट कलर्स, टोन्स, हाइलाइट व आर्ट के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। आपको कलर्स के शेड्स व उनकी मिक्सिंग की जानकारी भी होनी चाहिए। कई बार एक पेंटर को कई बड़े प्रोजेक्ट करने होते हैं, इसलिए उसे टीम के साथ भी काम करना होता है। साथ ही आपको कई घंटों तक काम करना पड़ सकता है, इसके लिए आप फिजिकली व मेंटली तैयार रहें। एक पेंटर सिर्फ पेंटिंग ही नहीं करता, बल्कि अपने काम को लोगों के सामने पेश भी करता है, इसलिए आपके कम्युनिकेशन व लैंग्वेज स्किल भी अच्छी होनी जरूरी है। एक पेंटर बनने के लिए अलग से किसी स्पेशल क्वालिफिकेशन की जरूरत नहीं होती। लेकिन पेंटिंग की बारीकियों को समझने और अपना हाथ साफ करने के लिए आप इस क्षेत्र में डिप्लोमा या डिग्री कोर्स जैसे बीए इन पेंटिंग, बीए पेंटिंग, स्कल्पचर, अप्लाइड आर्टस, बीएफए पेंटिंग, कोर्स आदि कर सकते हैं। इसके अलावा ग्रेजुएशन के बाद इस क्षेत्र में पोस्ट ग्रेजुएशन भी किया जा सकता है।

## संभावनाएं

पेंटिंग एक बेहतरीन कॅरियर है और एक पेंटर आर्ट गैलरीज से लेकर न्यूजपेपर, मैगजीन, पोस्टर, फिल्म व टीवी इंडस्टी में आर्टवर्क की तलाश कर सकता है। इसके अलावा अगर आप चाहें तो फ्रीलांस वर्क भी कर सकते हैं या फिर किसी फाइन आर्ट इंस्टीटयूट व कॉलेज में बच्चों को पढ़ा भी सकते हैं। अगर चाहें तो खुद का कोचिंग इंस्टीट्यूट खोलें।

## आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी इस बात पर निर्भर करती है कि आपका काम लोगों को कितना पसंद आता है, लेकिन फिर भी शुरूआती दौर में आप बीस से पच्चीस हजार आसानी से कमा सकते हैं। वहीं कुछ सालों के अनुभव व आपके काम की लोकप्रियता के आधार पर आपकी आमदनी कई गुना बढ़ भी सकती है।

# अजय देवगन की फिल्म दृश्यम के तीसरे पार्ट का बेसब्री से इतजार कर रहे प्रशंसक

बालीवुड फिल्म दृश्यम का तीसरा पार्ट अनाउंस किया जा चुका है, लेकिन चर्चा है कि यह पार्ट ऑरिजनल फिल्म की रिलीज के कुछ वक्त बाद आएगा। अजय देवगन की फिल्म दृश्यम के तीसरे पार्ट का फैंस को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। दरअसल इस बार हिंदी और मलयालम वर्जन की कहानी अलग-अलग होंगी। यानि दोनों ही फिल्में एक दूसरे के लिए स्पॉयलर नहीं छोड़ेंगी। फिल्म का पहला और दूसरा पार्ट काफी बड़ा हिट रहा, दोनों की कहानी ऑरिजनल वर्जन और रीमेक में एक ही रही थी। अब पिछले दिनों ही मोहनलाल और अजय देवगन ने फिल्म के तीसरे पार्ट का अनाउंसमेंट किया तो फैंस का एक्साइटमेंट चरम पर था। लेकिन अब इस जानकारी के बाद फैंस को शायद यह फिक्र जरूर हो कि किस फिल्म का एक्साइटमेंट बेहतर होगा। अजय देवगन ने अनाउंस किया है कि दृश्यम-3 अक्तूबर 2026 में रिलीज होगी। फिल्म की स्टार कास्ट पहले की तरह ही रहने की संभावना है। निर्देशन की जिम्मेदारी अभिषेक पाठक संभालेंगे।



एक रिपोर्ट के मुताबिक साउथ के सुपरस्टार एक्टर मोहनलाल और जीतू जोसेफ इसी साल सितंबर में फिल्म के मलयालम वर्जन की शूटिंग शुरू कर देंगे, अगर ऐसा होता है तो यह फिल्म हिंदी वर्जन से पहले रिलीज कर दी जाएगी। पहले चर्चा थी कि दोनों फिल्मों की शूटिंग एक साथ शुरू होगी और दोनों की रिलीज डेट भी एक साथ होगी ताकि किसी तरह का लॉस दोनों ही फिल्मों को नहीं देखना पड़े।

# अल्लू अर्जुन की जगह पर जूनियर एनटीआर को मिल सकता है अवसर

*साउथ के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की अपकमिंग फिल्म से अल्लू अर्जुन के बाहर होने की खबर है वहीं उनके स्थान पर जूनियर एनटीआर की एंट्री हो सकती है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म को अल्लू अर्जुन ने पिछले साल साइन किया था, लेकिन अब प्रोजेक्ट को फिलहाल रोक दिया गया है।*




हालांकि, इस पूरे मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, जिससे अटकलें और भी तेज हो गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि फिल्म की मौजूदा स्थिति पर चर्चा के बाद अल्लू अर्जुन को बाहर करने का फैसला लिया गया। अब उनकी जगह जूनियर एनटीआर को इस फिल्म में बतौर लीड एक्टर कास्ट किए जाने की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि अल्लू अर्जुन और जूनियर एनटीआर पहले एस. एस. राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर में साथ नजर आ चुके हैं, जहां दोनों के अभिनय की जमकर तारीफ हुई थी। दिलचस्प बात यह भी है कि यह घटना तब सामने आई है जब कुछ हफ्ते पहले संदीप रेड्डी वांगा ने दीपिका पादुकोण को अपनी फिल्म स्पिरिट से हटा दिया था।

रिपोर्ट्स के अनुसार, दीपिका की तरफ से 8 घंटे की तय शिफ्ट, मोटी फीस और फिल्म के मुनाफे में हिस्सेदारी जैसी शर्तें रखी गई थीं, जो निर्देशक को मंजूर नहीं थीं। इसके बाद वांगा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बिना किसी नाम के एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने एक अभिनेत्री पर फिल्म की कहानी लीक करने का आरोप लगाया था। जहां एक ओर संदीप की फिल्मों को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे, वहीं अल्लू अर्जुन अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह जल्द ही डायरेक्टर एटली की फिल्म में नजर आएंगे, जिसमें दीपिका पादुकोण भी होंगी।

# चलती ट्रेन में सीट विवाद पर युवक की पीट-पीटकर हत्याः बागपत में 15 लोग तब तक मारते रहे, जब तक दम नहीं तोड़ दिया

**बागपत (बड़ौत)ः** यूपी के बागपत में चलती ट्रेन में सीट के विवाद में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन से बागपत आ रहा था। फखरपुर स्टेशन के पास सीट पर बैठने को लेकर उसका विवाद हो गया। इसके बाद 15 से 20 लोगों ने मिलकर उसे लात-घूंसों और बेल्ट से पीटा। बागपत से 10 किमी पहले खेकड़ा स्टेशन पर ट्रेन रुकी तो आरोपी उतरकर भाग गए। ट्रेन में सवार युवक के एक साथी ने जीआरपी और परिवार को सूचना दी। दीपक को ट्रेन से उतारकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दीपक दिल्ली में नौकरी करता था और हर शुक्रवार दिल्ली से बागपत अपने घर आता था। घटना शुक्रवार की है, लेकिन इसका वीडियो शनिवार को सामने आया है। 2 दिन पहले झांसी में वंदे भारत एक्सप्रेस में भी मारपीट हुई थी।



## जानिए पूरा मामला-

दीपक ड्यूटी के बाद घर लौट रहा था बागपत के खेकड़ा कस्बे के मोहल्ला अहिरान निवासी ऋषि यादव का बेटा दीपक (39) दिल्ली की एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। शुक्रवार देर रात वह ड्यूटी के बाद दिल्ली-सहारनपुर पैसेंजर ट्रेन से घर लौट रहा था। फखरपुर स्टेशन के पास दीपक का सीट पर बैठने को लेकर कुछ लोकल युवकों से विवाद हो गया।

इसके बाद 15 से 20 लोगों ने उस पर लात-घूसों और बेल्टों से हमला कर दिया। ट्रेन में सवार कुछ यात्रियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उन्हें धक्का देकर हटा दिया। आरोपियों ने फखरपुर से खेकड़ा स्टेशन तक, यानी करीब 10 किलोमीटर तक दीपक को पीटा।

ट्रेन में मौजूद एक यात्री दीपक को पहचानता था। उसने दीपक के घरवालों को फोन करके सूचना दी। दीपक परिवार का इकलौता लड़का था। 12 साल पहले दीपक की सावित्री से शादी हुई थी। दीपक के दो बच्चे हैं। 12 साल की बेटी आयुषी और ढाई साल का बेटा अविरल। एक बहन पल्लवी है। उसकी शादी हो गई है। दीपक करीब 15 साल से दिल्ली के भगीरथ पैलेस में झूमर के शोरूम में काम करता था।

## वीडियो में आरोपी पीटते और भागते नजर आए

घटना से जुड़े 3 वीडियो सामने आए हैं। इसमें कोच के भीतर अफरा-तफरी का माहौल दिख रहा है। 15 से 20 लोग एक युवक को पीट रहे हैं। जबकि एक महिला और कुछ अन्य यात्री उसे बचाने का प्रयास कर रहे हैं। दूसरा वीडियो भी ट्रेन के अंदर का है, जिसे दूसरी सीट पर बैठे यात्री ने बनाया है। उसमें भी हमलावर दीपक को पीटते हुए नजर आ रहे हैं। जबकि तीसरा वीडियो 2 से 3 सेकेंड का है, इसमें मारपीट के बाद आरोपी ट्रेन से कूदकर भागते हुए नजर आ रहे हैं।

## पड़ोसी ने कहा- दीपक को अकेला देख आरोपियों ने हमला किया

दीपक के पड़ोसी राजवीर सिंह ने बताया- दीपक हर शुक्रवार को घर आता था, शनिवार-रविवार रुकता था। सोमवार सुबह फिर दिल्ली चला जाता था। उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। 10 दिन पहले उसके कुछ साथियों का कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था। हालांकि, दीपक इसमें शामिल नहीं था, लेकिन उन्हीं लोगों ने दीपक की हत्या की है। घटना वाले दिन यानी शुक्रवार को दीपक के साथ दिल्ली की भागीरथ पैलेस में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर काम करने वाले लोग फखरपुर स्टेशन पर उतर गए थे। वह अकेला रह गया था। खेकड़ा स्टेशन पहुंचने से पहले ही 15 से 20 लोगों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो दीपक मृत अवस्था में मिला।

## धारदार हथियार से हमले का दावा

मृतक दीपक के मामा सुभाष यादव ने बताया- दीपक की फखरपुर रेलवे स्टेशन के पास वासी गांव के रहने वाले राहुल बाबा और उसके साथियों के साथ सीट को लेकर पहले कहासुनी हुई, फिर उन्होंने दीपक पर धारदार हथियारों से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

## राहुल बाबा गैंग के लोगों ने किया हमला

जैसे ही ट्रेन खेकड़ा रेलवे स्टेशन के नजदीक पहुंची तो हमलावर ट्रेन से कूदकर भाग निकले। हमलावर रेगुलर पैसेंजर थे। जो अक्सर खेकड़ा व बसी गांव से ग्रुप बनाकर दिल्ली जाते थे। राहुल बाबा बसी गांव का रहने वाला है। राहुल बाबा गैंग के लोगों ने हमला किया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट कल आएगी। जीआरपी इंस्पेक्टर उधम सिंह तलान ने बताया- शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। केस दर्ज किया जा रहा है। फिलहाल इस घटना में चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# किराए के मकान में नकली नोट छापने की फैक्ट्रीःजबलपुर का रैकेट एमपी में फैला रहा था नेटवर्क



**जबलपुरः** जबलपुर पुलिस ने करीब 18 लाख रुपए के नकली नोट खपाने की साजिश रच रहे गिरोह का खुलासा किया है। इस गिरोह का मास्टरमाइंड ऋतुराज विश्वकर्मा किराए के मकान में ही नकली नोटों की छपाई का कारखाना चला रहा था। पुलिस ने मामले में अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक फरार है। गिरोह पूरे मध्य प्रदेश में जाली नोट खपाने की तैयारी में था, जिसमें उन्हें भारी कमीशन के बदले नकली नोट असली नोटों में बदलवाने का नेटवर्क खड़ा करना था। दरअसल, हनुमानताल पुलिस ने सोमवार (16 जून) को मुखबिर की सूचना पर सबसे पहले रवि दाहिया (55) को मदार टेकरी के पास से गिरफ्तार किया था। उसके पास से 2 लाख 94 हजार रुपए के 500-500 रुपए के नकली नोट बरामद हुए थे। पूछताछ में रवि ने बताया कि ये नोट उसे आधारताल निवासी ऋतुराज विश्वकर्मा से मिले थे। रवि की हर 1 लाख नकली नोट के बदले 30 हजार रुपए के असली नोट देने की डील हुई थी। इसके बाद पुलिस ने ऋतुराज के घर पर छापा मारा, जहां से 1 लाख 94 हजार रुपए के नकली नोट, लेपटॉप, कलर प्रिंटर, कटर और A4 साइज के दर्जन पेपर बरामद किए गए। जांच में खुलासा हुआ कि ऋतुराज पिछले एक महीने से नकली नोट छापने और खपाने का काम कर रहा था। पूछताछ में ये भी पता चला है कि ऋतुराज 3 लाख असली नोट के बदले 12 लाख नकली नोट देता था।

# जबरन वसूली के मामले में बीआरएस के विधायक कौशिक रेड्डी गिरफ्तार

वारंगल,(ईएमएस)। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक पदी कौशिक रेड्डी को वारंगल पुलिस ने शनिवार तड़के जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हुजूराबाद से विधायक रेड्डी को यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय (आरजीआई) हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया और वारंगल ले जाया गया है। पुलिस ने बताया उन पर आरोप है कि कौशिक रेड्डी ने एक खदान मालिक को धमकाया और उससे 25 लाख रुपए लिए और 50 लाख रुपए और मांगे हैं। इस आरोप के आधार पर मामला दर्ज किया गया। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कौशिक रेड्डी के खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए जा रहे हैं क्योंकि उन्होंने सीएम ए रेवंत रेड्डी की अवैध गतिविधियों और मंत्रियों और सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेताओं के भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर सवाल उठाए हैं। रामा राव ने विधायक की बिना शर्त रिहाई की मांग की है।

# चीन ने भारत के दो दुश्मनों के साथ की बैठक, चिंता में नई दिल्ली

नई दिल्ली,(ईएमएस)। चीन ने पहली बार पाकिस्तान और बांग्लादेश के विदेश सचिवों की त्रिपक्षीय बैठक की मेजबानी की है। यह घटनाक्रम भारत की नजर में एक रणनीतिक और कूटनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पहल है। विशेष रूप से तब जब भारत-बांग्लादेश संबंधों में अस्थिरता देखी जा रही है। बैठक में चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग, बांग्लादेश के कार्यवाहक विदेश सचिव रूहुल आलम सिद्दीकी, पाकिस्तान के एशिया-प्रशांत विभाग के अतिरिक्त सचिव इमरान अहमद सिद्दीकी और पाकिस्तान की विदेश सचिव अमना बलोच वीडियो लिंक के माध्यम से शामिल हुईं। बैठक में तीनों देशों ने व्यापार और निवेश, स्वास्थ्य और शिक्षा, समुद्री मामलों और क्षेत्रीय संपर्क के साथ-साथ बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति जाहिर की। चीनी मंत्रालय के बयान के मुताबिक, यह त्रिपक्षीय सहयोग किसी तीसरे देश के खिलाफ नहीं है और यह सच्चे बहुपक्षवाद और खुले क्षेत्रीयवाद को बढ़ावा देता है। हालांकि भारत की चिंताएं इससे अलग हैं। पाकिस्तान-बांग्लादेश समीकरण में बदलाव देखने को मिले हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश के रिश्ते पीएम शेख हसीना के कार्यकाल में काफी ठंडे रहे। लेकिन पिछले अगस्त के बाद से पाकिस्तान ने अंतरिम सरकार के साथ रक्षा, व्यापार और कूटनीति सहित कई क्षेत्रों में संबंधों को तेजी से मजबूत करना शुरू किया। शेख हसीना के हटने के बाद शुरू में चीन थोड़ा पीछे हट गया था, लेकिन अब उसने अंतरिम शासन के साथ आर्थिक साझेदारी के जरिए फिर से प्रभाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। यह त्रिपक्षीय मंच भारत की "नेबरहुड फर्स्ट" नीति और प्रभाव को सीधे चुनौती देता नजर आ रहा है। भारत के लिए यह रणनीतिक रूप से चिंताजनक है क्योंकि बांग्लादेश उसके लिए एक प्रमुख पड़ोसी और पूर्वोत्तर भारत के लिए जीवनरेखा रहा है।

# महाराष्ट्र के जनमानस में विठ्ठल रखमाई का बहुत बड़ा महत्त्व

सोलापुर,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के जनमानस में सोलापूर जिले में मौजूद पंढरपूर के विठ्ठल रखमाई का बहुत बड़ा महत्त्व है। हर साल विठ्ठल रखुमाई का दर्शन पैदल किया जाता है, इस वारी कहा गया है। विठ्ठल को माऊली (माँ) भी कहा जाता है। वारी, महाराष्ट्र की विठ्ठल-रखुमाई भक्ति परंपरा का एक अभिन्न अंग है, जो वारकरी संप्रदाय की आध्यात्मिक यात्रा को दिखाती है। यह परंपरा संत ज्ञानेश्वर, संत तुकाराम, संत एकनाथ जैसे महान संतों द्वारा स्थापित की गई थी। प्रत्येक वर्ष आषाढी और कार्तिकी एकादशी के मौके पर लाखों वारकरी पंढरपुर के विठ्ठल मंदिर में दर्शन के लिए एकत्रित होते हैं। वारी केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सामाजिक समता, भक्ति और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। वारी (पैदल चलना) की परंपरा करीब 800 वर्ष पुरानी मानी जाती है। संत ज्ञानेश्वर (1275-1296) ने भक्ति मार्ग को प्रोत्साहन दिया और उनकी पालखी यात्रा ने वारी को एक ठोस स्वरूप प्रदान किया। इसके बाद संत नामदेव, संत एकनाथ और संत तुकाराम ने परंपरा को और समृद्ध किया। वारकरी संप्रदाय भगवद्गीता, ज्ञानेश्वरी और तुकाराम गाथा पर आधारित है, जिसमें भक्ति, वैराग्य और समता को प्राथमिकता दी गई है। पंढरपुर का विठ्ठल-रखुमाई मंदिर इस संप्रदाय का केंद्र है। विठ्ठल को पांडुरंग या विठोबा के नाम से जाना जाता है और उन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। वारी का इतिहास भक्ति आंदोलन का इतिहास है, जिसने मध्ययुग में सामान्य लोगों को ईश्वर से जोड़ने का माध्यम प्रदान किया।

# अमित शाह का बड़ा ऐलानः अब सिंधु जल समझौता कभी नहीं होगा बहाल, राजस्थान को दिया जाएगा नदी का पानी

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने ऐलान किया कि पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता भविष्य में कभी भी बहाल नहीं किया जाएगा। अंग्रेजी न्यूज पेपर टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि 1960 में हुए इस समझौते को भारत ने अब निलंबित कर दिया है और अब इस फैसले को दोबारा नहीं बदला जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान की ओर से बार-बार शांति भंग करने की वजह से यह कदम उठाया गया है। शाह ने कहा कि अब तक पाकिस्तान को "बेवजह" मिल रहा पानी अब राजस्थान सहित अन्य भारतीय राज्यों को दिया जाएगा। अमित शाह ने इंटरव्यू में कहा, "अब सिंधु नदी का पानी राजस्थान तक जाएगा।" उन्होंने बताया कि भारत अपनी हिस्से का पानी इस्तेमाल करने के लिए एक नहर बनाएगा।

शाह ने जोर देकर कहा, "पाकिस्तान को जो पानी बिना हक के मिल रहा था, अब उसे रोका जाएगा।" यह फैसला हाल ही में कश्मीर में हुए आतंकी हमलों के बाद लिया गया, जिसमें पहलगाम में हुए हमले ने भारत को और सख्त करने के लिए मजबूर किया।




## कश्मीर में आतंकी हमले और भारत का जवाब

शाह ने पहलगाम में भारतीय पर्यटकों पर हुए हमले को पाकिस्तान की ओर से शांति भंग करने की "सोची-समझी साजिश" बताया। उन्होंने कहा कि इस हमले के बाद कश्मीर के हर कस्बे में लोगों ने विरोध प्रदर्शन किए, जो घाटी में एकजुटता का अभूतपूर्व नजारा था। शाह ने ऑपरेशन सिंदूर और जवाबी कार्रवाइयों का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन नागरिकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। उन्होंने कहा, "हमारी सेनाओं ने पूरी ताकत से जवाब दिया। पाकिस्तान ने तुरंत हमले रोकने की गुहार लगाई।"

शाह ने यह भी चेतावनी दी कि भविष्य में कोई भी आतंकी हमला युद्ध की तरह माना जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी के बयान को दोहराते हुए कहा, "इसमें कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।" साथ ही, उन्होंने कश्मीर में पर्यटकों का भरोसा लौटने की बात कही और किसी खास आश्वासन की जरूरत से इनकार किया। जम्मू-कश्मीर के भविष्य पर शाह ने कहा कि राज्य का दर्जा "उचित समय" पर बहाल होगा। उन्होंने धारा 370 हटाने को अलगाववाद खत्म करने का बड़ा कदम बताया और कहा कि सरकार ने निष्पक्ष चुनाव कराए। शाह ने भारत की आंतरिक सुरक्षा पर भी जोर दिया और कहा, "हमारा देश कोई धर्मशाला नहीं है। भारत आने के लिए वैध वीजा जरूरी है।" उन्होंने राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि बताते हुए नदियों, सीमाओं और आतंकवाद के मोर्चे पर भारत की सुरक्षा को अहम बताया।

# उमर बोले- ट्रम्प को सिर्फ अपनी परवाहःहम उन्हें दोस्त मानते थे

**श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका तभी तक अन्य देशों का दोस्त है जब तक उसका फायदा हो। वह अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिफ मुनीर को व्हाइट हाउस में लंच के लिए बुलाया था। इस पर मीडिया ने उमर से सवाल किया तो उन्होंने कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति अपनी मर्जी के मालिक हैं। हम उन्हें नहीं बता सकते कि वे किसे लंच पर बुलाएं और किसे नहीं।

उमर ने कहा- यह अलग बात है कि हम सोचते थे कि अमेरिकी राष्ट्रपति हमारे (भारत के) बहुत खास दोस्त हैं और वे हमारी दोस्ती का ख्याल रखेंगे, लेकिन जाहिर है अमेरिका वही करता है जिससे उसे फायदा हो। उन्हें किसी अन्य देश की परवाह नहीं है।

## उमर बोले- लोगों को रातों-रात ईरान से नहीं ला सकते

ईरान-इजराइल युद्ध पर उमर ने कहा कि यह बंद होना चाहिए और बातचीत के जरिए इसका समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'यह बमबारी शुरू नहीं होनी चाहिए थी। जब अमेरिकी खुफिया विभाग के चीफ से पूछा गया था कि क्या ईरान के पास परमाणु बम है, तो उन्होंने कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि ईरान बम बना सकता है, लेकिन इजराइल ने कुछ महीनों के अंदर ही ईरान पर हमला कर दिया।' ईरान में पढ़ रहे कश्मीरी स्टूडेंट्स के बारे में उन्होंने कहा कि हम उन्हें रातों-रात वापस नहीं ला सकते। एयरपोर्ट और और बंदरगाह बंद हैं। हम पहले उन्हें सड़क के रास्ते उन शहरों में ला रहे हैं जहां बमबारी नहीं हुई है, फिर उन्हें आर्मेनिया के रास्ते वापस लाया जा रहा है।

# सोनिया बोलीं-ईरान पुराना दोस्त, भारत की चुप्पी परेशान कर रहीः इजराइल के हमलों पर सरकार को मजबूती से बोलना चाहिए

**नई दिल्लीः** कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की है। उन्होंने द हिंदू में एक आर्टिकल में लिखा कि इजराइल खुद परमाणु शक्ति है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार न होने पर भी टारगेट किया जा रहा है। ये इजराइल का दोहरा मापदंड है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है और ऐसे हालात में भारत की चुप्पी परेशान करने वाली है। गाजा में हो रही तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है।

**सोनिया गांधी की प्रमुख बातें...**

**इजराइल ने ईरान पर एकतरफा और क्रूर हमला किया**

सोनिया गांधी ने कहा कि 13 जून 2025 को इजराइल ने ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए एकतरफा हमला किया, जो गैरकानूनी और क्षेत्रीय शांति के लिए खतरनाक है। कांग्रेस ईरान में हो रहे इन हमलों की निंदा करती है, जिनसे क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर



गंभीर अस्थिरता और टकराव बढ़ सकता है। गाजा पर हमले की तरह यह इजराइली ऑपरेशन भी क्रूर और एकतरफा है, जो आम नागरिकों की जान और क्षेत्रीय स्थिरता को पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए चलाया गया। ऐसे कदम सिर्फ अस्थिरता को बढ़ाते हैं और आगे आने वाले समय में बड़े संघर्ष के बीज बोते हैं।

यह हमला उस समय हुआ जब ईरान-अमेरिका के बीच कूटनीतिक बातचीत जारी थी और इसके अच्छे संकेत भी मिल रहे थे। इस साल पांच दौर की बातचीत हो चुकी है और जून में छठे दौर की बातचीत होनी थी। मार्च में ही अमेरिका के नेशनल इंटेलिजेंस की डायरेक्टर तुलसी गबार्ड ने संसद में बताया था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने पर काम नहीं कर रहा है। 2003 में इस प्रोग्राम को सस्पेंड किए जाने के बाद से अब तक ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई ने इसे दोबारा शुरू करने की अनुमति भी नहीं दी है।

**नेतन्याहू की लीडरशिप में इजराइल ने आतंक बढ़ाने का काम कियाः** सोनिया ने कहा कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लीडरशिप में इजराइल ने लगातार शांति भंग करने और आतंक को बढ़ावा देने का काम किया है। ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उनकी सरकार लगातार अवैध सेटलमेंट को विस्तार दे रही है, अति-राष्ट्रवादी लोगों के साथ मिलकर काम कर रही है और टू-स्टेट सॉल्यूशन को पूरी तरह नकार रही है। इससे न सिर्फ फिलिस्तीनी लोगों को तकलीफ बढ़ी, बल्कि पूरा इलाका ही लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष की तरफ धकेल दिया गया। इतिहास हमें बताता है कि नेतन्याहू ने ही उस नफरत को हवा दी थी, जिसके चलते 1995 में इजराइल के प्रधानमंत्री यित्झाक राबिन की हत्या हुई थी और फिलिस्तीनियों और इजराइलियों के बीच शांति की सबसे बड़ी उम्मीद खत्म हो गई थी।

# अगले माह अफ्रीका, लैटिन अमेरिका-पश्चिम एशिया के पांच देशों के दौरे पर जा रहे पीएम मोदी

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले माह जुलाई की शुरुआत में अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और पश्चिम एशिया के पांच देशों का दौरा करने की योजना में हैं। यात्रा के दौरान पीएम मोदी मोरक्को, अर्जेंटीना, ब्राजील, त्रिनिदाद और टोबैगो, और जॉर्डन की यात्रा पर जाने वाले है। यह दौरा ग्लोबल साउथ में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को मजबूत करने और पहलगाम हमले के बाद व्यापक आतंकवाद विरोधी गठबंधन को आकार देने के उद्देश्य से हो रहा है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों के संदर्भ में होता है। इस बहुप्रतीक्षित यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का मोरक्को जाना करीब तय है। मोरक्को के राजा मोहम्मद 6 से मुलाकात के लिए राबात में बैठक होगी। यह यात्रा बीते कुछ वर्षों से चर्चा में थी, लेकिन कार्यक्रमों के मेल न बैठने के कारण अंतिम रूप नहीं दिया जा सका था। मोरक्को एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाला प्रमुख अरब राष्ट्र है, जिसकी पश्चिम अफ्रीका और दक्षिणी यूरोप में मजबूत पकड़ है। उत्तर अफ्रीका में यह एक अहम स्तंभ के रूप में उभरा है। मोरक्को के बाद, पीएम मोदी अर्जेंटीना की यात्रा करने वाले है। जो महत्वपूर्ण खनिज, खाद्य सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में भारत का महत्वपूर्ण साझेदार है।

## दीपक पारेख का बड़ा खुलासा

# चंदा कोचर ने दिया था एचडीएफसी-आईसीआईसीआई मर्जर का प्रस्ताव

एचडीएफसी के पूर्व चेयरमैन दीपक पारेख ने हाल ही में एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि कई साल पहले आईसीआईसीआई बैंक की तत्कालीन प्रमुख चंदा कोचर ने एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक के बीच मर्जर का प्रस्ताव रखा था। यह बात पारेख ने चंदा कोचर के यूट्यूब चैनल पर एक बातचीत के दौरान शेयर की। उन्होंने कहा, "मुझे याद है, आपने मुझसे कहा था कि आईसीआईसीआई ने ही एचडीएफसी को शुरू किया था, तो क्यों न आप वापस 'घर' आ जाएं।" पारेख ने इस प्रस्ताव को विनम्रता से ठुकरा दिया था। उनका कहना था कि यह मर्जर एचडीएफसी के नाम और बैंक के लिए सही नहीं होता। पारेख ने बताया कि यह बात पहले कभी सार्वजनिक नहीं हुई, लेकिन अब वह इसे शेयर करने में सहज हैं। गौरतलब है कि एचडीएफसी लिमिटेड और एचडीएफसी बैंक का बहुप्रचारित रिवर्स मर्जर जुलाई 2023 में पूरा हुआ था। इस मर्जर में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की अहम भूमिका रही।

**मर्जर के पीछे आरबीआई की भूमिकाः** पारेख ने बताया कि आरबीआई ने इस मर्जर को बढ़ावा दिया। एचडीएफसी जैसी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को सिस्टमिकली इम्पॉर्टेंट माना गया, क्योंकि उनकी संपत्ति 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो चुकी थी। आरबीआई का मानना था कि 50,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वाली संस्थाओं को मर्जर जैसे कदम उठाने चाहिए। पारेख ने कहा, "आरबीआई ने हमें सपोर्ट किया और कुछ हद तक इस मर्जर के लिए प्रेरित किया, लेकिन कोई रियायत या छूट नहीं दी गई। उन्होंने मर्जर के आखिरी दिन को "खुशी और दुख" दोनों से भरा बताया। उनके मुताबिक, यह कदम संस्थान और देश के लिए अच्छा था। पारेख ने कहा, "भारत में बड़े बैंकों की जरूरत है। चीन के बैंकों को देखिए, कितने बड़े हैं। हमें भी भारत में बड़े और मजबूत बैंक बनाने होंगे।" उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारतीय बैंकों को अधिग्रहण के जरिए और बड़ा होना चाहिए। पारेख ने वैश्विक स्तर पर सप्लाई चेन, व्यापार नीतियों और निर्यात की अनिश्चितताओं को लेकर भी चिंता जताई। साथ ही, उन्होंने इंश्योरेंस सेक्टर को लेकर कहा कि यह भारत में सबसे कम समझा जाने वाला प्रोडक्ट है।

# ईसी बोला- पोलिंग सेंटर की फुटेज सार्वजनिक नहीं कर सकतेः इससे वोटर को खतरा; राहुल बोले- जिससे जवाब चाहिए, वो सबूत मिटा रहा

**नई दिल्लीः** चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि वोटिंग सेंटर्स की वेबकास्टिंग की सीसीटीवी फुटेज शेयर करना सही नहीं है। इससे वोटर्स, ग्रुप की पहचान करना आसान हो जाएगा। वोट देने वाले और वोट न देने वाले दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी का शिकार हो सकते हैं। आयोग ने कहा- सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन होगा। आयोग का ये जवाब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली होने के दावे पर सीसीटीवी फुटेज शेयर करने की मांग पर आया है।

आयोग ने उदाहरण देते हुए कहा- किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम वोट मिलते हैं, तो वो सीसीटीवी फुटेज के जरिए बड़ी ही आसानी से पहचान कर सकेगा




कि किसने उन्हें वोट दिया और किसने नहीं। इसके बाद वोट न देने वालों को परेशान किया जा सकता है। इससे पहले शनिवार दोपहर राहुल गांधी ने अपनी X पोस्ट में लिखा- वोटर लिस्ट? Machine-readable फॉर्मेट नहीं देंगे। सीसीटीवी फुटेज? कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। जिससे जवाब चाहिए था - वही सबूत मिटा रहा है। साफ दिख रहा है- मैच फिक्स है, और फिक्स किया गया चुनाव, लोकतंत्र के लिए जहर है।

## मतदाताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हुई

दरअसल, चुनाव आयोग ने तय किया है कि अब चुनावों के दौरान खींची गई फोटो, सीसीटीवी फुटेज, वेबकास्टिंग और वीडियो रिकॉर्डिंग सिर्फ 45 दिनों तक ही सुरक्षित रखी जाएंगी। इसके बाद सारा डेटा डिलीट कर दिया जाएगा। ईसी ने 30 मई को सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगर किसी निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव नतीजे को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जाती है, तो 45 दिन बाद ये सारा डेटा नष्ट कर दिया जाए। फैसला फुटेज के दुरुपयोग और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक जानकारियों को रोकने के लिए लिया गया है। ईसी का कहना है कि हाल ही में कुछ गैर-उम्मीदवारों ने चुनावी वीडियो को तोड़-मरोड़कर गलत नैरेटिव फैलाने की कोशिश की, जिससे मतदाताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हुई। कांग्रेस ने आयोग के इस नियम का विरोध किया है। पार्टी ने कहा कि पहले एक साल तक इस डेटा को सेफ रखा जाता था, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कभी भी इसकी जांच हो सके। आयोग का यह नियम पूरी तरह से लोकतंत्र के खिलाफ है। इसे तुरंत वापस लेना चाहिए।


## आयोग बोला- फुटेज का यूज गलत नैरेटिव के लिए होता था

इससे पहले 20 दिसंबर 2024 को केंद्र सरकार ने चुनाव नियम बदलकर पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग को सार्वजनिक करने से रोक दिया था। चुनाव आयोग ने कहा कि वोटिंग और मतगणना जैसे चुनावी चरणों की रिकॉर्डिंग का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। यह काम आंतरिक निगरानी और पारदर्शिता के लिए किया जाता है, लेकिन इन रिकार्डिंग्स का इस्तेमाल गलत नैरेटिव के लिए भी किया जाता रहा है। इसलिए इन्हें लंबे समय तक रखने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। अब तक चुनाव से जुड़ी रिकॉर्डिंग एक साल तक संभाल कर रखी जाती थी, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई कानूनी जांच हो सके।

# मैं चाहे जो भी कर लूं, मुझे नोबेल नहीं मिलेगा, ये सिर्फ लिबरल्स के लिए

ट्रंप का छलका दर्द, पाकिस्तान ने नोबेल शांति पुरस्कार के लिए भेजा है नाम

वाशिंगटन,(ईएमएस)। दुनिया के सबसे बड़े सम्मान नोबेल पुरस्कार के लिए पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम भेजा है। नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नाम भेजने के बाद से डोनाल्ड ट्रंप का दर्द छलक उठा। ट्रंप का कहना है कि 'मैं चाहे जो भी कर लूं, मुझे नोबेल नहीं मिलेगा, क्योंकि ये सिर्फ लिबरल्स को ही दिया जाता है। पाक सरकार ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर ऐलान किया कि उसने डोनाल्ड ट्रंप का नाम नोबेल पुरस्कार के लिए इसलिए भेजा है क्योंकि उन्होंने हालिया भारत-पाक तनाव के दौरान 'निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप' किया, जबकि भारत इस दावे को खारिज करता रहा है कि शांति ट्रंप की वजह से हुई।



रवांडा और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के बीच अमेरिका ने समझौता करा दिया है। ट्रंप ने इस शांति समझौते को 'दुनिया के लिए महान दिन' बताया है। यह समझौता वाशिंगटन में तीन दिन की बातचीत के बाद हुआ है और 27 जून को इसके दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, लेकिन इस सफलता के बाद ट्रंप का गुस्सा फिर नोबेल कमेटी पर फूट पड़ा। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा- कांगो-रवांडा, भारत-पाक, सर्बिया-कोसोवो, मिस्र-इथियोपिया, मिडिल ईस्ट का अब्राहम समझौता... मैं चाहे कुछ भी कर लूं, मुझे नोबेल नहीं दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अगर सब ठीक रहा तो अब्राहम समझौते में और देश जुड़ेंगे और मिडिल ईस्ट पहली बार एक हो जाएगा, लेकिन फिर भी नोबेल नहीं मिलेगा...क्योंकि ये सिर्फ लिबरल्स के लिए है। इससे पहले पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने भी ट्रंप को नोबेल के लिए नामित करने की सिफारिश की थी। इसके बाद ट्रंप और मुनीर की वाइट हाउस में लंच मीटिंग भी हुई थी। बता दें नोबेल शांति पुरस्कार दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है। यह उन लोगों या संस्थाओं को दिया जाता है जो दुनिया में शांति के लिए असाधारण योगदान देते हैं। इस पुरस्कार की शुरुआत स्वीडिश वैज्ञानिक और डायनामाइट के आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल ने की थी। उन्होंने अपनी वसीयत में कहा था कि उन्होंने जो संपत्ति छोड़ी है, उससे हर साल कुछ क्षेत्रों में पुरस्कार दिए जाएं। नोबेल शांति पुरस्कार उन्हीं में से एक है।

### ट्रंप के लिए नोबेल शांति पुरस्कार यू ही नहीं मांग रहा पाकिस्तान

चापलूसी में माहिर पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम नोबेल शांति पुरस्कार के लिए भेज दिया है। पाकिस्तान सरकार ने इसकी घोषणा कर बताया है ट्रंप का नामांकन मई महीने में भारत के साथ तनाव करने में उनकी भूमिका के कारण दिया गया है। लेकिन इसमें पाकिस्तान की योजना कुछ और ही है। पाकिस्तान ट्रंप को खुश करके अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करके आर्थिक और तकनीकी मदद हासिल करना चाहता है। साथ ही कश्मीर पर भी अमेरिकी समर्थन पाना चाहता है।

गौरतलब है कि ट्रंप ने कश्मीर मामले में मध्यस्थता की इच्छा जाहिर की थी। हालांकि, भारत ने साफ किया है वह किसी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। कश्मीर पर बात केवल पाकिस्तान के साथ ही होगी। यह बातचीत केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के बारे में ही होगी। नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ट्रंप का नामांकन इसी सप्ताह पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर की वॉइट हाउस में मेजबानी के बाद आया है।

एक रिपोर्ट में पाकिस्तानी अधिकारी के हवाले से बताया है कि यह कदम भारत-पाकिस्तान संकट के दौरान शांति सुनिश्चित करने में राष्ट्रपति ट्रंप की भूमिका को स्वीकार करने के बारे में है। अधिकारी ने कहा कि ट्रंप की मध्यस्थता ने तनाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और हम उनके योगदान की अंतरराष्ट्रीय मान्यता चाहते हैं। हालांकि भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत ने सैन्य टकराव के दौरान किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की मांग नहीं की या उसे स्वीकार नहीं किया। वॉइट हाउस में मुनीर की मेजबानी से कुछ घंटे पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की थी, जिसमें साफ कहा कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में किसी तीसरे पक्ष ने मध्यस्थता नहीं की थी।

ट्रंप को नामित करने के पीछे पाकिस्तान की मंशा कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय बनाने के प्रयास से भी जुड़ी है। पाकिस्तान लंबे समय से कश्मीर के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांग रहा है। ट्रंप ने कई मौकों पर नोबेल शांति पुरस्कार की अपनी इच्छा जाहिर की है। उन्होंने न्यू जर्सी के मॉरिसटाउन में संवाददाताओं से कहा, मुझे भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने के लिए नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए था। मुझे इसे चार या पांच बार जीतना चाहिए था। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि उन्होंने कांगो और रवांडा, सर्बिया और कोसोवो जैसे अन्य क्षेत्रों में भी शांति स्थापित करने में योगदान दिया है। हालांकि, उन्होंने शिकायत की कि यह पुरस्कार केवल उदारवादियों को दिया जाता है।

# चाहे कितना भी दबाव बनाएं मैं इजराइल को ईरान पर अटैक करने से नहीं रोकूंगा: ट्रंप

वाशिंगटन,(ईएमएस)। ईरान और इजराइल युद्ध का अंत कब होगा, कोई नहीं जानता। इजराइल लगातार ईरान पर अटैक कर रहा है तो ईरान भी मिसाइलों हमलों से इजराइल में तबाही मचा रहा है। ऐसे में अब सबकी नजर अमेरिका पर है। अमेरिका इस जंग में कूदेगा या नहीं। दो सप्ताह में फैसला हो जाएगा। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसी बात कही है, जिससे समझा जा रहा है कि युद्ध अभी लंबा चलेगा। ट्रंप ने कहा कि वह भले ही संघर्ष को खत्म करने के लिए एक कूटनीतिक समाधान की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इस समय इजराइल से ईरान पर हवाई हमले रोकने के लिए कहना मुश्किल होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने ईरान के साथ कूटनीतिक रूप से जुड़ने के यूरोपीय प्रयासों को भी खारिज कर दिया। ट्रंप ने कहा ईरान यूरोप से बात नहीं करना चाहता। वह हमसे बात करना चाहता हैं। यूरोप इस मामले में मदद नहीं कर पाएगा। इजराइल-ईरान युद्ध में ट्रंप ने साफ कहा कि चाहे कोई कितना भी दबाव बनाए मैं इजराइल को ईरान पर अटैक करने से रोकने को नहीं कहूंगा। इससे पहले अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता ने कहा था कि वह इस बारे में 'अटकलें नहीं लगा सकतीं' कि क्या ट्रंप प्रशासन अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए युद्धविराम के लिए दबाव डालेगा। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि अभी जो हो रहा है, राष्ट्रपति या विदेश मंत्री की उन वार्ताओं पर क्या प्रतिक्रिया होगी, मैं इसका वर्णन नहीं करुंगी। आईडीएफ ने कहा कि इजराइली वायुसेना ने इस्फहान और तेहरान के क्षेत्रों में कई ईरानी मिसाइल सिस्टम्स और रडार इंस्टॉलेशंस पर हमला किया, जिसका मकसद उसके एयरक्राफ्ट को निशाना बनाना और उनके ऑपरेशन को बाधित करना था। बता दें ट्रंप ने ईरान पर 2 सप्ताह का समय दिया है। अगर ईरान शर्तें नहीं मानता है तो ऐसा माना जा रहा है कि फिर अमेरिका भी जंग में कूद जाएगा।

### 12 दिन में खत्म हो जाएंगी इजरायली मिसाइलें?

ईरान और इजरायल के बीच 9 दिन से युद्ध चल रहा है। ईरान के द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल से लगातार इजराइल पर हमले किए जा रहे हैं। ईरान की मिसाइलें इजरायल के लिए बड़ी घातक साबित हो रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी एयर डिफेंस प्रणाली रखने वाला इजरायल, ईरान की मिसाइलों का मुकाबला नहीं कर पा रहा है। ईरान से जो मिसाइलें छोड़ी जा रही हैं। उनसे इजराइल को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है।

इजराइल से जवाबी कार्यवाही में जो हमले किए जा रहे हैं। वह ईरान को उतना नुकसान नहीं पहुंचा पा रहे हैं। जिसके कारण इजराइल का हथियारों का जखीरा बड़ी तेजी के साथ खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार इजरायली सेना के अधिकारियों का अनुमान है। यदि इसी तरह से ईरान के हमले जारी रहे। तो इजरायल के पास जो इंटरसेप्टर मिसाइलें हैं। वह खत्म हो जाएंगी। जिसके कारण इजरायल की चिंता बढ़ गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू अमेरिका तथा यूरोपीय देशों से लगातार हथियारों की मांग कर रहे हैं। लेकिन इजराइल को हथियार नहीं मिल पा रहे हैं। ईरान के साथ इजराइल का जो युद्ध शुरू हुआ है। उसमें अमेरिका को सहयोग करने के लिए दबाव बना रहा है। लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप समय पास कर रहे हैं।

इजराइल ने कभी सोचा भी नहीं था। ईरान के पास इस तरह उन्नत किस्म की मिसाइलें होंगी। जो इजराइल के एयर डिफेंस प्रणाली को निष्प्रभावी करते हुए इजराइल को इतने बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा सकती हैं। युद्ध खत्म करने के कूटनीतिक प्रयास इसराइल ने युद्ध को खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर कूटनीतिक प्रयास शुरू कर दिए हैं। यूरोपीय देशों में जिसमें फ्रांस जर्मनी ब्रिटेन की चर्चा ईरान के साथ चल रही है। जिनेवा में कूटनीतिक वार्ता भी शुरू हुई है। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। इस बैठक में ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस के राजनायिक शामिल हुए हैं। ईरान इस बात पर अड़ा हुआ है, इसराइल पहले अपने हमलों को बंद करे। उसके बाद ही कोई बात हो सकेगी। ईरान कोई भी शर्त मानने के लिए तैयार नहीं है। जिसके कारण अमेरिका और यूरोपीय देश जो इजरायल के समर्थन में खड़े थे। वह असमंजस की स्थिति में है। ईरान ने सख्त चेतावनी दी है। इस युद्ध में जो भी इजरायल की मदद करेगा। ईरान उनके ऊपर सीधा हमला करेगा। चाहे अमेरिका ही क्यों ना हो।




लंदन में घातक रूप से बीमार लोगों के लिए दया मृत्यु कानून बिल पर ब्रिटिश सांसदों के मतदान की तैयारी के बीच कानून के विरोध में तख्ती थाम प्रदर्शन करता एक व्यक्ति।

## ईरान में मिसाइलों की बारिश के बीच कांपी धरती

तेहरान,(ईएमएस)। ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर इजरायल लगातार बमबारी कर रहा है। न्यूक्लियर साइट्स पर अटैक के बीच ईरान में आधीरात को भूकंप आ गया। ईरान में रात को जब लोग नींद में सो रहे थे, तब धरती कांपी तो वह डर से घरों से बाहर निकल आए। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। एक ओर ईरान में आसमान से आफत बरस रही है। वहीं दूसरी ओर धरती में भी कुदरती हलचल शुरू हो गई है। ऐसे में वहां के लोगों को डर सताने लगा है। अब सवाल है कि कहीं यह बड़ी तबाही के संकेत तो नहीं। दरअसल, ईरान के सेमनान प्रांत के सोर्खेह शहर के पास 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। मीडिया रिपोर्ट में यूरोपीय-मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर ने बताया कि भूकंप 35 किलोमीटर की मध्यम गहराई पर था और इसके झटके उत्तरी ईरान के कई हिस्सों में महसूस किए गए। अभी तक किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है। भारतीय समयानुसार यह रात 12 बजे की घटना है। ईरान में भूकंप ऐसे वक्त में आया है, जब इजरायल परमाणु ठिकानों को मिसाइल से निशाना बना रहा है। उत्तरी ईरान के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए, लेकिन किसी के घायल होने या बड़े पैमाने पर नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है। ईरान दुनिया के सबसे भूकंप वाले देशों में से एक है क्योंकि यह अल्पाइन-हिमालयन बेल्ट पर स्थित है, जहां अरब और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेट्स मिलती हैं।

# भूतहा जेल में की सिंगर ने गाने की शूटिंग, हुआ अनोखा अनुभव



लॉस एंजेलस (ईएमएस)। ब्रिटेन की चर्चित सिंगर ब्रोकार्डे ने अपने नए म्यूजिक वीडियो "आइडेंटिटी थेफ्ट" की शूटिंग यूके की सबसे भुतहा मानी जाने वाली ग्लॉस्टर जेल में की। सिंगर ने दावा है कि इस दौरान उन्हें भूतों की उपस्थिति का स्पष्ट अनुभव हुआ। ग्लॉस्टर जेल का इतिहास बेहद डरावना और रहस्यमयी रहा है। यह जेल पुराने ग्लॉस्टर किले की जगह पर बनी थी और यहां सैकड़ों लोगों को फांसी दी गई थी। माना जाता है कि खुदाई के दौरान यहां मानव कंकाल भी मिले थे। यह जगह अब एक डरावनी विरासत बन चुकी है, जहां कई लोगों ने भूतिया नर्स, वार्डन और कैदियों को देखने का दावा किया है। यहां पत्थर फेंकने, शोर मचाने और मेहमानों को डराने जैसी घटनाएं आम हैं। ब्रोकार्डे ने बताया कि उन्हें शूटिंग के दौरान एक बेहद अलग अनुभव हुआ। जेल के सेल ब्लॉक में जब वे "मार्च, मार्च, मार्च" लाइन पर हेडबैंगिंग डांस की शूटिंग कर रही थीं, तभी उन्हें कई रहस्यमयी आकृतियां नजर आईं। उन्होंने महसूस किया कि कुछ भूत उनके साथ सिर हिलाकर नाच रहे हैं, जैसे कोई पंक रॉक पार्टी चल रही हो। वह पहले भी कई भूतिया जगहों पर शूटिंग कर चुकी हैं, लेकिन इस बार उनका इरादा भूतों को ढूंढने का नहीं था। फिर भी उन्हें वहां अजीब ऊर्जा और कैदियों की मौजूदगी का एहसास हुआ। घर लौटने के बाद जब उन्होंने उस अनुभव पर विचार किया, तो कुछ भूतों के चेहरे उन्हें पहचाने हुए लगे।

बाद में पता चला कि वे चेहरे ग्लॉस्टर जेल में बंद रहे कुख्यात क्रे ट्विन्स के थे।

# पाकिस्तान में चार हिंदू भाई-बहनों का अपहरण, इस्लाम धर्म अपनाने के लिए किया मजबूर

शाहदादपुर,(ईएमएस)। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदुओं के साथ अत्याचार की एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शाहदादपुर में चार हिंदू भाई-बहनों का अपहरण कर उन्हें जबरन इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया गया। 22 वर्षीय जिया बाई, 20 वर्षीय दिया बाई और 16 वर्षीय दिशा बाई के अलावा, इन तीनों बहनों के 13 वर्षीय भाई हरजीत कुमार को किडनैप कर इस्लाम कबूल करवाया गया। घटना ने स्थानीय हिंदू समुदाय में आक्रोश पैदा कर दिया है। बच्चों की मां न्याय के लिए भटक रही है।

पीड़ितों की मां ने स्थानीय कंप्यूटर शिक्षक फरहान खासखेली पर बच्चों को बहकाने और अपहरण का आरोप लगाया। उन्होंने आंखों में आंसू लिए कहा, मेरे पास तीन बेटियां थीं, और फरहान ने उन सभी को ले लिया। मां ने विशेष रूप से अपने 13 वर्षीय बेटे की वापसी की गुहार लगाई, जिसके बारे में उनका कहना है कि वह इतनी छोटी उम्र में धर्म के बारे में समझने में सक्षम नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी से मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में इन बच्चों के तथाकथित धर्मांतरण को दिखाया गया है, जिसे कई लोगों ने सांस्कृतिक आतंकवाद करार दिया है। हिंदू पंचायत के प्रमुख राजेश कुमार ने इस घटना को न केवल एक पारिवारिक त्रासदी बल्कि सामुदायिक आपदा बताया। उन्होंने पीड़ित बच्चों की तस्वीरें दिखाते हुए सवाल उठाया कि क्या ये बच्चे इतने परिपक्व हैं कि वे स्वेच्छा से धर्म बदलने का निर्णय ले सकें। परिवार के विरोध के बाद पुलिस ने इन बच्चों को शाहदादपुर की एक अदालत में पेश किया। जहां दो बालिग लड़कियों को आश्रय गृह में भेजने का आदेश दिया गया। वहीं एक नाबालिग लड़की और लड़के को मां-बाप को सौंप दिया। पाक मीडिया का दावा है कि इन चारों भाई-बहनों ने बिना किसी दबाव के स्वेच्छा से इस्लाम धर्म अपनाया है। वहीं परिवार का कहना है कि पुलिस के दबाव में बच्चे डरे हुए हैं।

माता-पिता के वकील ने अदालत में बताया कि पुलिस ने चारों को कराची से बरामद किया था, जहां पर उन्हें शाहदादपुर से अगवा कर जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया था। सभी की दलीलें सुनने के बाद, जज ने दो लड़कियों जिया बाई और दीया बाई को कराची के एक आश्रय गृह में रहने की अनुमति दे दी। दोनों लड़कियां मेडिकल छात्राएं हैं। इस बीच, अदालत ने आदेश दिया कि दो नाबालिगों 15 वर्षीय मैट्रिक छात्रा दिशा बाई और उसके 13 वर्षीय चचेरे भाई हरजीत कुमार को उनके माता-पिता को सौंप दिया जाए। लड़कियों के बयानों के आधार पर अदालत ने दो आरोपियों, जुल्फिकार खासखेली और फरहान को अपहरण के आरोपों से भी बरी कर दिया।


यह घटना कोई अलग-थलग मामला नहीं है। सिंध और पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में हिंदू लड़कियों और हाल ही में लड़कों के अपहरण, बलात्कार, जबरन धर्मांतरण और उनके अपहरणकर्ताओं से विवाह की खबरें बार-बार सामने आती रही हैं।

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मुनीर की सेना के 8 सैनिकों की मौत

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में फिर आसिम मुनीर की सेना को निशाना बनाया गया है। कालात जिले के मंगोचार डैम इलाके में लगातार तीन धमाकों से अफरा-तफरी मच गई। इन हमलों में करीब 8 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने या घायल होने की खबर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक धमाके उस वक्त हुए जब सुरक्षाबलों का एक काफिला इलाके से गुजर रहा था। इसके पहले पाकिस्तान में एक ट्रेन को ब्लास्ट के जरिए निशाना बनाया। सिंध प्रांत के जैकोबाबाद में रेलवे ट्रैक पर हुए जोरदार धमाके ने चलती ट्रेन की छह बोगियों को पटरी से उतार दिया। इस हादसे में हालांकि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन घटना पिछले चार महीनों में जफर एक्सप्रेस पर दूसरा हमला है। जफर एक्सप्रेस ट्रेन, जो पेशावर से क्वेटा तक चलती है, जैसे ही जैकोबाबाद के पशु बाजार के पास पहुंची, एक बम धमाका रेलवे लाइन के पास हुआ। धमाका इतना तेज था कि रेल की पटरी 6 फीट तक क्षतिग्रस्त हो गई और जमीन में तीन फीट गहरा गड्ढा बन गया।

# गबार्ड ने दी सफाई कहा- विभाजन पैदा करने की कोशिश मात्र

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी खुफिया एजेंसी की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये सफाई दी कि उनके बयान को संदर्भ से हटाकर प्रस्तुत किया गया और यह विभाजन पैदा करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास ऐसे खुफिया संकेत हैं जिनके अनुसार ईरान कुछ ही हफ्तों या महीनों में परमाणु हथियार तैयार करने की स्थिति में पहुंच सकता है, अगर वह अंतिम निर्णय लेता है।बता दें कि इजरायल ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड के बीच दरार अब खुलकर सामने आ गई है। यह



दरार ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर है। ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से गबार्ड को 'गलत' करार देते हुए कहा कि अमेरिका की खुफिया एजेंसियां अगर मानती हैं कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा, तो 'वो गलत हैं। हालांकि, गबार्ड और व्हाइट हाउस दोनों ने इस सार्वजनिक मतभेद को कमतर आंकने की कोशिश की है। गबार्ड ने कहा कि वह और राष्ट्रपति ईरान को लेकर 'एक ही पन्ने पर' हैं। गबार्ड का कार्यकाल शुरू होने के बाद से वह अमेरिकी खुफिया समुदाय में बड़े बदलाव कर रही हैं, लेकिन उनके नेतृत्व के तरीके पर सवाल उठ रहे हैं। कुछ कैरियर अधिकारियों का कहना है कि गबार्ड अधिकतर सोशल मीडिया और टीवी पर मौजूद हैं, लेकिन दिन-प्रतिदिन के संचालन से उनका जुड़ाव स्पष्ट नहीं है। दरअसल ट्रंप न्यू जर्सी में एक फंडरेजर कार्यक्रम में पहुंचे थे और मीडिया ने उनसे गबार्ड की कांग्रेस को दी गई गवाही के बारे में पूछा। गबार्ड ने इसमें कहा था कि अमेरिकी खुफिया समुदाय का मानना है कि ईरान सक्रिय रूप से परमाणु हथियार नहीं बना रहा। ट्रंप ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मुझे परवाह नहीं कि उन्होंने क्या कहा, मैं मानता हूं कि ईरान बहुत करीब है।

ट्रंप का यह तीखा पलटवार ऐसे समय में आया है जब व्हाइट हाउस दो सप्ताह के भीतर यह तय करने वाला है कि अमेरिका ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध में प्रत्यक्ष सैन्य हस्तक्षेप करेगा या नहीं। हालांकि शुक्रवार को ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि इजरायल की ईरान पर हो रही बमबारी को रोक पाना 'बहुत कठिन' होगा, जिससे संभावित संघर्षविराम की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है।वैसे आपको याद होगा कि ट्रंप अपने चुनाव प्रचार में 'एंडलेस वॉर' के खिलाफ रुख अपनाते नजर आए थे। हालांकि राष्ट्रपति बनने के बाद अब काफी आक्रामक तेवर में नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर कोई जीत रहा हो, तो उसे रोकना थोड़ा मुश्किल होता है।' उन्होंने ईरान के परमाणु ऊर्जा उद्देश्यों पर भी सवाल उठाए, यह कहते हुए कि 'जब आपके पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार में से एक हो, तो आपको परमाणु ऊर्जा की जरूरत क्यों पड़े?

## तहरीक-ए-तालिबान ने बांग्लादेश में खोली शाखा, बड़े पैमाने पर कर रहा भर्ती

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। आईएसआई के इशारे पर पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान ने बांग्लादेश में भी अपनी शाखा खोल दी है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के कहने पर तालिबान ने बांग्लादेश में मुजाहिदीनों की भर्ती शुरू कर दी है। भारत के लिए यह संगठन नई परेशानी खड़ा कर सकता है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के राज में चरमपंथी संगठन फल-फूल रहे हैं। तहरीक-ए-तालिबान ने खुद अपना एक नया पोस्टर जारी कर यह जानकारी दी है, जिसमें कहा गया कि उसने अपने आतंकवादी संगठन की एक नई शाखा बांग्लादेश में भी खोल ली है।

आतंकवादी संगठन का दावा है कि इसके लिए बाकायदा बांग्लादेश मुजाहिदीन की भर्ती भी शुरू कर दी गई है। पाकिस्तान के इस आतंकवादी संगठन में बड़े पैमाने पर वहां के युवा मुस्लिम बड़े अपराधी और अन्य आतंकवादी संगठनों के आतंकवादी भर्ती हो रहे हैं। आतंकवादी संगठन ने दावा भी किया है कि पश्तो और उर्दू के बाद संगठन ने यह नई शाखा बांग्लादेश में सीआईए आईएसआई समर्थित शासन के खिलाफ खोली है। साथ ही आतंकवाद की नई शाखा के जरिए अराकान और राखिन क्षेत्र में भी चीन समर्थित आतंकवादियों और भारतीय बीएसएफ सैनिकों के खिलाफ लड़ाई शुरू की जाएगी। भारतीय खुफिया एजेंसी का मानना है कि यह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की एक नई चाल है, जिसके तहत बांग्लादेश में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान की यह नई शाखा खोली गई है। इसका मकसद केवल भारतीय सुरक्षा बलों पर हमले करना और पूर्वोत्तर समेत बांग्लादेश में आतंकवाद को बढ़ावा देना होगा। आतंकवाद को लेकर भारत ने जिस तरह के कड़े कदम पाकिस्तान के खिलाफ उठाए हैं उससे पाकिस्तान खुलकर भारत के सामने नहीं आ पा रहा। यही कारण है कि उसने बांग्लादेश के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को परेशान करने के लिए एक नई साजिश रची है यानी आने वाले दिनों में यह संगठन भारत-बांग्लादेश सीमा पर आतंकवाद की नई कहानी लिख सकता है।

## ईरानी विदेश मंत्री और यूरोपीय अधिकारियों के बीच कूटनीतिक वार्ता विफल

जेनेवा (ईएमएस)। इजराइल और ईरान के बीच तनाव कम करने के मकसद से घंटों चली कूटनीतिक वार्ता विफल हुई। यूरोपीय मंत्रियों और ईरान के शीर्ष राजनयिकों के बीच जेनेवा में चार घंटे तक बैठक हुई। ठीक तभी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप युद्ध में अमेरिकी सेना के हस्तक्षेप पर विचार कर रहे थे और परमाणु रिएक्टरों पर संभावित हमलों को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं।

यूरोपीय अधिकारियों ने भविष्य में वार्ता की आशा व्यक्त की जबकि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि वह आगे भी वार्ता के लिए तैयार हैं। उन्होंने इस जोर दिया कि इजराइल की ओर से लगातार हमले किए जाने के कारण ईरान को अमेरिका के साथ वार्ता करने में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने कहा, "यदि हमले बंद हो और हमलावर को उसके अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए, तब ईरान कूटनीतिक कदमों पर विचार करने के लिए तैयार है।" वार्ता के लिए कोई अगली तारीख तय नहीं की गई है। दरअसल इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि जब तक उनका देश चाहेगा तब तक ईरान में इजराइल का सैन्य अभियान चलेगा, जिसका मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और बैलिस्टिक मिसाइलों को खत्म करना है। वहीं ट्रंप ने कहा है कि वे ईरान के खिलाफ इजराइल के अभियान में अमेरिका के शामिल होने को लेकर दो सप्ताह में फैसला लूंगा। वहीं वाशिंगटन में स्थित ईरानी मानवाधिकार समूह के अनुसार, ईरान में 263 आम नागरिकों सहित कम से कम 657 लोग मारे गए हैं और 2,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इजराइली सेना के अनुमान के अनुसार, ईरान ने इजराइल पर 450 मिसाइलें और 1,000 ड्रोन दागकर जवाबी कार्रवाई की है। इजराइल ने कहा किकुद्स फोर्स के लिए फलस्तीन कोर के कमांडर सईद इज़ादी की कोम शहर के एक अपार्टमेंट में हत्या कर दी गई है। कुद्स फोर्स रिवॉल्यूशनरी गार्ड की एक विशिष्ट शाखा है जो ईरान के बाहर सैन्य व खुफिया अभियान चलाती है।

## रूस ने यूक्रेन के दो शहरों पर ड्रोन हमले किए, एक नागरिक की मौत

कीव,(ईएमएस)। रूस ने यूक्रेन के दो शहरों पर ड्रोन हमले किए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि रूस ने रात में ड्रोन से हमले किये, जिसमें ओडेसा और उत्तरपूर्वी शहर खारकीव को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि 20 से अधिक ड्रोन हमलों में 17 और 12 वर्ष की दो लड़कियों सहित कम से कम 24 नागरिक घायल हो गए। जेलेंस्की ने लिखा, ''यह हमला दुनिया को यह दिखाता है कि कि रूस युद्धविराम को स्वीकार नहीं करता और हत्या का विकल्प चुनता है। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि अगले दौर की शांति वार्ता की तारीख पर अगले सप्ताह सहमति बनने की उम्मीद है।

## इजराइली विदेश मंत्री का दावा: ईरान के परमाणु कार्यक्रम को कई साल पीछे धकेला

तेहरान/तेल अवीव,(ईएमएस)। इजराइल-ईरान के बीच संघर्ष जारी है। इस बीच इजराइल के विदेश मंत्री ने दावा किया है कि इजराइली सेना के हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को 2-3 साल के लिए पीछे धकेल दिया है। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इजराइल के पास इतनी क्षमता नहीं है कि वह ईरान के फोर्डो परमाणु ठिकाने को पूरी तरह नष्ट कर सके। यह ठिकाना पहाड़ के 80 मीटर नीचे बना है। ईरान ने सुबह इजराइल में तेल अवीव समेत दूसरे शहरों पर मिसाइल हमला किया। इससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। अभी घायलों की जानकारी नहीं मिली है। वहीं, इजराइल ने भी जवाबी हमला करते हुए ईरान में कोम, इस्फहान में मिसाइल हमले किए। इसमें 2 लोगों की मौत हुई है और 4 घायल हैं। बीते 8 दिनों में इजराइल में 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं।

## लोग सुकून से बीच पर कर रहे थे मस्ती, बजा सायरन फिर गिरीं मिसाइलें

तेल अवीव,(ईएमएस)। इजराइल के दूसरे सबसे बड़े शहर तेल अवीव के सी-बीच पर भीड़ थी। 15 जून से शुरू हुई इजराइल-ईरान जंग में ईरान की तरफ से सबसे ज्यादा हमले तेल अवीव पर ही हुए हैं। फिर भी लोग समंदर किनारे सुकून के पल बिताने आए थे। शाम 6 बजे अचानक सायरन बजा। लोगों में भगदड़ मच गई। सभी भागकर बीच के किनारे बने बंकरों में छिप गए। करीब 3 मिनट बाद जोरदार धमाका हुआ। आसपास कहीं मिसाइल गिरी थी। बता दें बीते एक हफ्ते से इजराइल के लोगों की जिंदगी इन्हीं बंकरों में सिमट गई है। स्कूल, कॉलेज, ऑफिस सब बंद हैं। मीडिया रिपोर्ट में तेल अवीव की एक महिला ने बता किया 'बूम.. बूम.. बूम, ऑल द टाइम, एवरीवेयर' यानी हर जगह, हर वक्त सिर्फ धमाके हो रहे हैं।

## इजराइल अपने दम पर ईरान के अंडरग्राउंड फोर्दो न्यूक्लियर प्लांट नष्ट नहीं कर सकता

वाशिंगटन,(ईएमएस)। इजराइल और ईरान के बीच 9 दिनों से जंग जारी है और दोनों ही देश एक-दूसरे पर मिसाइलें दाग रहे हैं। इन हमलों में बड़े-बड़े शहर तबाह हो रहे हैं और इजराइल ईरान के न्यूक्लियर प्लांट पर हमले कर रहा है और उसे तबाह करने के लिए इजराइल ने अमेरिका से मदद मांगी है। ईरान के खिलाफ इजराइल का साथ देने के लिए अमेरिकी फौजों को भेजने की संभावना के बारे में पूछा जाने पर ट्रंप ने कहा कि यह आखिरी विकल्प होगा। उन्होंने कहा कि अभी हमारे पास अधिकतम दो हफ्ते का समय है। इजराइल के पास ईरान के अंडरग्राउंड फोर्दो न्यूक्लियर प्लांट को अपने दम पर नष्ट करने की क्षमता नहीं है। इजराइल के पास बहुत सीमित क्षमता है। वो फोर्दो के एक हिस्से को ही थोड़ा-बहुत नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन खत्म नहीं कर सकता। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का दावा है कि ईरान के पास न्यूक्लियर बम बनाने की पूरी क्षमता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर के आदेश पर ईरान कुछ हफ्तों में न्यूक्लियर बम बना सकता है। उन्होंने कहा कि तेहरान के पास न्यूक्लियर बम बनाने के लिए जरूरी सामान है। अगर ईरान परमाणु बम बना लेता है तो यह पूरी दुनिया के लिए खतरा होगा और इससे खतरा बढ़ेगा।

# केएल राहुल ने पंत के आगे जोड़े हाथ, अटपटा शॉट देख स्टोक्स भी हंसी रोक न सके



नई दिल्ली (ईएमएस)। आमतौर पर बल्लेबाज दिन के अंतिम ओवर में सतर्कता बरतते हैं, लेकिन पंत का आत्मविश्वास और आक्रामकता देखने लायक थी। उनका यह शॉट इंग्लिश खिलाड़ियों को हैरान कर गया। जब शुभमन गिल और ऋषभ पंत दिन का खेल समाप्त कर ड्रेसिंग रूम की ओर लौटे, तो टीम के अन्य खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ ने खड़े होकर उनका स्वागत तालियों से किया। खास बात यह रही कि सीढ़ियों के पास खड़े केएल राहुल ने पंत के आगे हाथ जोड़ दिए, जैसे उनके जज्बे को सलाम कर रहे हों। यह पल दर्शाता है कि पंत का अंदाज टीम के भीतर भी कितना सम्मान पाता है। इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट के पहले दिन भारतीय टीम का प्रदर्शन दमदार रहा, जिसमें कप्तान शुभमन गिल और उप-कप्तान ऋषभ पंत की नाबाद साझेदारी ने अहम भूमिका निभाई। रोहित शर्मा के बाद नए नेतृत्व में टीम इंडिया ने 3 विकेट पर 359 रन का स्कोर खड़ा कर इंग्लिश गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने शानदार शतक जड़ा, वहीं ऋषभ पंत ने 65 रनों की जुझारू और रोमांचक पारी खेली। पंत को इंग्लैंड दौरे के लिए टीम का उप-कप्तान बनाया गया है, और ऐसे में उम्मीद की जा रही थी कि वह अपनी बल्लेबाजी में थोड़ा संयम लाएंगे। लेकिन मैदान पर पंत ने फिर दिखा दिया कि वो कितने बेपरवाह खिलाड़ी हैं। अपनी पारी की दूसरी ही गेंद पर उन्होंने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के सामने कदमों का इस्तेमाल कर जोरदार चौका जड़ दिया। यह शॉट न सिर्फ दर्शकों के लिए हैरतअंगेज था बल्कि खुद स्टोक्स भी अपनी हंसी नहीं रोक सके। उनका रिएक्शन कैमरे में कैद हो गया और अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इससे पहले, भारत को यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी ने 91 रनों की मजबूत शुरुआत दी थी। राहुल 42 रन बनाकर आउट हुए और उनके बाद डेब्यू कर रहे साई सुदर्शन बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। ऐसे में दबाव की स्थिति में पंत ने बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने पहली गेंद पर रक्षात्मक रुख अपनाया लेकिन दूसरी ही गेंद पर जोखिम लेकर अपना नैचुरल गेम खेला। पंत की पारी में कई जोखिम भरे शॉट्स देखने को मिले। हालांकि बीच-बीच में शुभमन गिल उन्हें समझाते भी नज़र आए। पंत ने जहां मौके बनाए, वहीं चूके भी, लेकिन अंत तक डटे रहे। दिन के आखिरी ओवर में जब ज़्यादातर बल्लेबाज़ संभलकर खेलते हैं, पंत ने क्रिस वॉक्स की गेंद पर आगे बढ़कर शानदार छक्का लगाया। दिन का खेल खत्म होने तक शुभमन गिल 127 और ऋषभ पंत 65 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच 138 रनों की मजबूत साझेदारी हो चुकी है, जिससे भारत ने पहले दिन ही इंग्लैंड पर शिकंजा कस दिया है।

### ऋषभ पंत ने रचा इतिहास, धोनी को पीछे छोड़

भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में भारतीय उपकप्तान ऋषभ पंत ने अपने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए एक खास उपलब्धि हासिल की। उन्होंने नाबाद 65 रनों की पारी खेली और शुभमन गिल के साथ मिलकर 138 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। पंत की इस पारी में 6 चौके और 2 छक्के शामिल थे और उन्होंने कुल 102 गेंदों का सामना किया। इस पारी के साथ ही ऋषभ पंत ने टेस्ट क्रिकेट में अपने तीन हजार रन भी पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले भारत के दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि सिर्फ पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने हासिल की थी। लेकिन खास बात यह रही कि पंत ने यह आंकड़ा महज 76 पारियों में पूरा किया, जबकि धोनी को इसके लिए 144 पारियां खेलनी पड़ी थीं। यही नहीं, पंत अब टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले दूसरे विकेटकीपर भी बन गए हैं। उनसे आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट हैं, जिन्होंने 63 पारियों में यह कारनामा किया था। पंत की यह उपलब्धि सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही। उन्होंने एसईएनए देशों यानी दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में 27 मैचों में 38.80 की औसत से 1,746 रन बनाकर एशिया के सबसे सफल विकेटकीपर बल्लेबाज बनने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। इस मामले में उन्होंने एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 32 मैचों में 1,731 रन बनाए थे। पंत के नाम इन देशों में अब तक चार शतक और छह अर्धशतक हैं। भारत की पहली पारी के तीसरे सत्र में पंत और गिल ने समझदारी से खेलते हुए न केवल टीम को संकट से निकाला बल्कि स्कोर को 300 के पार पहुंचाया। इस पारी ने न केवल भारत को मजबूती दी बल्कि पंत के करियर को भी एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है।

## टेस्ट क्रिकेट को अब भी पहली प्राथमिकता देते हैं स्मिथ

मुम्बई (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का कहना है कि वह टेस्ट क्रिकेट को अब भी सबसे पहली प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) शुरु होने के बाद ये रोमांच और बढ़ा है। अब वह घर पर इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज खेलने को लेकर उत्साहित हैं। साथ ही कहा कि मुझे लगता है कि मैं अब भी उस स्तर पर काफी कुछ योगदान दे सकता हूं। इस बल्लेबाज ने अबतक 116 टेस्ट मैचों में 56.74 की औसत से 10271 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 36 शतक और 41 अर्धशतक बनाये हैं। स्मिथ अब रिकी पोंटिंग के 13378 रनों से आगे निकलना चाहेंगे। इसके अलावा उनकी नजरें सचिन तेंदुलकर के 51 टेस्ट शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ने पर भी होंगी। स्मिथ ने अपने करियर की शुरुआत एक लेग स्पिनर के रूप में की थी। स्मिथ ने जुलाई 2010 में पाकिस्तान के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर अपना टेस्ट डेब्यू करते हुए आठवें नंबर पर बल्लेबाजी की थी पर पांच साल बाद ही वह ऑस्ट्रेलिया के कप्तान बन गये। इसके अलावा वह दुनिया के नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज भी बन गये। उनका करियर विवादों में भी रहा है। मार्च 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान गेंद से छेड़खानी विवाद के कारण स्मिथ को एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसके बाद उन्हें कप्तानी से भी बाहर कर दिया गया था।

इस क्रिकेटर का भारतीय टीम के खिलाफ भी काफी अच्छा रिकार्ड रहा है। वह भारतीय गेंदबाजों के लिए हमेशा ही परेशानी साबित हुए हैं। स्मिथ का रिकार्ड भारतीय टीम के के खिलाफ काफी अच्छा रहा है। 2015 एकदिवसीय विश्वकप की बात करें या 2023 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल सहित कई मैचों में स्मिथ के कारण ही भारतीय टीम जीत हासिल नहीं कर पायी। डब्लयूटीसी फाइनल 2023 में स्मिथ ने 121 रन बनाए थे।

## मेस्सी के गोल से इंटर मियामी ने यूरोपीय चैंपियन पोर्टो को हराया

अटलांटा,(ईएमएस)। अमेरिका के स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी ने शानदा प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया जिससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की। इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1-0 से हार रही थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर को बराबर पर ला दिया।

इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ी मेस्सी का जादू चला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर साबित कर दिया कि वह दुनिया के महान खिलाड़ियों में शामिल हैं। इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप-ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।

## एमपीएल में बल्लेबाजों की टक्कर का वीडियो वायरल

मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र प्रीमियर लीग (एमपीएल) 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले के दौरान एक दिलचस्प और हैरान कर देने वाला वाकया सामने आया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रन दौड़ते हुए दो बल्लेबाज आपस में जोरदार टक्कर खा बैठे, जिससे दोनों मैदान पर गिर पड़े। इस घटना ने दर्शकों और खिलाड़ियों को चौंका दिया, मगर इसके बावजूद फील्डिंग टीम ने खेल भावना से परे जाकर दोनों को रन आउट करने की कोशिश की। टक्कर के बावजूद बल्लेबाजों ने सूझबूझ दिखाई और समय रहते अपने-अपने क्रीज पर पहुंच गए। वहीं, फील्डिंग टीम की ओर से रनआउट की कोशिश के दौरान नामी खिलाड़ी राहुल त्रिपाठी ने खराब थ्रो किया, जिसके चलते बल्लेबाजी टीम को ओवरथ्रो का चौका भी मिला और स्थिति पूरी तरह बल्लेबाजों के पक्ष में चली गई। यह रोमांचक घटना शुक्रवार को पुणे में खेले गए एलिमिनेटर मैच के दौरान हुई, जिसमें रायगढ़ रॉयल्स ने कोल्हापुर टस्कर्स को छह विकेट से हराकर क्वालिफायर-2 में प्रवेश किया। इस जीत से रायगढ़ ने फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदें बनाए रखी हैं। मैच की बात करें तो कोल्हापुर टस्कर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाए। टीम की ओर से अंकित बावे ने शानदार अर्धशतक लगाया, उन्होंने 50 गेंदों पर 57 रन बनाए जिसमें दो चौके और दो छक्के शामिल थे। रायगढ़ के गेंदबाज निखिल कदम ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायगढ़ रॉयल्स की टीम ने 165 रन का लक्ष्य दो गेंदें शेष रहते छह विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। टीम की जीत के हीरो रहे सलामी बल्लेबाज विक्की ओस्टवाल, जिन्होंने 54 गेंदों में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 74 रनों की जबरदस्त पारी खेली। कोल्हापुर की ओर से अनाद थेंगे ने दो विकेट लिए, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके।

## पुनः राष्ट्रीय टीम की जर्सी पहनने को लेकर भावुक है नायर

लीड्स (ईएमएस)। काफी समय बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी करने वाले करुण नायर पुनः राष्ट्रीय टीम की जर्सी पहनने को लेकर भावुक हैं। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम में शामिल किए गए नायर ने कहा कि देश के लिए दोबारा खेलने का सपना उन्हें लगातार प्रेरित करता रहा और यही जज्बा उन्हें मुश्किल दौर से बाहर निकालने में मददगार साबित हुआ। बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में करुण नायर ने अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा, "जब मैं सुबह उठता था, तो पहला विचार यही आता था कि मुझे फिर से भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना है। यही सोच मुझे हर दिन अभ्यास के लिए प्रेरित करती रही। उस लक्ष्य को कभी नहीं छोड़ा और उस पर भरोसा बनाए रखा। इस जर्सी को दोबारा पहनना मेरे लिए सम्मान की बात है।" नायर ने कहा कि जब उन्होंने टीम के सभी खिलाड़ियों को पहली बार ड्रेसिंग रूम में देखा, तो उन्हें यकीन हुआ कि वे सच में टीम में लौट आए हैं। उन्होंने कहा, "मैं हमेशा टीवी पर टीम को देखता था, लेकिन अब उन्हीं के बीच होना एक खास अहसास है। ड्रेसिंग रूम में फिर से वापसी करना शानदार है। मैं इस मौके के लिए बेहद आभारी हूं। यह जीवन का एक फुल सर्कल जैसा है, क्योंकि मैं इंग्लैंड में ही टीम से बाहर हुआ था और अब इंग्लैंड में ही वापसी कर रहा हूं।" 33 वर्षीय बल्लेबाज करुण नायर ने अपनी वापसी की पटकथा घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन से लिखी। हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत 'ए' की ओर से खेले गए दो अनौपचारिक टेस्ट मैचों में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। कैंटरबरी में खेले गए पहले मैच में उन्होंने दोहरा शतक ठोका, जिससे चयनकर्ताओं का ध्यान उनकी ओर गया।

## पहले गेंदबाजी चुनने को लेकर इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स पर भड़के वॉन

नई दिल्ली,(ईएमएस)। बेन स्टोक्स ने हेडिंग्ले में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पूर्व इंग्लैंड कप्तान माइकल वॉन बेन स्टोक्स के भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में पहले गेंदबाजी करने के फैसले से 'हैरान' थे। वॉन का मानना था कि सूखी पिच और धूप में पहले बल्लेबाजी करना 'आसान' था, लेकिन स्टोक्स ने आंकड़ों और इतिहास को ज्यादा महत्व दिया और गेंदबाजी का फैसला किया।

वॉन ने कहा कि मैं थोड़ा पुरानी सोच का हूं, खासकर लीड्स में जब धूप होती है, तो यह एक आसान फैसला होता है, खासकर टेस्ट मैच की तैयारी और पिच की स्थिति को देखते हुए। मैं हैरान था...जब मैंने सुना कि वह पहले गेंदबाजी करने जा रहे हैं। मैंने सोचा कि ट्रेंड को खत्म कर दिया गया है। इंग्लैंड ने हाल के समय में यहां लक्ष्य का पीछा करते हुए कई बार जीत हासिल की है, लेकिन आपको हमेशा उस समय के हिसाब से फैसला लेना होता है। वॉन ने कहा कि स्टोक्स की भावना इस बार काम नहीं आई। आप इंग्लैंड की टीम की ताकत देखें, तो वह वास्तव में बल्लेबाजी में है। बेन के पास एक आंतरिक भावना थी, मुझे लगता है और हाल के समय में यह काम किया है। बता दें इंग्लैंड के पास स्टोक्स के दो विकेट और ब्राइडन कार्स ने एक विकेट लिया। ये तीनों भारतीय बल्लेबाजों की गलतियों के कारण मिले। टॉस के समय स्टोक्स ने कहा कि वह शुरुआती परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहते थे, जबकि टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने भी कहा कि वह पहले गेंदबाजी करना पसंद करते हैं, लेकिन पिच जल्दी ही स्थिर हो गई और बल्लेबाजों ने इसका पूरा फायदा उठाया।

# रहाणे ने यशस्वी की जमकर तारीफ की

नई दिल्ली (ईएमएस)। इंग्लैंड दौरे से पहले अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जमकर तारीफ की है। अजिंक्य रहाणे का मानना है कि जायसवाल इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में भी बतौर ओपनर खुद को साबित कर सकते हैं।

इतना ही नहीं, यशस्वी टीम इंडिया को मजबूत शुरुआत दिला सकते हैं। अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में रहाणे ने कहा, व्यक्तिगत रूप से मैं यशस्वी जायसवाल को अच्छा प्रदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि इंग्लैंड में पारी की शुरुआत करना वास्तव में चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने आगे कहा, उसके पास तकनीक है, वह विकेट बचाकर भी खेल सकता है और मौके आने पर आक्रामक भी हो सकता है। यही संतुलन एक सलामी बल्लेबाज को सफल बनाता है।

गौरतलब है कि यशस्वी ने जुलाई 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और तभी से वह भारत के लिए टेस्ट ओपनिंग में पहली पसंद बने हुए हैं। वहीं, रहाणे ने भारत के लिए आखिरी टेस्ट जुलाई 2023 में वेस्टइंडीज के ही खिलाफ खेला था। अप्रैल 2024 में ऐसी खबरें भी आई थीं कि रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर से हार के बाद मुंबई टीम में जायसवाल और रहाणे के बीच मतभेद हो गए थे, हालांकि इस वीडियो में रहाणे ने जायसवाल के प्रति सकारात्मक रुख दिखाया। रहाणे ने गेंदबाजी को लेकर भी राय रखी और खासतौर पर जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज पर उम्मीद जताई। उन्होंने कहा, बुमराह और सिराज पर अब आक्रमण का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी है। इंग्लैंड में स्विंग और सीम की मदद मिलती है, ऐसे में ये दोनों गेंदबाज टीम के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं। उन्होंने जोड़ा, हम सभी जानते हैं कि बुमराह कितने शानदार गेंदबाज हैं। लेकिन मैं चाहता हूं कि वह इस सीरीज में अतिरिक्त जिम्मेदारी लें और जब टीम मुश्किल में हो, तब अपनी स्पेल से फर्क पैदा करें। इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतना हमेशा बहुत खास होता है।



### जायसवाल और गिल के बीच मजेदार नोकझोंक का वीडियो वायरल

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने कमाल की बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया। खासतौर पर यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल की सेंचुरी ने टीम इंडिया को मजबूत स्थिति में ला दिया। इसी बीच यशस्वी और गिल के बीच मैदान पर हुई एक मजेदार बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है, जिसमें दोनों रन दौड़ते वक्त नोकझोंक करते नजर आ रहे हैं। हुआ यूं कि मैच के पहले दिन जायसवाल ने एक शॉट खेला जो सीधा फील्डर के पास चला गया। इस पर दोनों बल्लेबाज रन के लिए दौड़ने लगे, लेकिन गिल ने तुरंत मना कर दिया। इसके बाद गिल बोले, "अरे आ जाओ यार," तो जायसवाल ने हंसते हुए जवाब दिया, "भैया यार... थोड़ा आगे था ये, सॉरी।" इससे पहले बातचीत में जायसवाल ने कहा था, "बस बोलते रहना कॉल... मेरी आदत है आगे जाने की... जोर से बोल दो।" मैच की बात करें तो यशस्वी जायसवाल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 159 गेंदों में 101 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और 1 छक्का शामिल था। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए की ओर से खेलते हुए जिन कमजोरियों का सामना किया था, उन्हें इस बार सुधारते हुए दमदार पारी खेली। जायसवाल अंततः बेन स्टोक्स की गेंद पर बोल्ड हुए। दूसरी ओर, शुभमन गिल भी बेहतरीन लय में नजर आए और अपनी फॉर्म को बरकरार रखते हुए शतक जड़ा। खेल के दूसरे दिन का अंत भारत के लिए शानदार रहा, जहां टीम ने सिर्फ तीन विकेट गंवाकर 85 ओवर में 359 रन बना लिए। भारतीय बल्लेबाजों ने दूसरे सेशन में 4.86 और तीसरे सेशन में 4.24 की रनरेट से रन जोड़े। अब तीसरे दिन शुभमन गिल और ऋषभ पंत पारी को आगे बढ़ाएंगे। भारतीय टीम की मजबूत बल्लेबाजी और जायसवाल-गिल की जोड़ी ने इंग्लैंड को पूरी तरह बैकफुट पर ला दिया है।

### यशस्वी जायसवाल की ध्रुव जुरेल संग बातचीत वायरल

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सितारे यशस्वी जायसवाल और विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की एक ऑन-कैमरा बातचीत ने क्रिकेट फैंस का ध्यान खींचा है। यह बातचीत उस समय हुई जब जायसवाल ने इंग्लैंड में चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तहत हेडिंग्ले में अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा। ध्रुव जुरेल ने बातचीत के दौरान जायसवाल की प्रतिबद्धता और मानसिक दृढ़ता की तारीफ की और उन्हें जिद्दी करार दिया। जुरेल ने बताया कि जब वे भारत 'ए' के लिए खेल रहे थे, तब जायसवाल ने पहले ही दृढ़ निश्चय कर लिया था कि उन्हें इंग्लैंड में रन बनाने हैं। जुरेल ने कहा, जब हम भारत 'ए' के लिए खेल रहे थे, तो आपने मुझसे कहा था कि आपको इंग्लैंड में रन बनाने ही हैं, चाहे कुछ भी हो। यहां तक कि जब गेंद बहुत ज्यादा मूव कर रही थी, तब भी आप नेट्स में उसी चुनौती की तलाश करते थे। यही जिद आपको बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाती है। जुरेल ने जायसवाल से मैदान के बाहर की उनकी जिंदगी के बारे में भी सवाल किया, जिस पर जायसवाल मुस्कराते हुए बोले, "मैं ज्यादा कुछ नहीं करता। जब गंभीर होना होता है, तो मैं पूरी तरह गंभीर हो जाता हूं। मेरी कोशिश रहती है कि मैं मानसिक रूप से शांत रहूं और अभ्यास के जरिए खुद को बेहतर बनाऊं।

## शुभमन गिल का इंग्लैंड में शतक, सहवाग और कोहली को पीछे छोड़ा, भारत ने रचा इतिहास

नई दिल्ली (ईएमएस)। शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए नाबाद शतक जड़ दिया और भारतीय क्रिकेट इतिहास में एक खास मुकाम हासिल कर लिया। पहले दिन का खेल खत्म होने तक 359 रन बना लिए और सिर्फ तीन विकेट खोए। यह टेस्ट क्रिकेट में भारत का इंग्लैंड में पहले दिन का सबसे बड़ा स्कोर बन गया। गिल की कप्तानी में यह पारी न सिर्फ टीम के लिए फायदेमंद रही बल्कि उन्होंने कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। 25 साल की उम्र में गिल ने भारत के लिए कुल 15वां शतक लगाया है और इस उम्र में सबसे ज़्यादा शतक जड़ने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में वह अब तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। इस मामले में उन्होंने वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 25 की उम्र तक 13 शतक लगाए थे। युवराज सिंह इस उम्र में 11 शतक लगा पाए थे। इस सूची में सबसे ऊपर हैं सचिन तेंदुलकर जिन्होंने 25 की उम्र तक 40 शतक जड़े थे, जबकि विराट कोहली के नाम 26 शतक थे। इसके अलावा गिल ने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाया है जो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भी उनका छठा शतक है। उन्होंने इस आंकड़े के साथ विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल को पीछे छोड़ दिया जिनके नाम डब्ल्यूटीसी में 5-5 शतक दर्ज हैं। अब गिल डब्ल्यूटीसी में भारत की ओर से सबसे ज़्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज़ों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं, जहां पहले स्थान पर रोहित शर्मा हैं जिनके नाम 9 शतक दर्ज हैं। गिल की इस पारी के साथ वह भारतीय क्रिकेट के उन कप्तानों की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने टेस्ट में शतक जड़ा है। इससे पहले सहवाग, अजय जडेजा और रवि शास्त्री भी बतौर कप्तान एक-एक शतक लगा चुके हैं। अगर गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक और शतक जड़ते हैं तो वे गौतम गंभीर, विजय हजारे और दिलीप वेंगसरकर की बराबरी कर लेंगे। गिल की यह पारी भारतीय क्रिकेट के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह दूसरे दिन कितनी दूर तक टीम को ले जा पाते हैं।

## इंग्लैंड में चला पंत का बल्ला, फैंस ने आईपीएल की लखनऊ टीम के मालिक को घेरा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन ऋषभ पंत ने शानदार फिफ्टी लगाई। वह अब भी क्रीज बने हुए हैं और दूसरे दिन खेल की शुरुआत करेंगे। आईपीएल में फ्लॉप होने वाले पंत का बल्ला टेस्ट मैच में चमका। फैंस ने इस शानदार पारी के बीच लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका को घेरा जिन्होंने पंत को आईपीएल में खरीदने के लिए 27 करोड़ खर्च किए थे। पंत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें वह इंग्लैंड में बेहतरीन शॉट्स लगा रहे हैं। एक यूजर ने कॉमेंट में लिखा- गोयनका साहब देख रहे हैं न, ये 27 करोड़ का शॉट कहां खेला जा रहा है।



दक्षिण चीन के हांगकांग में महिला वॉलीबॉल राष्ट्र लीग 2025 में बुल्गारिया और चेक गणराज्य के बीच पूल 5 मैच के दौरान गेंद को स्पाइक करती चेक गणराज्य की ईवा कोउलिसियानी (बाएं)।

## ट्रांसजेंडर एथलीटों पर दिया ट्रंप का बयान सुर्खियों में

वाशिंगटन (ईएमएस)। हाल ही में इटली के मशहूर फुटबॉल क्लब जुवेंटस के खिलाड़ी जब व्हाइट हाउस पहुंचे तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रांसजेंडर एथलीटों को लेकर ऐसा सवाल पूछ लिया, जिससे माहौल असहज हो गया। इस बयान को लेकर डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर अपने विवादास्पद बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। क्लब वर्ल्ड कप में भाग लेने अमेरिका आए जुवेंटस खिलाड़ियों की मुलाकात के दौरान ट्रंप ने उनसे महिलाओं की भागीदारी पर सवाल कर सबको चौंका दिया। ट्रंप ने जुवेंटस को एक महान टीम कहकर संबोधित किया, लेकिन इसके तुरंत बाद उन्होंने पूछ लिया, क्या कोई महिला आपकी टीम में खेल सकती है, दोस्तों? इस अप्रत्याशित सवाल पर खिलाड़ी असहज हो गए और हल्की मुस्कान के साथ चुप्पी साध ली। वीडियो में देखा गया कि खिलाड़ी एक-दूसरे को हैरानी से देख रहे हैं। इस दौरान फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी वहां मौजूद थे। ट्रंप ने दोबारा वही सवाल दोहराया, जिस पर जुवेंटस के जनरल मैनेजर डेमियन कोमोली ने जवाब दिया, हमारी एक बहुत अच्छी महिला टीम है। वह जुवेंटस वीमेन की बात कर रहे थे, जो फिलहाल इटली की सीरीए महिला चैंपियन है। हालांकि, ट्रंप ने तुरंत अपनी टिप्पणी में कहा, लेकिन उन्हें महिलाओं के साथ ही खेलना चाहिए। कोमोली इस पर कुछ नहीं कह सके। ट्रंप ने मुस्कुराते हुए जोड़ा, देखिए, ये कितने डिप्लोमैटिक हैं।




बर्लिन में डब्ल्यूटीए टूर में महिला एकल क्वार्टरफाइनल टेनिस मैच के दौरान कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना को गेंद लौटाती बेलारूस की आर्यना सबालेंका।

# भूटिया के आरोप निराधार, एआईएफएफ की छवि को कर रहे खराबः चौबे

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया और ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे के बीच तनाव और बढ़ गया है। इस तनाव के बीच भूटिया को कल्याण ने एआईएफएफ की 2 जुलाई को होने वाली बैठक में आमंत्रित किया है। भूटिया को 2022 में एआईएफएफ के अध्यक्ष के चुनाव में कल्याण चौबे ने हरा दिया था। इसके बाद भूटिया उनके आलोचक रहे हैं। हाल के दिनों भारतीय फुटबॉल टीम का प्रदर्शन खराब रहा है, जिसके बाद वह और ज्यादा आक्रामक हो गए।

कल्याण चौबे ने कहा कि हम दो नारों में विश्वास करते हैं- पहला फुटबॉल दुनिया को एकजुट करता है और दूसरा भारतीय फुटबॉल एक साथ आगे बढ़ें। ये नारे हमारे साझा दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि एक साथ काम करके हम भारतीय फुटबॉल को और ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।। उन्होंने कहा कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, जहां हर नागरिकों को बोलने की स्वतंत्रता का संवैधानिक अधिकार है।

एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में बाइचुंग भूटिया के पास अपने विचार व्यक्त करने, चिंताओं को उठाने और कई एआईएफएफ कार्यकारी समिति की बैठकों में भारतीय फुटबॉल के विकास और प्रदर्शन की दिशा में रचनात्मक योगदान देने के लिए एक उपयुक्त और सशक्त मंच तक पहुंच है। उन्हें 2 जुलाई की बैठक में बुलाया गया है। चौबे ने कहा कि यह देखा गया है कि सितंबर 2022 के चुनावों में हार के बाद से भूटिया ने जानबूझकर एआईएफएफ पर निराधार आरोप लगाए हैं और महासंघ की विकृत छवि पेश की है। चौबे ने कहा कि इस तरह की हरकतें न केवल महासंघ की प्रतिष्ठा को धूमिल करती हैं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारतीय फुटबॉल पर नकारात्मक रौशनी भी डालती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय फुटबॉल की विकास और बेहतरी के लिए एआईएफएफ हमेशा भूटिया के रचनात्मक सुझावों का स्वागत करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ज्यादातर कार्यकारी समिति की बैठकों में उनका योगदान मुख्य रूप से ठोस प्रस्ताव पेश करने की बजाय पूरे बोर्ड द्वारा सामूहिक रूप से लिए गए फैसलों का विरोध करने पर केंद्रित है। चौबे ने 13 जून को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाइचुंग भूटिया द्वारा संचालित वाणिज्यिक फुटबॉल अकादमियों की सीरीज की आलोचना की थी और फुटबॉल स्कूलों पर परिवारों की भावनाओं से खेलकर अनुचित लाभ उठाने का आरोप लगाया था। चौबे द्वारा लगाए आरोपों का भूटिया ने जवाब देते हुए कहा था कि एआईएफएफ एक सर्कस में बदल गया है और कल्याण चौबे जोकर की तरह काम कर रहे हैं।

## एशिया कप तीरंदाजीः भारत ने जीते दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य

सिंगापुर,(ईएमएस)। भारत के जूनियर तीरंदाजों ने एशिया कप तीरंदाजी टूर्नामेंट के दूसरे चरण में सात पदक जीते, लेकिन पांच फाइनल मुकाबलों में हार की वजह से उन्हें ज्यादातर स्पर्धाओं में रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा है। टूर्नामेंट में भारत ने कुल दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं। भारतीय तीरंदाजों ने रिकर्व और कम्पाउंड के 10 में से सात फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन वे केवल दो बार ही शीर्ष स्थान हासिल कर सके। इस प्रदर्शन में खिलाड़ी अपने से कम रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों से हारे। खासकर ओलंपिक स्पर्धा के रिकर्व वर्ग में भारत एक भी स्वर्ण पदक नहीं जीत सका। रिकर्व पुरुष टीम जो क्वालिफिकेशन के बाद शीर्ष पर थी। फाइनल में जापान के खिलाफ सीधे सेटों में 6-0 से हार गई। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार का प्रदर्शन औसत रहा और वे दो सेटों में भी 50 अंक तक भी नहीं पहुंच सके। मिश्रित टीम फाइनल में भी विष्णु और वैष्णवी पवार की जोड़ी ने कई गलतियां कीं और उन्हें इंडोनेशिया से हार का सामना करना पड़ा। वहीं कम्पाउंड वर्ग ने कुछ राहत दी। कुशल दलाल ने पुरुष व्यक्तिगत फाइनल में 22वीं वरीयता हासिल कर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जोशुआ मैनन को 149-143 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस वर्ग में भारत को कांस्य पदक भी मिला जब सचिन चेची ने हिमू बछाड़ को 148-146 से हराया। महिलाओं की कम्पाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत को एक स्वर्ण और एक रजत पदक मिला क्योंकि फाइनल में मुकाबला भारतीय खिलाड़ियों के बीच ही हुआ।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025: रांची में राजकीय कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री, लोगों के साथ किया योग

# झारखंड के विभिन्न जिलों में योग शिविर का आयोजन







अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर निजी-सरकारी स्कूलों में जहां योगाभ्यास किया गया वहीं राजनेताओं ने भी इसमें बढ़कर हिस्सा लिया बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी चुटिया भाजपा मंडल द्वारा आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लेकर योगा करते देखे गए।

**रांची**: 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को राजधानी रांची सहित राज्यभर में बेहद उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल, कॉलेज, मेडिकल-नर्सिंग कॉलेज एवं अन्य संस्थाओं द्वारा सुबह-सुबह योगाभ्यास के विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गए. वहीं झारखंड का राजकीय कार्यक्रम राजधानी रांची के ओल्ड जेल परिसर स्थित बिरसा फन पार्क में आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के आयुष निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राजकीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, विधानसभा अध्यक्ष और भाजपा के विधायक सीपी सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने योग प्रशिक्षक डॉ. अर्चना के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया. इस कार्यक्रम स्थल पर बड़े एलईडी (LED) स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग कार्यक्रम का भी लोगों ने सीधा प्रसारण देखा।

### सरकार का सपना स्वस्थ और हेल्दी झारखंड बनाने की: स्वास्थ्य मंत्री

इस बार विश्व भर में "एक पृथ्वी, एक स्वस्थ और एक योग" की थीम पर योग दिवस मनाया जा रहा है. इस कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन की सरकार का सपना स्वस्थ और हेल्दी झारखंड बनाने की है और इस सपने को पूरा करने में योग सहायक बनेगा. अपने संबोधन के दौरान उन्होंने मंच पर मौजूद भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री सीपी सिंह को हर दिन योग करने की सलाह दी. साथ ही चुटकी लेते हुए कहा कि इससे न केवल मानसिक तनाव से आप मुक्ति पाएंगे बल्कि आपके दिलो-दिमाग में अच्छी बातें आएंगी.



### 'एक धरती, एक पृथ्वी के मंत्र को आत्मसात कर स्वयं को स्वस्थ रखें'

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर स्कूली बच्चों के साथ योग करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि हमारा देश सबसे युवा देश है और आप बच्चे ऊर्जावान हैं अपनी सकारात्मक ऊर्जा से आप अपने विद्यालय, प्रखंड, जिला, राज्य और देश को एक नई दिशा और दशा दे सकते हैं. इस योग दिवस पर हम एक धरती, एक पृथ्वी के मंत्र को आत्मसात कर स्वयं को स्वस्थ रखें और देश को स्वस्थ बनाकर उसे विश्व गुरु बनाने में अपना सहयोग करें. इस मौके पर विशाखापट्टनम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया. योगाभ्यास के बाद, कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं. इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री और विशिष्ट अतिथियों द्वारा विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया. इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित बड़ी संख्या में आम और खास ने योग कर लोगों को इसके प्रति जागरूक किया।

### ईमानदारी से कहा जाए तो योग को घर घर बाबा रामदेव ने पहुंचाया: सीपी सिंह

रांची विधायक सीपी सिंह ने राजकीय कार्यक्रम के दौरान कहा कि योग के बारे में जानकारी लोगों को बहुत पहले से थी लेकिन अगर ईमानदारी से कहा जाए तो इसे प्रत्येक दिन करने का अभ्यास और पूरे देश को इससे परिचय कराने का काम बाबा रामदेव ने किया. जब टेलीविजन पर योग के कार्यक्रम आने लगा तो मैं देखता था कि लोग ट्रेन के अंदर भी प्राणायाम करने लग जाते थे. आपको हर जगह दोनों उंगलियों को रगड़ते लोग मिल जाएंगे. सीपी सिंह ने कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी बनें तो उन्होंने पूरे पूरे विश्व के पटल पर योग को लाने का काम किया. पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में इसे 21 जून को मनाया जाने लगा. योग करने से मन और तन स्वस्थ रहता है."योग भगाए रोग" और यह भी कहा जाता है कि ऐसे भी "हेल्थ इज वेल्थ". इसलिए हर व्यक्ति को योग और प्राणायाम करना चाहिए और इसमें कई विधियां हैं.

## खूंटी नगर भवन में योग शिविर का आयोजन

**खूंटी**: खूंटी जिला के नगर भवन में योग शिविर का आयोजन किया गया. इसमें विधायक राम सूर्या मुंडा सहित जिला के सभी अधिकारियों और शहरवासियों ने ने योगाभ्यास किया और स्वास्थ्य रहने की कामना की. अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य ही जीवन है और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। खूंटी एसपी ने भी लोगों से स्वस्थ रहने की अपील करते हुए कहा कि यहां नशा एक बड़ा कारण रहा है, जिसके कारण लोग अस्वस्थ रहते हैं. एसपी ने वैसे लोगों से अपील की है कि वो नशे को छोड़ कर अच्छे स्वास्थ्य को ओर आगे बढ़ें।



## हज़ारीबाग जिला आयुष समिति द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन



**हज़ारीबाग**: कोविड अस्पताल नया समाहरणालय परिसर में जिला आयुष समिति, हजारीबाग द्वारा 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त इस्तियाक अहमद ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि करे योग, रहे निरोग, योग को प्रतिदिन के जीवन में अपनाकर हम स्वस्थ, संतुलित एवं सक्रिय जीवनशैली को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।सुबह 6 से 8 बजे तक आयोजित इस योग कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री का योग दिवस पर संदेश का लाइव प्रसारण भी उपस्थित जनसमूह द्वारा देखा गया। कार्यक्रम में जिला नोडल पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार शाही, आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मकरंद मिश्रा, डीपीएम जमाल रिज़वी सहित आर्य कन्या गुरुकुल की छात्राएं, आर्य कन्या गुरुकुल चरही के छात्र-छात्राएं एवं खेल छात्रावास की छात्राएं उपस्थित रहीं।



## धनबाद में लोगों ने किया योग

**धनबाद**: धनबाद में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर निरसा, एग्यारकुंड, मैथन और चिरकुंडा में कई कार्यक्रमों का आयोजन कियाा गया. विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग शिविरों में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और योग के महत्व व लाभों को समझा। इस अवसर पर सीओ कृष्णा मरांडी, बीडीओ मधु कुमारी, प्रखंड प्रमुख संगीता महतो, चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी और समाजसेवी रंजीत महतो सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला.

## संक्षिप्त खबरें

### रांची-पतरातू मार्ग पर भू-धंसान से सड़क बंद



**रामगढ़**: रांची-पतरातू मुख्य मार्ग पर सौंदा डी (भुरकुंडा सयाल) के पास सड़क का एक बड़ा हिस्सा धंस गया है, जिससे यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है. लगातार हो रही बारिश को इस भू-धंसान का तात्कालिक कारण माना जा रहा है. लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या क्षेत्र में कोयले के अत्यधिक खनन के कारण उत्पन्न हुई है. हाल ही में हुई भारी बारिश के बाद रांची-पतरातू मार्ग पर सौंदा डी के पास सड़क का लगभग आधा हिस्सा जमीन में समा गया. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सीसीएल प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से मुख्य मार्ग को बंद कर दिया है. किसी भी संभावित दुर्घटना से बचने के लिए, धंसे हुए क्षेत्र को ईंट-पत्थरों से घेरकर चिह्नित किया गया है. चौंकाने वाली बात यह है कि धंसे हुए स्थल के आसपास से लगातार धुआं निकल रहा है, जो भूमिगत आग की आशंका को बल देता है. यह आग भूमिगत कोयला खदानों में होने वाले दहन के कारण हो सकती है.

### पलामू: नकली शराब के कारोबार का भंडाफोड़

**पलामू**: छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चिल्होकला में पुलिस ने नकली शराब के कारोबार का भंडाफोड़ किया है. भारी मात्रा में तैयार नकली शराब, स्टीकर, ढक्कन समेत अन्य सामग्री बरामद की है. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध कारोबार में लिप्त एक व्यक्ति राजेश सिंह को गिरफ्तार किया है. राजेश सिंह के घर से इम्पीरियल ब्लू, रॉयल स्टैग, स्टीरलिंग रिजर्व और रॉयल गोल्ड अप जैसे ब्रांड के नाम पर तैयार शराब की 2,000 से अधिक बोतलें, स्टीकर की 11 लरी, 3000 पीस ढक्कन व 200 खाली बोतलें बरामद की गईं. आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में कई अन्य तस्करों के नाम उजागर किए हैं. इस अवैध धंधे में लिप्त अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है.

### देवघर: सब रजिस्ट्रार मनोज की हार्ट अटैक से मौत

**देवघर**: देवघर के सब रजिस्ट्रार मनोज कुमार की शनिवार सुबह हार्ट अटैक से मौत हो गई. वह 47 वर्ष के थे और देवघर में पदस्थापित थे.मनोज कुमार ने शनिवार सुबह करीब 9 बजे नाश्ता करने के बाद ब्लड प्रेशर की दवाई खाई. कुछ देर बाद उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी, जिसके बाद उन्होंने अपने ड्राइवर नीरज को डॉक्टर के पास ले जाने को कहा. गाड़ी में बैठते ही उनकी तबीयत और बिगड़ने लगी, इसके बाद उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलने पर देवघर के सभी प्रशासनिक पदाधिकारी सदर अस्पताल पहुंचे और शोक व्यक्त किया.

### हजारीबाग: पुलिस के जवान की गोली लगने से मौत

**हजारीबाग**: पुलिस के जवान की गोली लगने से मौत हो गई. यह घटना कटकमदाग थाना क्षेत्र के बानादाग साइडिंग में शनिवार को हुई है. जहां स्टेट इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (एसआईएसएफ) के जवान मिथलेश यादव की मौत हो गई. जवान की मौत यूनिट-7 एसआईएसएफ कैंप में हुई. मिथलेश यादव गढ़वा जिले के रहने वाले थे. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जवान पैर फिसलने से गिर पड़े और इस दौरान उनकी सर्विस राइफल से अचानक गोली चल गई. गोली उन्हीं को लगी, जिससे मौके पर ही मिथलेश की मृत्यु हो गई. इससे पहले हजारीबाग में पुलिस के एक जवान की गाड़ी से कुचलकर मौत हो गई. हज़ारीबाग़ शहर के कोर्रा थाना पुलिस के दो जवान बीती रात गश्त के दौरान दुर्घटना के शिकार हो गए. इस दुर्घटना में हजारीबाग जिला बल के नंदलाल ठाकुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि गणेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए. वहीं गणेश सिंह को आरोग्यम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया. जहां से बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है.

## गिरिडीह: 20 हजार घूस लेते बैंक अधिकारी गिरफ्तार

**गिरिडीह**: सीबीआई की टीम ने गिरिडीह मे बडी कार्रवाई की। गिरिडीह बैंक ऑफ़ इंडिया के पचम्बा कल्याणडीह शाखा के ग्रामीण स्वरोजगार ट्रेनिंग केन्द्र के निदेशक सह वरीय शाखा प्रबंधक अभिषेक कमल को 20 हजार घूस लेते रंगेहाथ दबोचा है । जानकारी के अनुसार धनबाद सीबीआई के अधिकारी ने शुकवार देर रात केन्द्र के निदेशक अभिषेक कमल को गिरफ्तार कर अपने साथ धनबाद लेकर चले गए।


मिली जानकारी के अनुसार टीम मे करीब दर्जन भर अधिकारी शामिल थे। शुक्रवार शाम को ही सीबीआई धनबाद डीएसपी पाठक के नेतृत्व मे गिरिडीह पहुंचे थे। ट्रेनिंग केन्द्र के निदेशक अभिषेक कमल को केन्द्र के अंदर संचालित कैंटीन संचालक से 20 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया। कैंटीन संचालक के टेंडर



मे सहयोग करने के लिए केन्द्र के निदेशक सह बैंक ऑफ़ इंडिया के वरीय प्रबंधक अभिषेक कमल से 20 हजार का मांग किया गया था । इसके बाद कैंटीन संचालक ने मामले कि जानकारी धनबाद सीबीआई को दिया। सीबीआई के अधिकारी गिरिडीह के पचम्बा कल्याडीह ग्रामीण स्वरोजगार केन्द्र पहुंच कर कार्रवाई मे जुट और देर रात कैंटीन संचालक से 20 हजार नकद घूस लेते रंगेहाथ दबोचा ।

## पूर्व सांसद साधु यादव ने लेखक मृत्युंजय शर्मा को भेजा पांच करोड़ का मानहानि नोटिस

**रांची**: राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के साले और पूर्व सांसद साधु यादव ने लेखक मृत्युंजय शर्मा को उनकी पुस्तक ब्रोकन प्रोमाइसेस और राज शमानी के पॉडकास्ट में दिए बयानों के लिए पांच करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा है। शर्मा ने साधु यादव पर गंभीर आरोप लगाए है। आरोपों में 1999 के शिल्पी-गौतम डबल मर्डर केस में कथित संलिप्तता, 1997 में छात्र नेता चंद्रशेखर की हत्या के विरोध में जेएनयू छात्रों पर गोली चलाने का आदेश, 2002 में रोहिणी आचार्य की शादी के दौरान पटना में लूटपाट, साधु यादव ने इन आरोपों को मानहानिकारक बताते हुए अपनी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचने का दावा किया।




शर्मा ने जवाब में कहा, "मैंने बिहार के जंगलराज का सच लिखा। न माफी मांगूंगा, न डरूंगा। उन्होंने साधु यादव पर पहले भी कॉल करने का आरोप लगाया और अपने एवं अपने परिवार को किसी हानि के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया।

## देवघर एम्स के इमरजेंसी वार्ड की हुई शुरुआत

# सांसद निशिकांत दुबे ने कहा जल्द ही दिल्ली एम्स की करेंगे बराबरी

**देवघर**: योग दिवस के मौके पर झारखंड के देवघर स्थित एम्स में 30 बेड वाले इमरजेंसी के साथ 20 वेंटिलेटर की शुरुआत की गई. इस मौके पर गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे और एम्स के निदेशक डॉक्टर सौरव वार्ष्णेय भी मौजूद रहे. उद्घाटन के बाद सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि देवघर एम्स आने वाले कुछ वर्षों में देश का सबसे बेहतर एम्स के रूप में देखा जाएगा.

सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि 30 बेड के इमरजेंसी ब्लॉक की शुरुआत होते ही अन्य सारी व्यवस्थाओं को भी कुछ दिनों में दुरुस्त कर दिया जायेगा. उन्होंने एम्स प्रबंधन के द्वारा की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की. सांसद ने कहा कि शायद पहली बार किसी एम्स के इमरजेंसी ब्लॉक में येलो, ग्रीन और रेड वार्ड बनाए गए हैं, जिससे मरीज को उनकी बीमारी के हिसाब से अलग-अलग श्रेणी में रखा जा सके.






**एम्स निदेशक के अनुभव का देवघर एम्स को मिलेगा लाभ- सांसद निशिकांत दुबे**: एमपी निशिकांत दुबे ने कहा कि एम्स के निदेशक सौरव वार्ष्णेय वर्तमान में पटना एम्स के भी निदेशक हैं. इससे पहले वह ऋषिकेश एम्स के निदेशक रह चुके हैं. इसीलिए उनके पास अत्यधिक अनुभव है. सांसद ने कहा उन्हें उम्मीद है कि निदेशक के इस अनुभव का लाभ देवघर एम्स को जरूर मिलेगा.

वहीं उन्होंने बताया कि एम्स के निदेशक के प्रयास से देवघर का एम्स दिन प्रतिदिन प्रगति कर रहा है और आने वाले कुछ वर्षों में दिल्ली एम्स की तुलना में देवघर का एम्स अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ लोगों के बीच होगा.

**ब्लड बैंक का जल्द इंतजाम किया जाएगा- एम्स निदेशक**: उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद देवघर एम्स के निदेशक डॉक्टर सौरव वार्ष्णेय ने बताया कि न्यूरोलॉजी, ब्लड बैंक और कार्डियोलॉजी विभाग को जल्द ही दुरुस्त कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि वर्तमान में ब्लड बैंक नहीं होने के कारण इमरजेंसी डिपार्टमेंट में आने वाले वैसे मरीजों को भर्ती करने में एम्स फिलहाल असमर्थ होगा, जिन्हें अत्यधिक ब्लड की आवश्यकता हो सकती है. देवघर एम्स के निदेशक डॉ सौरव वार्ष्णेय ने कहा कि वह एम्स के निदेशक होने के नाते इस प्रयास में जुटे हुए हैं कि जल्द से जल्द एम्स के लिए ब्लड बैंक का लाइसेंस अप्रूव्ड हो और न्यूरोलॉजी एवं कार्डियोलॉजी विभाग में अन्य व्यवस्थाओं का इंतजाम जल्द किया जाए. जिससे हर तरीके के मरीजों को एडमिट एम्स में आसानी से और तुरंत किया जा सके.

### झारखंड : तीन दिनों के बाद मौसम हुआ साफ, आम जन-जीवन को मिली राहत


**रांची**: झारखंड के विभिन्न जिलों में शनिवार को मौसम साफ होने से आम जनजीवन को राहत मिली। राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में शनिवार की सुबह से मौसम आंशिक रूप से साफ हुआ। बाद में बादल हटने से हल्की धूप भी निकाली। इधर, मौसम विभाग के अनुसार 26 जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। वहीं कुछ इलाकों में भारी बारिश होने की भी आशंका है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश रांची के मंदार में 210.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। ईद दौरान सबसे अधिक अधिकतम तापमान डालटेनगंज में 29.6 डिग्री, और लातेहार में 21.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 23.9, जमशेदपुर में 26 डिग्री, डालटेनगंज में 28.6, बोकारो में 28.1 और चाईबासा में 25.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया।


# ओड़िशा के कटक स्थित श्री श्री विश्वविद्यालय में 'योग संगम'

## जीवन के लिए श्वास की तरह योग हो अपरिहार्य, कार्यक्रम में 1100 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल

**को. सं. संवाददाता राँची/कटक**: ओड़िशा के कटक स्थित श्री श्री विश्वविद्यालय में 'योग संगम'। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संपूर्ण विश्वविद्यालय ने योगमुद्रा में बिलीन होता देखा गया। इस वर्ष की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" को ध्यान में रखते हुए लगभग 1100 से अधिक प्रतिभागी विश्वविद्यालय परिसर में एकत्रित हुए। इस मेगा इवेंट में विश्वविद्यालय के कार्मिक निर्देशक स्वामी सत्यचैतन्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उपस्थित प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, "जीवन धारण के लिए जैसे श्वास अपरिहार्य है, वैसे ही योग भी उतना ही आवश्यक है। हमारी सोच और दृष्टिकोण में भी इसका प्रतिफलन होना चाहिए।" स्वामीजी के इस वक्तव्य ने उपस्थित सभी लोगों के मन में गहरी छाप छोड़ी।

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से श्री श्री विश्वविद्यालय में यह मेगा कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रतिभागियों में कई वेद विद्यालयों के छात्र तो थे ही, साथ ही एनडीआरएफ और





सीआईएसएफ के जवानों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। इनके साथ आदर्श विद्यालय, गुरुकुल अरिहंत स्कूल, केंद्रीय विद्यालय आदि से भी विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए। सीआईएसएफ सब-इंस्पेक्टर मुलतान सिंह के नेतृत्व में 200 जवान, एनडीआरएफ इंस्पेक्टर संदीप कुमार के नेतृत्व में लगभग 50 जवान, केंद्रीय विद्यालय के 50 विद्यार्थी, आदर्श विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षक क्षीरोदकांत महापात्र के नेतृत्व में 100 विद्यार्थी और गुरुकुल अरिहंत के कार्यनिबाही ज्ञानरंजन नायक के नेतृत्व में लगभग 100 विद्यार्थी शामिल हुए। इतना ही नहीं, राज्य सड़क और परिवहन विभाग के लगभग 50 प्रशिक्षु अधिकारी भी इस कार्यक्रम में भाग लेकर योगाभ्यास में सम्मिलित हुए। उनके साथ विश्वविद्यालय के सभी विभागों के डीन, प्राध्यापक, सहयोगी और सहायक प्राध्यापक, शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी 'योग संगम' का हिस्सा बने। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से 30 "योग थेरेपी फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम" की भी औपचारिक घोषणा की गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा, एडमिन ऑफिसर एवं योग प्रशिक्षक सौरभ बावेज़ा, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रोफेसर डॉ. जोइता मंडल, आयुर्वेद कॉलेज के डिप्टी डीन प्रोफेसर डॉ. दुर्गा प्रसाद दाश प्रमुख रूप से उपस्थित थे। साथ हि राजश्री प्रियदर्शिनी के नेतृत्व में 21 बीएससी नर्सिंग छात्राएँ और कृतिका रामटेके एवं प्राग्भारद्वाज के नेतृत्व में एनवाईके कार्यक्रम के 8 विद्यार्थी इस मेगा इवेंट में अनुशासन व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, जिनके प्रयासों ने योग संगम को एक सहज, सुरम्य और सजीव योग क्रिया का रूप दे दिया। अंततः, 'योग संगम' एक दिन की स्मृति नहीं एक जीवन की पुनः स्थापना बन गया।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मेदार।